CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

मुरादाबाद, गुरुवार 17 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 337 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया
पेज 2



रूट ने फिर हासिल की नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग
खेल टाइम्स



'एक्सोलोटल' की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर
सम्पादकीय



यूएस को भारतीय मार्केट में पहुंच मिलने वाली है: ट्रम्प
पेज़ 12

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को कैबिनेट की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- हर साल खर्च होंगे 24000 करोड़ रुपये
- 100 जिले शामिल होंगे
- भंडारण व सिंचाई सुविधा में होगा सुधार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने 36 योजनाओं को मिलाकर 24,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह ऐलान किया है। सरकार ने एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये की भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कैबिनेट ने एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 20,000 करोड़ रुपये की मंजूरी देने पर भी अपनी मुहर लगा दी है। मंत्रिमंडल ने बुधवार को छह साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हर वर्ष 24,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसमें 100 जिले शामिल होंगे। केंद्रीय बजट में घोषित यह कार्यक्रम 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत करेगा और फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद देगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णय के बारे में जानकारी साझा करते हुए, सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम धन-धान्य कृषि योजना से फसल के बाद भंडारण में वृद्धि होगी, सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की संभावना है। सरकार ने बुधवार को एनएलसी इंडिया को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनआईआरएल में 7,000 करोड़ रुपये निवेश करने की अनुमति दे दी। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की ओर से लिया गया।

## पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

पटना, वार्ता

- दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा
- पायलट ने गो- अराउंड प्रक्रिया अपनाई

**पटना एयरपोर्ट** पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया।

उन्होंने फौरन गो- अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे को लेकर फिर सवाल खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात नौ बजे दिल्ली से आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट जीई 2482 ने लैंडिंग के दौरान रनवे के निर्धारित टचडाउन जोन को पार कर दिया।

### मंत्रिमंडल ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला और इसरो को दी बधाई

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक्सिओम-4 मिशन की सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए इसमें शामिल भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की टीम को एक प्रस्ताव पारित कर बधाई दी है। मंत्रिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह मिशन विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगा और इसने भारत को भविष्य के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लक्ष्य के एक कदम और करीब पहुंचा दिया है। भारत अब मानव अंतरिक्ष मिशन की बड़ी शक्तियों में से एक बनने की ओर अग्रसर है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंत्रिमंडल ने देश की इस महान उपलब्धि पर प्रस्ताव पारित कर ग्रुप कैप्टन का अभिनंदन किया।

### बाल पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों पर पुरस्कृत करने की योजना के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन मांगे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार 2025 के लिए दिए जाने वाले पुरस्कारों के वास्ते नामांकन किए जा रहे हैं और इसके लिए 31 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार के लिए आवेदन इस साल पहली अप्रैल से शुरू हो गए थे और आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इस पुरस्कार के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर ही आवेदन किया जा सकता है।

### भारत सत्यजीत रे की संपत्ति को संग्रहालय बनाने के लिए सहयोग देने को तैयार

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के मैमनसिंह में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और साहित्यकार सत्यजीत रे की पैतृक संपत्ति को गिराए जाने पर खेद व्यक्त करते हुए बांग्लादेश सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और इस जगह को संग्रहालय बनाए जाने पर विचार करने को कहा है। भारत ने कहा है कि वह इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सहयोग देने को तैयार है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार देर रात एक वक्तव्य जारी कर कहा कि बांग्लादेश के मैमनसिंह में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और साहित्यकार सत्यजीत रे की पैतृक संपत्ति, जो उनके दादा और प्रख्यात साहित्यकार उपेंद्र किशोर रे चौधरी की थी को ध्वस्त किया जाना कष्टदायक है। वक्तव्य में कहा गया है कि यह संपत्ति अभी बांग्लादेश सरकार के स्वामित्व में है और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इमारत की ऐतिहासिक स्थिति को देखते हुए जो बांग्ला सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है, यह बेहतर होगा कि इसके विध्वंस पर पुनर्विचार किया जाए।

## कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते

### विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही

शाह टाइम्स ब्यूरो



- स्वदेशी एडवांस टेक्नोलॉजी जरूरी: सीडीएस अनिल चौहान

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि विदेश से इम्पोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध की तैयारियां कमजोर करती है। सीडीएस ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही है।

ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी सी-यूएएस (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। सीडीएस ने ये बातें दिल्ली के मानेकशा सेंटर में यूएवी और सी-यूएएस की प्रदर्शनी में कहीं। युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल पर जनरल चौहान ने कहा कि मुझे लगता है कि ड्रोन्स इवॉल्यूशनरी हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमारे लड़े गए कई युद्धों में आपने यह देखा है। हम इम्पोर्टेड टेक्नोलॉजी पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि यह हमारे युद्ध और डिफेंस ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है। उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को कम करती है। इससे अहम मैकेनिकल पार्ट्स की कमी होती है।

### ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचें भारतीय नागरिक : भारतीय दूतावास

**नई दिल्ली।** ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों से ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है। दूतावास नेकहा कि पिछले कई हफ्तों के सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की अनावश्यक यात्रा करने से पहले मौजूदा स्थिति पर ध्यानपूर्वक विचार करें। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक ताजा क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर नज़र रखें और भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी परामर्शों का पालन करें। ईरान में रहने वाले और स्वदेश वापस लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों के लिए दूतावास ने कहा है कि उनके पास यह विकल्प है।

### अदालतों में टॉयलेट की कमी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, सरकारों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए। उचित स्वच्छता पाना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन ने बुधवार को सुनवाई के दौरान सभी हाईकोर्ट को रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 हफ्ते का समय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर इस बार रिपोर्ट नहीं आई, तो हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को खुद सुप्रीम कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा।

## 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इस बात का सबूत, फिल्म के खिलाफ हमारी कानूनी लड़ाई सही: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली।** उदयपुर फाइल्स नाम की विवादित हिंदी फिल्म की रिलीज़ पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार तक के लिए रोक को बरकरार रखा है, यानी अदालत ने फिल्म निर्माता को कोई राहत देने से इन्कार कर दिया है।

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इस पर स्टे लगाया था। फिल्म निर्माता की ओर से दाखिल की गई याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। फिल्म निर्माता की ओर से वकील गौरव भाटिया एवं भाजपा प्रवक्ता ने बहस करते हुए कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला असंवैधानिक है, क्योंकि हाईकोर्ट ने मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए महज़ दो दिनों में फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगा दी, जबकि मेरे मुवक्किल के पास सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट है। गौरव भाटिया ने यह भी कहा कि फिल्म की रिलीज़ रुकने से निर्माता को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। हालांकि, अदालत ने भाजपा प्रवक्ता एवं एडवोकेट गौरव भाटिया की दलीलों से सहमति नहीं जताई और कहा कि मौलाना अरशद मदनी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार की याचिका दी है, जिस पर बुधवार दोपहर 2:30 बजे सुनवाई होनी है। ऐसे में अभी फिल्म की रिलीज़ पर लगी रोक हटाना उचित नहीं होगा। अदालत ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सही है या नहीं, इस पर बाद में फैसला होगा। फिलहाल, मंत्रालय को मौलाना मदनी की याचिका पर -**शेष पृष्ठ दो पर**

### सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ SIT जांच पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ हरियाणा के एसआईटी की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि यह गलत दिशा में जा रही है। पीठ ने प्रो. महमूदाबाद को बार-बार बुलाने पर सवाल उठाए और आगे बुलाने पर रोक लगाते हुए एसआईटी से कहा कि आपको उनकी नहीं, बल्कि एक शब्दकोश की जरूरत है। पीठ ने यह स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को जांच में शामिल होने के लिए फिर से बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है। पीठ ने शीर्ष अदालत के आदेश पर एसआईटी को प्रोफेसर के खिलाफ उनके विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में दर्ज दो मुकदमों तक ही अपनी जांच सीमित रहने का निर्देश दिया।

### केरल में निपाह वायरस के 675 मामले सामने आए

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में 675 लोग निपाह वायरस से संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए हैं। इनमें से 38 उच्चतम जोखिम की श्रेणी में और 139 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार शाम को इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 675 लोग निपाह संक्रमण की सूची में हैं। सुश्री जॉर्ज ने बताया कि पलक्कड़ में 347, मलप्पुरम में 210, कोझिकोड में 115, एर्नाकुलम में दो और त्रिशूर में एक मामला सामने आए हैं। मलप्पुरम में एक व्यक्ति वर्तमान में आईसीयू में भर्ती है।

## छांगुर बाबा की रिमांड खत्म, भेजे गए जेल


**लखनऊ।** बलरामपुर के उतरौला में अवैध रूप से धर्मांतरण और आतंकी फंडिंग के आरोप में पांच जुलाई को गिरफ्तार किए गए जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नसरीन की रिमांड बुधवार को समाप्त हो गई।

दोनों की रिमांड समाप्त होने के बाद एटीएस की टीम ने मेडिकल कराने के बाद जेल शिफ्ट कर दिया। कोर्ट ने छांगुर और उसकी सहयोगी नसरीन को 10 जुलाई को रिमांड पर भेजा था। पिछली तीन जुलाई को लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के बैनर तले धर्म परिवर्तन कर चुके 15 लोगों की हिंदू धर्म में वापसी कराई गई थी। कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने उतरौला में धर्म परिवर्तन का काम कर रहे जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के ऊपर बड़ा आरोप लगाया था। साथ ही उन्होंने मीडिया में उसके धर्मान्तरण और आतंकी फंडिंग को लेकर बड़े दावे किए थे।

## अकबर क्रूर, लेकिन सहिष्णु, औरंगजेब कट्टर धार्मिक

### एनसीईआरटी की किताब में मुगल काल की नई समीक्षा, कक्षा आठ के सिलेबस में हुआ शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो




एनसीईआरटी की नई किताब का कवर और किताब में अकबर की नई तस्वीर।

- किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में होगी लागू
- मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार लिखा गया

**नई दिल्ली।** अकबर का शासन क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण था, जबकि औरंगजेब एक सैन्य शासक था जिसने गैर-इस्लामी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया और गैर-मुसलमानों पर टैक्स लगाया।

मुगल काल की ये नई समीक्षा एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में शामिल की गई है। एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार लिखा गया है। इसके साथ बताया गया कि बाबर ने 1526 में पानीपत की लड़ाई में बारूद और तोपखाने की मदद से इब्राहिम लोदी को हराया और दिल्ली सल्तनत का अंत कर दिया। बाबर का बेटा हुमायूं साम्राज्य को बचाए रखने के लिए संघर्ष करता रहा और एक समय के लिए उसने शेर शाह सूरी से हारकर साम्राज्य खो भी दिया था। किताब में बताया गया है कि कैसे शेर शाह सूरी के हिंदू सेनापति हेमू को अकबर की सेना ने पकड़ा और पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद सिर कलम कर दिया। अकबर के शासन को किताब में क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण बताया गया है। लिखा गया है कि 1568 में चित्तौड़ के किले की घेराबंदी के दौरान अकबर ने लगभग 30,000 नागरिकों की हत्या और बचे हुए महिलाओं और बच्चों को गुलाम बनाने का आदेश दिया था। इसके अलावा अकबर ने जजिया कर समाप्त किया, राजपूतों का स्वागत अपने दरबार में किया और सुल्ह-ए-कुल यानी सभी से शांति की नीति को बढ़ावा दिया। उसने -**शेष पृष्ठ दो पर**

## स्वर्ण मंदिर को तीसरी बार मिली बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़, वार्ता

- फर्जी आईडी से भेजा गया ई-मेल

**अमृतसर स्थित** स्वर्ण मंदिर को पिछले कुछ दिनों में तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद मंदिर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को एक फर्जी ई-मेल आईडी से मेल मिला है, जिसमें मंदिर के अंदर आरडीएक्स से भरे पाइपों से विस्फोट करने की धमकी दी गई है। सुरक्षा कारणों से संदेश के विवरण का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन बम निरोधक दस्ते और खोजी स्वानों को विस्फोटक खोजने में लगाया गया है। एसजीपीसी और अमृतसर पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### दिल्ली के स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों को लगातार तीसरे दिन बुधवार को पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस के अनुसार द्वारका के सेंट थॉमस, वसंत कुंज के वसंत वैली स्कूल, हौज खास स्थित मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल और लोदी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

# भारतीय मानक एवं उपभोक्ता अधिकारों पर कार्यक्रम

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दी जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजित कौर के मार्गदर्शन में आज पूर्वाहन स्थानीय विकास भवन भागार में भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), देहरादून के सहयोग से 'भारतीय मानक एवं उपभोक्ता अधिकारों' पर जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत BIS देहरादून के प्रमुख एवं निदेशक सौरभ तिवारी द्वारा सभागर में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भारतीय मानकों, उपभोक्ता अधिकारों, गुणवत्ता प्रबंधन और मानकीकरण से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि BIS के मानक केवल उत्पादों की गुणवत्ता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उपभोक्ता स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं समग्र जीवन गुणवत्ता से सीधे जुड़े हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि BIS प्रमाणन से न केवल बाजार में उत्पाद की विश्वसनीयता बढ़ती है, बल्कि उपभोक्ता का विश्वास भी सुदृढ़ होता है। तदोपरान्त BIS के संयुक्त निदेशक सचिन चौधरी द्वारा BIS CARE ऐप तथा BIS की वेबसाइट के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों, हॉलमार्किंग, प्रमाणन प्रणाली, नकली उत्पादों से बचाव एवं शिकायत समाधान प्रक्रिया पर प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उपभोक्ता BIS CARE ऐप के माध्यम से प्रमाणन से जुड़ी जानकारी ले सकते हैं और अपनी शिकायत दर्ज भी कर सकते हैं।

उक्त कार्यक्रम में विदुर ब्रांड के स्वयं सहायता समूह (SHG) द्वारा निर्मित मसाले, खाद्य पदार्थ इत्यादि उत्पादों के संबंध में BIS प्रमाणन की आवश्यकता, प्रक्रिया और लाभ पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया गया कि BIS प्रमाणन से न केवल उत्पाद की विश्वसनीयता बढ़ती है, बल्कि विपणन के नए अवसर भी प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त एनआरएल वीरेन्द्र यादव, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अमित जुरेल, सीएमओ, सीवीओ, इरीगेशन विभाग के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी, डीपीआरओ, नगर निगम के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उपभोक्ता संघ के प्रति. निधि एवं स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गांव धर्मपुरा के ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को किया सम्मानित

## बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए जताया आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** क्षेत्र के गांव धर्मपुरा के निकट पीली बांध जलाशय का बंधा लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में था। वर्षा काल में धारा नदी के तेज प्रवाह से बंधा टूटने पर इसके निकटवर्ती गांवों में बाढ़ का खतरा बना हुआ था।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2010 में भी धारा नदी के तेज प्रवाह से यह बंधा टूट गया था। कुछ दिन पूर्व निहाल सिंह, गुरमेल सिंह, कुलविंदर सिंह, दयाल सिंह, नसीब सिंह, सुरेशपाल, मलकीत सिंह, बलविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह आदि ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन को इस समस्या से अवगत कराकर क्षतिग्रस्त बंधें की मरम्मत व सुदृढ़ीकरण कराने की मांग की थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा और सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन ने क्षतिग्रस्त बंधे का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके पश्चात अधिशासी अभियंता के निर्देशन में सिंचाई विभाग द्वारा पोकलेन व जेसीबी मशीन लगाकर पीली बांध जलाशय के लगभग एक किलोमीटर लंबे बंधे पर मिट्टी डलवाकर मरम्मत का कार्य तेजी से पूर्ण कराया गया, जिससे बाढ़ की आशंका से आसपास के गांवों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई और ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली। बंधे की मरम्मत का कार्य पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने बुधवार को गांव धर्मपुरा में स्थित गुरुद्वारे में एक समान समारोह का आयोजन किया, जिसमें अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन, अवर अभियंता गजेंद्र कुमार, शिवेंद्र भारद्वाज आदि अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# रिक्शा चालक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत



## दो दिन पूर्व रेलवे यार्ड पर मिला था शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के धनौरा रोड स्थित दिल्ली कालागढ़ रेलवे क्रासिंग के समीप रात्रि में एक व्यक्ति की रेलवे ट्रेक से सटी रेलवे लाईन पर लाश पड़ी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर जीआरपी रेलवे पुलिस इंचार्ज वीके कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव के बारे मे जानकारी हासिल की।

सूचना पाकर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और मृतक की शिनाख्त मौहल्ला शाहचंदन निवासी हाशिम अंसारी रिक्शा चालक के रूप में की। रेलवे पुलिस के अनुसार संभवत: मृतक की 15/16 जुलाई की रात्रि में दिल्ली देहरादून मसूरी एक्सप्रेस की चपेट में आकर मौत हुयी है। मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक हाशिम (60 वर्ष) बर्फ बेचने और रिक्शा चलाने का काम करता था। मृतक की मौत का कारण ज्ञात नहीं हो सका और न ही उसके परिजनों ने किसी तरह की कोई बात कही। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम की तैयारी करनी शुरू कर दी थी। गौरतलब है कि दो दिन पहले भी एक व्यक्ति की लाश रेलवे यार्ड उत्तर दिशा में पड़ी मिली थी।

# शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का धरना

## लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र डीआईओएस को सौंपा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ जनपद बिजनौर के बैनर तले आज शिक्षणेत्तर व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के कार्यालय पर धरना दिया। संघ की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा गया।

माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के सभी शिक्षणेत्तर व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने शासन में लंबित मांगों को लेकर बिजनौर में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया। संघ के संघर्ष समिति संयोजक व बिजनौर जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने कहा प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांग व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित वेतन आदि की मांगों को लेकर सरकार गंभीर नहीं है, जिससे शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। सरकार की तरफ से लगातार आश्वासन दिया जाता है कोई भी शासनादेश जारी नहीं किया है। मंडल उपाध्यक्ष अनुज कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ उपेक्षित व्यवहार कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला मंत्री योगेश कुमार व कार्यकारी अध्यक्ष अंशुल शर्मा ने स्पष्ट किया जब तक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर शासनादेश जारी नहीं किया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शिक्षणेत्तर कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण, चिकित्सा सुविधा, वेतन विसंगति दूर करने, प्रबंध समिति में भागेदारी, लिपिक पद पर पदोन्नति में ट्रिपल सी की बाध्यता समाप्त करने, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित वेतन सुनिश्चित करने की मांग को लेकर धरना दिया। धरने स्थल पर शिक्षणेत्तर संघ की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर जय करन यादव को मुख्यमंत्री व अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा को संबोधित मांग पत्र दिया गया।

धरने पर जिवेन्दर कुमार, रामचरण सिंह, अखिलेश कुमार, सतेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार, अनुराग भारद्वाज, राकेश कुमार, अरूण कुमार, पीयूष कुमार, महीपाल सिंह, हिमांशु कुमार, रोहित कुमार, निशांत, सुखवीर सिंह, चंद्रमोहन, राजेन्द्र कुमार, खूब सिंह, राम रतन सिंह देव, मौ. अरशद, गौरव राज, शिवानी, भीमसेन हल्दिया, देवराज, संजय गोले, अरशद अली, शिवनंदन यादव आदि ने भाग लिया।

# दोस्त के घर गए व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** गांव तेलीपुरा में दोस्त के घर गए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

ग्राम धर्मपुरा निवासी 52 वर्षीय मगन सिंह का शव तेलीपुरा गांव की सड़क पर पड़ा मिला। एक अज्ञात व्यक्ति का शव गांव की सड़क पर पड़ा हुआ मिलने पर गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाते ही पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी मिली है कि मृतक अपने मित्र के साथ छत पर सोया था और छत पर रेलिंग नहीं थी। इसलिए मृतक के छत से गिरकर मरने की आशंका जताई जा रही है। उधर शिनाख्त होने पर ग्रामीणों द्वारा मृतक के परिजनों को भी सूचित किया गया, जिससे परिजन भी तुरंत मौके पर पहुंचे। मगन सिंह को फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मगन सिंह ब्राह्मण वाला में सफाई कर्मी थे। उनके परिवार में एक बेटा बंटी और एक बेटी पूजा हैं। वह अपने बेटे की शादी की तैयारियों में जुटे हुए थे। उनकी अचानक मौत से परिवार में शोक की लहर है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पर्यावरण गोष्ठी एवं पौधारोपण कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर में आज पर्यावरण गोष्ठी एवं पौधारोपण कार्यक्रम को मनाया गया।

बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पर्यावरण गोष्ठी एवं पौधारोपण कार्यक्रम को धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदीप गुप्ता प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती मेरठ प्रांत, डॉ. शिवम गोयल क्षेत्र पर्यावरण प्रमुख पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, अनिल अग्रवाल उद्योगपति एवं उपाध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा समिति मेरठ, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा विद्यालय के प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल के सुपुत्र सिद्धार्थ अग्रवाल आदि ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके पुष्पार्चन करके किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का विद्यालय के आचार्य खिलेंद्र सिंह एवं प्रवेंद्र कुमार द्वारा वैज लगाकर स्वागत किया गया।

इस शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदीप गुप्ता प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती मेरठ प्रांत, संभाग निरीक्षक उपेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. शिवम गोयल, अनिल कुमार प्रांत समरसता प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत, बृजबाला गुप्ता प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर मेरठ, प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर नहटौर आदि को बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, विनेशपाल सिंह, सिद्धार्थ अग्रवाल, प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य विवेक अग्रवाल आदि के द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

प्रदीप गुप्ता प्रांत संगठन मंत्री विद्या भारती मेरठ प्रांत के द्वारा छात्र एवं छात्राओं को पर्यावरण के महत्व के बारे मे बताया गया। पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं उसे हरा भरा बनाए रखने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाने का आह्वान किया गया। इसके पश्चात सभी पदाधिकारी ने मैदान में जाकर अनेक पेड़ लगाए और उन्हें पानी देकर सींचा गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कक्षा द्वादश ब के छात्र गौतम कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक कुमार दक्ष, नीतू सिंह, अशोक कुमार, नकुल कुमार, अमित कुमार, कपिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, अनुज कुमार, जोगेंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह, शैलेंद्र कुमार, रंजना शर्मा, संगीता रानी, बिजेंद्र कुमार, आशू चौहान, अशोक कुमार, दीपा शर्मा, अदिति प्रजापति आदि का सहयोग रहा।

# चांदपुर और धनोरा चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ना विकास कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चांदपुर और धनोरा चीनी मिल क्षेत्रों में गन्ना विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक कृषि पद्धतियों और चीनी मिल द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग की सराहना की गई।

इस दौरान ड्रोन छिड़काव, ट्रेंच प्लांटिंग और अन्य उन्नत तकनीकों के सफल क्रियान्वयन को प्रमुखता से देखा गया। ड्रोन छिड़काव: गन्ना प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव ग्राम अखलाकपुर में चीनी मिल द्वारा कराए जा रहे ड्रोन छिड़काव का निरीक्षण किया गया। कृषक ब्रजपाल के खेत में पोक्का बॉइंग नियंत्रण के लिए कॉपर ऑक्सी क्लोराइड (500 ग्राम प्रति एकड़) का सफल छिड़काव किया गया, जो चीनी मिल द्वारा किसानों को रूपए 343 प्रति 500 ग्राम पर 10% छूट के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एन.पी.के. :52:34 रूपए 177 प्रति किलोग्राम पर और कीट नियंत्रण के लिए इमिडा रूपए 96 प्रति 100 ग्राम पर 10%छूट के साथ उपलब्ध हैं। किसानों ने ड्रोन छिड़काव को एक उत्कृष्ट विकल्प बताया। उनका मानना है कि फसल की अच्छी बढ़वार और गुलदार के खतरे को देखते हुए, ड्रोन द्वारा छिड़काव न केवल प्रभावी है बल्कि समय और श्रम की भी बचत करता है। यह तकनीक विशेष रूप से ऊँची गन्ने की फसल में जहां मैनुअल छिड़काव मुश्किल होता है, अत्यंत लाभदायक सिद्ध हो रही है। ड्रिप सिंचाई के लाभ: यद्यपि निरीक्षण में ड्रिप सिंचाई का सीधा उल्लेख नहीं है, यह गन्ना खेती में जल-कुशलता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है। ड्रिप सिंचाई के मुख्य लाभों में शामिल हैं: जल संरक्षण: पानी की सीधी जड़ों तक पहुँच से बर्बादी कम होती है, जिससे





पानी की बचत होती है। पोषक तत्वों का कुशल उपयोग के बारे में सीनियर गन्ना विकास निरीक्षक गन्ना परिषद चांदपुर विश्वामित्र पाठक ने जानक. ारी देते हुए बताया कि उर्वरकों को पानी के साथ सीधे जड़ों तक पहुँचाया जा सकता है, जिससे उनकी दक्षता बढ़ती है साथ ही खरपतवार नियंत्रण केवल फसल के पास पानी पहुँचने से खरपतवारों की वृद्धि कम होती है। फसल की बेहतर वृद्धि: लगातार और नियंत्रित पानी की आपूर्ति से फसल को इष्टतम वृद्धि के लिए आवश्यक नमी मिलती है। ट्रेंच प्लांटिंग के बारे में सीनियर गन्ना विकास निरीक्षक गन्ना परिषद चांदपुर विश्वामित्र पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान की सुविधा के लिए यह व्यवस्था बेहतर फसल और प्रबंधन की कुंजी है। ग्राम दरबाड़ा, चीनी मिल धनोरा क्षेत्र में किसानों द्वारा ट्रेंच प्लांटिंग (गहरी नाली में बुवाई) विधि अपनाई जा रही है। इस विधि में गन्ने की बुवाई गहरी नालियों में की जाती है, जिसके बाद फसल की बढ़वार के साथ मिट्टी चढ़ाने का कार्य किया जाता है। उन्होंने बताया कि विभागीय प्रचार गोष्ठियों और किसान जागरूकता अभियानों के कारण अधिकांश किसान अब ट्रेंच प्लांटिंग और डिस्टेंस प्लांटिंग (पंक्तियों के बीच अधिक दूरी) जैसी उन्नत विधियों को अपना रहे हैं। इन विधियों के लाभों में शामिल हैं।' मजबूत जड़ प्रणाली: गहरी बुवाई से जड़ें अधिक गहराई तक जाती हैं, जिससे पौधा मजबूत होता है और गिरने का खतरा कम होता है। जल उपयोग दक्षता: नालियों में पानी रहने से जल निकासी बेहतर होती है और पानी की बर्बादी कम होती है। यांत्रिक कृषि में आसानी: पंक्तियों में समान दूरी होने से कटाई और अन्य कृषि कार्यों में मशीनों का उपयोग आसान हो जाता है। रेड रॉट जैसे रोगों से बचाव: बेहतर वायु संचार और जल प्रबंधन से रोगों का प्रकोप कम होता है। रोग और कीट नियंत्रण में किसानों की जागरूकता- किसानों ने रेड रॉट (लाल सड़न) जैसे प्रमुख रोगों से बचाव के लिए बीज बदलाव, थियोफिनेट मेथिल का उपयोग, और बुवाई में ट्राइकोडर्मा (एक जैव-कवकनाशक) के प्रयोग सहित सभी आवश्यक विधियों को अपनाया है। टॉप बोरर (ऊपरी बेधक) से नुकसान से बचने के लिए खेतों में फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप के साथ-साथ शूट कटिंग भी कराई गई है। इन समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप क्षेत्र में फसलें स्वस्थ और निरोग दिखाई दे रही हैं, जो किसानों की जागरूकता और चीनी मिल के सहयोग का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर और चीनी मिल के सहयोग से हमारे किसान गन्ने की गुणवत्ता और पैदावार दोनों में लगातार सुधार कर रहे हैं। यह क्षेत्र के कृषि विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे व नेता विपक्ष राहुल ने पीएम को लिखा पत्र

# जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य दर्जा बहाल करें

**नई दिल्ली, वार्ता**





कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए विधेयक लाने की मांग की है।

खड़गे और गांधी ने कहा कि जम्मू- कश्मीर की जनता पिछले पांच साल से लगातार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी वैध, संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग कर रही है। यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्य का दर्जा कम कर उसे केंद्रशासित प्रदेश में बदला गया है। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि वह मानसून सत्र में संसद में एक विधेयक लाकर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करे। उन्होंने इसके साथ ही लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए भी विधेयक लाने का सरकार से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने से वहां की जनता की सांस्कृतिक, विकासात्मक और राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी और इससे वहां के लोगों के अधिकार, भूमि और पहचान की रक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। जम्मू-कश्मीर को लेकर उन्होंने कहा कि पहले किसी भी सरकार ने किसी भी राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में नहीं बदला है। इसके उलट केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया गया है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है और अब उसका राज्य का दर्जा बहाल करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने मोदी को संबोधित पत्र में कहा कि उन्होंने पहले कई बार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने वादा किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद के इसी सत्र में जम्मू-कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिल जाएगा।

### इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया



**जम्मू।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए संयुक्त पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि वह इसी दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में आवाज उठाएगा। अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि यह अच्छी बात है। हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा। मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया। हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो। संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा। जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू- कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उदयपुर फाइल्स...**

फैसला लेने दिया जाए। गौरव भाटिया ने अदालत से अनुरोध किया कि मंत्रालय को निर्देश दिया जाए कि वह आज ही याचिका पर निर्णय ले और फिर अदालत शुक्रवार को मामले की सुनवाई करे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह अनुरोध खारिज कर दिया और कहा कि मंत्रालय को सभी पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला लेने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए। अगली सुनवाई अब सोमवार को होगी। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार की कार्यवाही पर प्रतिक्रिया देते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने संतोष जताया और कहा कि पीठ में शामिल जजों की टिप्पणियां बहुत महत्वपूर्ण हैं, जो इस मामले की संवेदनशीलता को दर्शाती हैं। भले ही जजों ने खुद फिल्म नहीं देखी, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट की हिदायतों और फिल्म के कई आपत्तिजनक दृश्यों को हटवाने की कार्रवाई को देखकर अदालत को यह अहसास है कि मौजूदा रूप में फिल्म की रिलीज़ से देश की शांति और कानून व्यवस्था को खतरा हो सकता है। मौलाना मदनी ने कहा कि अदालत की यह टिप्पणी कि फिल्म की रिलीज़ में देरी से कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर रिलीज़ से देश का माहौल बिगड़ा, तो यह बड़ा नुकसान होगा, हमारी कानूनी लड़ाई को सही ठहराती है। उन्होंने विश्वास जताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय संविधान और कानून की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए ऐसा फैसला देगा, जो भविष्य में एक मिसाल बनेगा, और उन फिल्म निर्माताओं को सबक देगा जो सां. प्रदायिक शक्तियों को खुश करने के लिए समाज में ज़हर घोलते हैं।

**अकबर क्रूर...**

फतेहपुर सीकरी में एक अनुवाद विभाग स्थापित किया और महाभारत (जिसे रज़्मनामा कहा गया), रामायण, भगवद गीता और पंचतंत्र जैसी हिंदू कृतियों का फारसी में अनुवाद करवाया। अकबर के उत्तरा. धिकारी जहांगीर और शाहजहां को किताब में कला और वास्तुकला का संरक्षक कहा गया है। शाहजहां को ताजमहल के निर्माण के लिए विशेष रूप से याद किया गया, लेकिन ये भी बताया गया कि शाहजहां की बीमारी के बाद उत्तराधिकार की लड़ाई में औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह को मार दिया और अपने पिता को बंदी बना लिया। किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबा. रा न हों।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कमलेश भुईयार ने फिर बदला पाला

## कांग्रेस छोड़ सपा में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश भुईयार ने एक बार फिर पाला बदल लिया है। वह कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हो गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश भुईयार आज कांग्रेस छोड़ कर सपा के जिला कार्यालय पहुंची। वहां पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। ढोल नगाड़ों और भारी भीड़ के साथ सपा में शामिल हुई पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश भुईयार को फूल मालाओं से लाद दिया गया। सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि कमलेश भुईयार के सपा में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और बड़ी तादाद में पिछड़ा समाज पार्टी के साथ जुड़ने का काम करेगा। जो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए विजन को मजबूती प्रदान करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की तथा संचालन वरिष्ठ सपा डॉ. रहमान अहसास ने किया।

इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 2027 में मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता एकजुट हो कर 2027 के मिशन को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत के साथ जनपद की आठों विधानसभा सीट सपा को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कमलेश भुईयार के शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कमलेश भुईयार एक जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ता रही है। जिन्होंने पार्टी के लिए काफी काम किया है। उनके दोबारा घर वापस होने पर हम सभी लोगों का मनोबल बढ़ा है। कमलेश भुईयार के पार्टी में शामिल होने से सपा का पीडीए विजन जनपद में और मजबूत होगा।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश भुईयार ने कहा कि उन्होंने घर वापसी की है, ताकि सपा के मिशन को आगे बढ़ाया जा सके। सपा छोड़ कर कांग्रेस में जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। कुछ हालात की वजह से वह पार्टी छोड़ कर गई थी, लेकिन उनकी अंतरात्मा सपा में रची बसी है। वह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों और विचारधारा को नहीं छोड़ सकती है। उन्होंने कहा कि वह नहटौर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव की तैयारी कर रही थी, लेकिन अब वह पार्टी के हर फैसले के साथ है। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसको भी टिकट देगी, हम सब मिल कर तन, मन व धन से उसे चुनाव लड़ाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, डॉ. लाखन सिंह पाल, पूर्व कोषाध्यक्ष सुखवीर ठेकेदार, प्रभा चौधरी, डॉ. कुंतैश सैनी, कृपा रानी प्रजापति, राधा सैनी, सिकन्दर कस्सार, मदन लाल सिंह सैनी एड., विरेन्द्र प्रधान, पंकज विश्नोई, डॉ. योगेंद्र सिंह, महमूद कस्सार, ठाकुर योगेंद्र सिंह, दिनेश चौधरी, काशिफ खान, वहाब अहमद, सतपाल सिंह, श्लोक पवार, सीता चौधरी, विमलेश चौधरी, अफजाल उल हक, मनोज राजपूत, राकेश त्यागी आदि ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में लाल सिंह कश्यप, संजय पाल, शकील अहमद, चौधरी दारा सिंह, सुधीर कुमार, ओमप्रकाश सिंह, कृष्णा त्यागी, रेणु यादव, अंजू देवी, राखी पवार, आदेश, राजपाल भुईयार, जाकिर चौधरी, मुब्बशिर हुसैन, शमीम अब्बासी, राजा भैया, शेर सिंह भुईयार, रामचंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।




## सपा जिलाध्यक्ष जाकिर का स्वागत

**बिजनौर।** सपा के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर कार्यकर्ताओं ने केक काट कर उन्हें मुबारकबाद देते हुए फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि जिस तरह से उन्हें कार्यकर्ताओं का सहयोग और वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिला है, वह हमेशा उनके कर्जदार रहेंगे और अपने कार्यकर्ताओं के सम्मान में वह हमेशा खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि जहां कार्यकर्ता का पसीना बहेगा, वहां वह अपना खून बहा देंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने और पार्टी के लिए ही कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्यार और स्नेह की बदौलत उन्हें अध्यक्ष बने हुए एक साल बीत गया और उन्हें इसका समय पता ही नहीं चल पाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने जा रही है। कार्यकर्ताओं को भाजपा व दूसरे दलों की साजिशों से सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी पार्टी को बूथ पर मजबूत करना है। जब हम बूथ पर मजबूर होंगे, तो आसानी से जीत जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी एकजुट है और कही भी कोई गुटबाजी नहीं है।

# लापता युवक का शव मिला परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ग्राम मंडावली में बीते 13 दिनों से लापता युवक का शव पानी से भरे गड्ढे में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम के ही ताहिर (20 वर्ष) पुत्र आदिश के रूप में हुई है। शव ईदगाह व कब्रिस्तान के पास स्थित गड्ढे में पड़ा मिला। जिससे ग्राम में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार दो जुलाई को आदिश अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों ने रिश्तेदारियों में खोजबीन की, लेकिन कहीं सुराग नहीं लगने पर थाना मंडावली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 15 जुलाई को ग्राम में यह खबर फैलते ही कि कब्रिस्तान के पास पानी भरे गड्ढे में किसी का शव पड़ा है, तो लोग मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद शव की पहचान आदिश के रूप में हुई। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही संबंधित क्षेत्राधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। परिजनों ने बताया कि आदिश मंदबुद्धि था और यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि वह कब और कैसे उस स्थान तक पहुंचा। युवक की मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया है। मां-बाप रो-रोकर बेहाल हैं। गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी पहुंचे दरगाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफ ए हिन्द में आज भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने चादर पोशी कर देश की तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी। दरगाह पहुंचने पर उनका स्वागत दरगाह प्रशासक गुलरेज हैदर रिजवी, चेयरमैन सिरसी कोसर अब्बास, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मौहम्मद अली आब्दी, कमर हैदर गुड्डू, फुरकान अंसारी, मोजिस अब्बास, मौहम्मद कुमेल, मैनेजर हुसैन मेहड़ी आदि ने किया।

## एक नजर

### कार का पता नहीं लगा पाई पुलिस



**राजा का ताजपुर।** प्रोपर्टी डीलर नईम अंसारी की मौत को एक हफ्ते से ज्यादा वक्त गुजर गया। लेकिन जिस कार से टकरा कर उनकी मौत हुई थी, उसका पता निकालने में पुलिस व एसओजी की टीम नाकाम होती नजर आ रही है। ऐसा लगता है कि गाड़ी को आसमान खा गया है या जमीन निगल गई है। नईम अंसारी के बच्चे इस उम्मीद में बैठे हैं कि उन्हें इंसाफ मिलेगा। तमाम नेता अपना वोट बैंक मजबूत करने के लिए नईम अंसारी के लिए आ रहे है, लेकिन कोई भी पुलिस पर दबाव नहीं बना रहा है कि जिस कार से वह शिकार बने है, उसे पकड़ा जाए। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### हाथियों ने फसल उजाड़ी



**अफजलगढ़।** ग्राम कल्लूवाला व मीरापुर में खेतों में हाथियों के झुंड ने घुसकर उत्पात मचाया। दस से बारह बीघा गन्ने व धान की फसल को उजाड़ दिया। किसानों ने मुआवजे की मांग की है। तेजपाल, कुशल सिंह, सोनू, पूरण सिंह, रोताश सिंह आदि किसानों का कहना है कि आठ-आठ बीघा के उनके खेत एक-दूसरे से लगे हुए हैं। कार्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा पर हैं। जहां से निकल कर जंगली जानवरों ने खेतों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। बीती रात भी हाथियों के झुंड ने जमकर खेतों में उत्पात मचाया। जिससे किसानों की बीस बीघा से अधिक खेती चौपट हो गई। खेतों में दूर तक कई हाथियों के पांव के निशान देखे गए है। हाथी झुंड के रूप में आ रहे हैं। जिससे किसी की हिम्मत उन्हें भगाने की नहीं हो पाती है। परेशान किसानों ने विभागीय अधिकारियों से मुआवजे की मांग की है।

### कासमपुर में कुत्तों का आतंक



**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्राम में कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आते हैं, जो राह चलते लोगों पर हमला कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। बीते कुछ दिनों में कई ग्रामीण कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं। घायल हुए फारूक पुत्र नन्वा, अरहान पुत्र अंजार गढ़वावाला, अंकित पुत्र ओम प्रकाश सुआवावाला, सिमी पुत्री पदम सिंह कल्लूवाला, निगम पुत्र अरविंद मानियावाला आदि ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को इस समस्या के बारे में कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों की मांग है कि पशुपालन विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा जल्द ही अभियान चलाकर कुत्तों को पकड़ा जाए और घायलों को समुचित इलाज व मुआवजा दिलाया जाए।

## जिला कारागर का निरीक्षण



**बिजनौर।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने बिजनौर जिला कारागार बिजनौर का निरीक्षण किया। इस मौके पर महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, जेल अधीक्षक अदिति श्रीवास्तव, जेलर रविंद्र नाथ, डिप्टी जेलर अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# टाटा मैजिक की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, तीन यात्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** मुरादाबाद-बिजनौर हाईवे पर गांव खासपुरा स्थित पेट्रोल पंप के सामने बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पीछे से तेज रफ्तार में आ रही टाटा मैजिक ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरा। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार, चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव सदनपुर निवासी सोमपाल सिंह (47) प्रजापति ई-रिक्शा चला रहा था। बुधवार को करीब 10 बजे वह गांव खासपुरा से सवारियों को लेकर नूरपुर जा रहा था। इसी दौरान गांव खासपुरा के पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही तेज गति की टाटा मैजिक ने रिक्शा टक्कर मार दी। ई रिक्शा गहरे गड्ढे में गया। रिक्शा चालक सोमपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसमें सवार कशिश, सोनिया और मोनी गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया।

### ग्रामीणों ने लगाया जाम

गुस्साएं ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने शव को हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक मुरादाबाद-बिजनौर हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे टाटा मैजिक चालक की गिरफ्तारी और उचित मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। बाद में थाना प्रभारी राजेश सिंह बैसला ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर ग्रामीणों ने जाम हटाया और यातायात बहाल हो सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। थाना प्रभारी राजेश सिंह बैसला ने बताया कि हादसे के जिम्मेदार टाटा मैजिक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा है।

# किसानों की पंचायत में जेबकतरों ने काट दीं कई जेबें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगीना धामपुर रोड स्थित एक निजी बैंक्विट हॉल में आयोजित किसान संगठन की पंचायत में जेबकतरों ने भीड़ का फायदा उठाया। समारोह के दौरान जेबकतरों ने कई लोगों की जेबों पर हाथ साफ कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के तहसील अध्यक्ष नामेंद्र सिंह ने थाना नगीना में तहरीर के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि आज कृष्णा बैंक्विट हॉल में संगठन की एक पंचायत थी, उसमें कोतवाली व बढ़ापुर ब्लॉक के लगभग 1000 से अधिक संगठन के लोगों ने भाग लिया, जिसमें खाना खाते समय किसी जेबकतरे ने संगठन के 6-7 लोगों की जेब काट लीं। जिसमें हुकुम सिंह पुत्र मोखा सिंह निवासी गोवर्धनपुर नंगली थाना हल्दौर जनपद बिजनौर का पर्स जिसमें 4400 रुपए, एक आधार कार्ड, डाकखाने के पासबुक, डीएल चुरा लिए।

इसके अलावा मोहम्मद शफी पुत्र घसीटा ग्राम नौरंगी चक थाना नगीना के 6500 रुपए, राजेंद्र पुत्र धर्मवीर निवासी राजोपुर थाना कोतवाली देहात के 450 रुपए, हरिया पुत्र नामालूम निवासी ग्राम पुरैनी के 1460 रुपए, फुरकान पुत्र हसीनुद्दीन निवासी कोतवाली मो. सादात थाना कोतवाली देहात के 3000 रुपए उड़ा दिए।

यह घटना उस समय हुई जब भाकियू अराजनीतिक का कार्यक्रम चल रहा था। उसी दौरान बड़ी संख्या में किसान खाना खा रहे थे। इसी अफरा-तफरी में जेबकतरे सक्रिय हो गए।

# तीन मंजिला मकान में दरार से दहशत का माहौल

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला शेखान निवासी सुलेमान फरीदी द्वारा करीब छह माह पूर्व बनवाया गया तीन मंजिला मकान जिसमें अभी भी थोड़ा काम चल रहा है। अचानक से बड़ी दरारों के चलते गिरने की कगार पर पहुंच गया है। मकान की दीवारों में आई दरार के कारण आसपास के लोग दहशत में आ गए हैं और कई परिवारों ने एहतियातन अपने घर खाली कर दिए हैं। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि इस जर्जर मकान को तत्काल गिराया जाए ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके और क्षेत्रवासियों में सुरक्षा का माहौल बन सके। मकान से सटा सलीम अहमद का मकान और दूसरी ओर मुस्तकीम कुरैशी का मकान भी है, जिससे इन परिवारों को भी खतरा बना हुआ है। सुलेमान फरीदी ने भवन की स्थिति की जांच इंजीनियरों से कराने की बात कही है। वहीं मोहल्लेवासियों ने मिलकर नगर पालिका को लिखित शिकायत देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो बड़ा हादसा हो सकता है। इस मकान को लेकर सोशल मीडिया से लेकर नगर में भी खूब चर्चाओं का बाजार गर्म हो रहा है। वहीं समाचार लिखे जाने तक बताया जा रहा है कि मुस्तकीम और भवन स्वामी के बीच किसी प्रकार का कोई समझौता भी हुआ है।

# ईओ ओम गिरि से अवाम को उम्मीदें



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरि को बढ़ापुर नगर पंचायत में इसी पद का अतिरिक्त कार्यभार मिलने से उम्मीद जगी है कि अब नगर पंचायत की व्यवस्थाओं में सुधार आ जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार बढ़ापुर नगर पंचायत क्षेत्र में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। बढ़ापुर नगर पंचायत में अब तक जो भी अधिशासी अधिकारी आए है, उन्होंने यहां की समस्याओं का समाधान कराने एवं अवाम को बेहतर व्यवस्था देने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। उन्होंने यहां पर गंभीरता से काम नहीं किया। पूरी दिलचस्पी सिर्फ भुगतान करने में ही रही। जिसकी वजह से समस्याएं बढ़ती चली गई। वैसे भी बढ़ापुर जनपद का सबसे उपेक्षित एवं विकास में पिछड़ा हुआ कस्बा है। यहां के विकास में पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने भी अपना कोई योगदान नहीं दिया। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने झूठें आश्वासन देकर वोट तो ले लिए। लेकिन वह अवाम से बचते रहे। उन्होंने यहां के सीधे-सादे अवाम की मजबूरी का पूरा फायदा उठाया। लेकिन नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी के पद पर अब नहटौर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ओम गिरि को अतिरिक्त कार्यभार दिए जाने से उम्मीद जगी है कि कार्यालय की व्यवस्था में भी सुधार होगा और नगर की प्रमुख समस्याओं का भी

### बढ़ापुर नगर पंचायत में समस्याओं का अम्बार

समाधान प्राथमिकता के आधार पर होगा। ओम गिरि की गिनती प्रदेश के अच्छे अधिशासी अधिकारियों में होती है। वह अनुशासन प्रिय एवं अपनी जिम्मेदारियों के प्रति बेहद गंभीर रहते है। उन्होंने नहटौर नगर पालिका कार्यालय की व्यवस्था में भी बड़ा सुधार किया है और नगर में घूम कर वह समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करा रहे है। उन्होंने कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बीड़ा उठा रखा है और कांवड़ यात्रा मार्ग का कर्मचारियों के साथ निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार कर रहे है। उन्होंने नगर में अतिक्रमण भी हटवाया है। साथ ही सफाई, जल आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था में भी बड़ा सुधार उनके कार्यकाल में हुआ है। जिसकी आम जनता भी तारीफ करती है।

## कांवड़ यात्रा के बीच मरीज बेहाल

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में कांवड़ यात्रा का दौर चल रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, लेकिन सीएचसी में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में पांच से छह डॉक्टर तैनात होने के बावजूद केवल एक डॉ. अंकित सिसौदिया द्वारा मरीजों को देखा जा रहा है। अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। ड्यूटी पर तैनात अन्य डॉक्टर नदारद बताए जा रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि फार्मासिस्ट तक इमरजेंसी में डॉक्टर की कुर्सी पर बैठ कर मरीजों को देख रहे हैं, जो कि पूरी तरह से नियमों के खिलाफ है। सरकार के निर्देश हैं कि केवल रजिस्टर्ड डॉक्टर ही मरीजों का इलाज करें, लेकिन यहां फार्मासिस्ट द्वारा उपचार किया जा रहा है, जिससे मरीजों की सेहत को गंभीर खतरा हो सकता है। वहीं मरीजों को अस्पताल से बाहर की दवाइयां लिखी जा रही हैं, जबकि अस्पताल से केवल नाममात्र की दवाएं दी जा रही हैं। जबकि सरकार का स्पष्ट आदेश है कि मरीजों को अस्पताल के भीतर उपलब्ध दवाएं ही नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएं। सीएचसी में व्याप्त इस लापरवाही और अनियमितता से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को इस ओर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

## पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**बिजनौर।** जिला सैनी सभा ने भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सैनी की माता के देहांत पर शोक व्यक्त किया और हूर नंगला ग्राम पहुंच कर धर्मपाल सैनी की दिवंगत माता को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला सैनी सभा के अध्यक्ष प्रधान कल्याण सिंह सैनी निजामतपुरा के नेतृत्व में अनेक सैनी समाज के व्यक्ति हूर नंगला ग्राम पहुंचे और प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा धर्मपाल सैनी की दिवंगत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों खजान सिंह सैनी, मास्टर आनंदपाल सैनी एवं यशपाल सैनी से मिल कर संवेदना व्यक्त की। दुख व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से कल्याण सिंह सैनी, घनुवाला, इंजीनियर कपिल सैनी, डॉ. शिवराज सैनी, पत्रकार देवेंद्र सैनी, शिवकुमार सैनी, लेखपाल सैनी, अमर सिंह सैनी, महावीर सिंह सैनी, प्रधान नरेश कश्यप, सर्वेश सैनी, राजपाल सैनी, सहित समाज के अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

# कांवड़तियों की सेवा के लिए शिविर

## एक साथ आए समाजसेवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गंगा जमनी तहजीब को मजबूत करते हुए मां रियाजी बेगम चैरिट्रेबिल ट्रस्ट के द्वारा कांवड़ियों की सेवा के लिए नि:शुल्क शिविर लगाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हरिद्वार मार्ग स्थित अदब सिटी के मुख्य द्वार पर आज कांवड़ियों की सेवा हेतु निशुल्क शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के जिला संरक्षक कुंवर संसार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, जितेंद्र जैन, मुस्लिम फंड के मैनेजिंग डायरेक्टर काजी बिलाल उल हक, कार्यक्रम संयोजक नईम सिद्दीकी, अतुल जैन, सभासद शिवम अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

इस मौके पर भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहा कि नजीबाबाद में सभी जाति व धर्म के लोग आपसी सौहार्द व प्रेम के साथ रहते हैं। ऐसे शिविर लगने से आपसी भाईचारा बढ़ता है। मुस्लिम फंड एवं अल नजीब कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर काजी बिलाल उल हक ने कहा कि अवाम हमेशा आपस में प्रेम सौहार्द के साथ रहती है। एक दूसरे के त्यौहार आपस में मिल जुलकर मनाते है। ऐसे में ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की तरफ से अध्यक्ष नईम सिद्दीकी ने इस वर्ष से भोलों की सेवा हेतु नि:शुल्क कैंप लगाकर नजीबाबाद की गंगा जमनी तहजीब को और मजबूत करने का काम किया है। वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जैन ने भी ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की।




इस अवसर पर एचएमएच हॉस्पिटल के एमडी गुफरान अहमद ने कहा कि भारी बारिश के चलते भोलों की ऐसे मौसम में सेवा करना बहुत बड़ा काम है। एचएमएच हॉस्पिटल की तरफ से डॉक्टरों की टीम में मौहम्मद फैज, डॉ. मौहम्मद शरिक हुसैन आदि शामिल थे। टीम ने नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण कर दवाइयां वितरित की।

समाजसेवी संजीव चौहान, पंकज वर्मा, डॉ. मौहम्मद जफर, थम्स अप फैक्ट्री के पूर्व एचआर मैनेजर अतुल जैन ने कहा कि हरिद्वार से गंगाजल ला रहे शिव भक्तों की सेवा करना बहुत बड़ा काम है। अग्निशमन विभाग के इंचार्ज के एस जादौन ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि भोलों की सेवा करना बहुत बड़े पुण्य का काम है। सभासद शुभम अग्रवाल ने भी अपनी पूरी टीम की ओर से भोलों की सेवा की। एमआरबी ग्रुप के डायरेक्टर अरमान सिद्दीकी, नौशाद अहमद एड., शमीम कुरैशी, शुभम कुमार, मोहित कुमार, मौहम्मद आमिर, फहाद खान, नौशाद अहमद, भाकियू के जिला संरक्षक कुंवर संसार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, वीरेश राणा, अंकित चौधरी, सत्यम तोमर, अभिषेक सिंह, सोनू गिरिराज, राम अवतार सिंह, इंतजार अहमद, डॉ. प्रीतम सिंह, अदब सिटी के नौशाद एड., डॉ. राजीव अरोड़ा, कान्हा आकाश कर्णवाल, अदब सिटी से चिंटू मियां, शुभम कुमार डेयरी वाले, अमित वर्मा आदि सहित काफी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहे। शिविर के संयोजक एमआरबी ग्रुप चेयरमैन, सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार नईम सिद्दीकी ने शिविर में आए सभी लोगों का स्वागत कर आभार जताया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# धामपुर पहुंचे नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री

## विधायक अशोक राणा ने क्षेत्र की समस्याओं पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का धामपुर पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक अशोक राणा ने अपने आवास पर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री को पारंपरिक रूप से गदा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

विधायक अशोक राणा ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र सहित जनपद बिजनौर के अंतर्गत आने वाली नगर पालिकाओं में चल रहे विकास कार्यों, बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की समस्याएं, जर्जर तारों की बदली, नई लाइन बिछाने जैसी जनहित की प्रमुख समस्याओं को ऊर्जा मंत्री के समक्ष विस्तार से रखा।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने चर्चा के दौरान सभी विषयों को गंभीरता से सुना और कई समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक सुचारु बिजली आपूर्ति और शहरों का समग्र



विकास सुनिश्चित करने के लिए संकल्पबद्ध है। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण सिंह, नीरज प्रताप सिंह, राणा प्रियंकर सिंह, सोनू राणा सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में विधायक राणा ने कहा कि मंत्री जी से हुई यह वार्ता क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित समस्याओं के समाधान में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि धामपुर विधानसभा को जल्द ही कई नई विकास परियोजनाओं का लाभ मिलेगा।

# कन्या घर की लक्ष्मी होती है : आचार्य राजेंद्र सिंह



## शिव महापुराण कथा मंदाकिनी का पांचवां दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बड़ी मंडी स्थित राजगढियों की धर्मशाला में आयोजित मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी पांचवें दिन कथा में प्रवचन करते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने कहा कि कन्या घर की लक्ष्मी होती है।

कन्या के जन्म लेने से घर में लक्ष्मी का आगमन होता है। आज की कन्या लड़कों से ज्यादा नाम रोशन कर रही है और अपनी प्रतिभा का लोहा बनवा रहे हैं। भागवत कथा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष कथा सुन रहे थे। कथा के मुख्य यजमान विकल गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी मोनिका गुप्ता रहे। कथा में मधु धनोरिया, शिखा धनोरिया, उमा अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, राधा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, कल्पना जैन, प्रीति, निर्मला यादव, प्रीति चौहान, एकता भारद्वाज, दीपा, बिंदु राजपूत, राजीव धनोरिया, सौरभ अग्रवाल, मुकेश कौशिक, मदन राणा, हरिओम अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### अमन व खुशहाली की दुआ

**नूरपुर।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के नगर अध्यक्ष मौलाना अबरार अहमद कासमी करीब तीस साथियों के साथ मक्का व मदीना की जियारत के लिए रवाना हुए। उन्होंने मक्का मुकर्रमा में उमरा की सआदत हासिल की और भारत सहित पूरी दुनिया के लिए अमन, शांति और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

### कुष्ठ रोगियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** रेलवे स्टेशन स्थित आदर्श महात्मा गांधी कुष्ट आश्रम रजिस्टर्ड संस्थान के अपाहिज व कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों ने डीएम बिजनौर जसजीत कौर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि हमारी एक रजि. संस्थान सन 1972 से है, जिसमें अपाहिज/कुष्ट रोग व्यक्ति उक्त संस्थान के सदस्य है, उक्त संस्थान सन 1971 से खसरा नं. 837, स्थित ग्राम रशीदपुर गढ़ी, परगना व जिला बिजनौर के बकदर भाग की मालिक व काबिज हैं, जिसके पश्चिम व दखिन में आराजी रेलवे की है तथा उत्तर व पूरब खेत कोमल सिंह आदि वारिसानों के हैं। लेकिन आज तक उक्त संस्थान में आने जाने का रास्ता एवं गंदे पानी की निकासी का साधन उपलब्ध नहीं हो पाया है, जिसकी वजह से उक्त संस्थान में रह रहे कुष्ट रोग/अपाहिज लोग व उनके परिवार को गंदगी अथवा असुविधा से जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है, उक्त संस्थान ने पहले कई बार रेलवे विभाग और नगर पालिका से निवेदन किया है, कि उक्त संस्थान को पानी की निकासी के लिए नाले की सुविधा एवं आने जाने के लिए उचित रास्ता उपलब्ध करवा दे, परन्तु आज तक संस्थान को नाले अथवा रास्ते की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई, हम मांग करते है कि संस्थान को पानी की निकासी के लिए नाले की सुविधा एवं आने जाने के लिए उचित रास्ता उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में रामवतार, सुनील, महेंद्र, चम्पा, चांदमनी, आसित, पदमनी आदि लोग मौजूद रहे।

# संजीव तोमर को शॉल ओढ़ा कर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने यूनियन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान के कार्यालय पहुंचकर प्रेस वार्ता करने के उपरांत उनके निवास पर पहुंच कर उनके पिता से आशीर्वाद लिया। उनके पिता मौलाना याकूब कासमी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कल भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने कासमपुर गढ़ी निवासी संगठन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान के बस स्टैंड स्थित कार्यालय पहुंच कर प्रेस वार्ता कर कई अहम मुद्दों पर बात करते हुए प्रदेश के किसानों की समस्याओं को लेकर शीघ्र ही प्रदेश की राजधानी लखनऊ में महापंचायत करने को कहा। इस अवसर पर संगठन का युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान ने क्षेत्र में विद्युत समस्या सहित क्षेत्रीय किसानों के कई अहम मुद्दों से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया।

प्रेस वार्ता के उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष के आवास पर पहुंचे। जहां उनके वालिद मौलाना मौहम्मद याकूब कासमी से आशीर्वाद लिया तथा मौलाना याकूब कासमी ने भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# वन्य जीव प्रशिक्षण केन्द्र में वृक्षारोपण

## 235 पौधों का रोपण किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** वन्य जीव प्रशिक्षण केन्द्र में हरेला दिवस के उपलक्ष्य पर बिन्दर पाल निदेशक कार्बेट वन्य जीव प्रशिक्षण केन्द्र फील्ड डायरेक्टर, कार्बेट टाइगर रिजर्व, कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ में हरेला दिवस के उपलक्ष्य पर बिन्दर पाल निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा हरेला का त्यौहार मनाओ धरती मां का ऋण चुकाओ, एक पेड़ मां के नाम, थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार इस कार्यक्रम में इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक, अध्यापक, अध्यापिकाओं, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, स्थानीय मीडियाकर्मी, पुलिस विभाग के कर्मचारी, गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि, स्थानीय जनमानस, स्कूली छात्र-छात्राओं, कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षणार्थी, स्टाफ, कालागढ़ रेंज के स्टाफ के द्वारा कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के परिसर व परेड ग्राउण्ड में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में आंवला, जामुन, बहेड़ा, सहजन, हरड़, कचनार, पारिजात, गुलमोहर, अमलताश, शहतूत, नीम व बेल के 235 पौधों का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त ओम इण्टर कालेज, मुरलीवाला में आंवला, जामुन, शहतूत, बेल के 15 पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के उपरान्त कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के आडोटोरियम में हरेला दिवस पर गोष्ठी का अयोजन किया गया। बिन्दपाल निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा हरेला दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया गया। मथुरा प्रसाद बिजल्वाण, संकाय सदस्य के द्वारा हरेला पर्व के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे हरियाली का प्रतीक बताया गया। प्रीतम सिंह रौतेला, प्रबन्धक, इण्टर कालेज, कालागढ़ के द्वारा पर्यावरण विषय पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया गया। देवेन्द्र प्रसाद के द्वारा सर्प दंश से बचाव व प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी गयी।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रीतम सिंह रौतेला, प्रबन्धक इन्टर कॉलेज कालागढ़, सतीश कुमार प्रधानाचार्य इण्टर कॉलेज कालागढ़, देवेन्द्र प्रसाद, वरिष्ठ फार्मासिस्ट, कालागढ़, विरेन्द्र कुमार अग्रवाल, प्रतिनिधि डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, कालागढ़, कटार सिंह, सोहन सिंह, दीपक सिंह नेगी, अध्यापकगण, इन्टर कॉलेज, कालागढ़, अथहर महमूद सिद्दिकी, वेदपाल, इरशाद अहमद मीडियाकर्मी, मनीष कुमार, वनक्षेत्राधिकारी, कालागढ़ रेंज, इन्द्र सिंह विष्ट, वनक्षेत्राधिकारी, कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़, एमपी बिजल्वाण, संकाय सदस्य, सत्येन्द्र सिंह गुंसाई, संकाय सदस्य, नन्दन सिंह अधिकारी, उप राजिक, महेश चन्द्र जोशी, वन दरोगा, सुनील कुमार अतिरिक्त इण्टर कालेज के 30 छात्र-छात्राओं, थाना कालागढ़ का स्टाफ, प्रशिक्षण केन्द्र व कालागढ़ रेंज के स्टाफ व 36 प्रशिक्षु वन आरक्षियों एवं स्थानीय जनमानस द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के अन्त में इन्द्र सिंह बिष्ट, वनक्षेत्राधिकारी, कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# पति ने पत्नी के गले पर किया चाकू से वार

## एक साल पहले हुई थी शादी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** थाना हल्दौर क्षेत्र के कस्बा झालू में एक पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पडताल में जुट गई है।

पूरा मामला बिजनौर के हल्दौर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती का है, जहां के इस्लामाबाद में रहने वाले लियाकत ने मंगलवार की देर रात को अपनी पत्नी शमीम के गले पर चाकू से वार किया। लियाकत और शमीम की शादी एक साल पहले हुई थी। शमीम कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव उमरी की रहने वाली है।

घटना के समय दोनों घर में अकेले थे। किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। इसके बाद लियाकत ने पत्नी पर हमला कर दिया। शमीम को गंभीर हालत में उसके परिजन निजी अस्पताल लेकर गए। वहां उसका इलाज चल रहा है। हमले के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

परिजनों ने अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं दी है फिलहाल पुलिस स्वयं ही घटना का संज्ञान लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। घटना का कारण भी स्पष्ट इसलिए नहीं है कि महिला बेहोश है और पति फरार है बताया जा रहा है कि दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद पति ने कदम उठाया।

# मच्छररोधी दवा का छिड़काव शुरू

## नगर पंचायत कर्मियों का सहयोग कर नगर को साफ रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कस्बा में मच्छरों से बचाव के लिए बुधवार को मच्छरों के खात्मे को नगर पालिका की टीम ने कस्बा में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कराया जा रहा है।

नगर में फैले मच्छर के प्रकोप को देखते हुए नवागत ईओ का चार्ज संभाल रहे एसडीएम राम आश्रय ने एंटी लार्वा दवा के छिड़काव के निर्देश दिए हैं। ईओ राम आश्रय ने कहा कि संक्रामकों के बचाव के लिए नगर में विशेष सफाई अभियान चलाकर मच्छररोधी दवाओं के छिड़काव कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से नगर पंचायत कर्मियों का सहयोग कर नगर को साफ रखने की अपील की है।

दरअसल नगर में बढ़ती हुई मच्छरों की संख्या को लेकर सभासद कई बार शिकायत कर चुके थे। इसी




क्रम में सभासद उस्मान जैदी ने भी मंगलवार को ईओ राम आश्रय से इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसका संज्ञान लेते हुए उन्होंने दवा के छिड़काव के तुरंत आदेश जारी कर दिए।

# जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान ने बुधवार को बिजनौर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल भी इस दौरान उनके साथ थीं।

निरीक्षण में जिला अस्पताल की व्यवस्था चरमराई हुई पाई गई। रोजाना 2000 से अधिक मरीज आने वाले इस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन है, लेकिन इसे चलाने वाले डॉक्टर और स्टाफ नहीं हैं। मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। अस्पताल में सामान्य दवाइयां भी उपलब्ध नहीं हैं। डॉ. चौहान ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और चिकित्सकों को फटकार लगाई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन में समन्वय की कमी को रेखांकित किया। मेडिकल प्रिंसिपल और अस्पताल अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। महिला कैदियों की स्थिति



देखी इसके बाद उन्होंने जिला जेल का भी निरीक्षण किया। महिला कैदियों की स्थिति की जानकारी ली। जेल परिसर में एक पेड़ भी लगाया। डॉ. चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर बड़ा बजट खर्च कर रही हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर सुविधाओं का अभाव दिख रहा है। इतना खर्च के बावजूद भी खामियां हैं तो कहीं ना कहीं व्यक्तिगत कमियां है। मुझे दोनों सीएमएस महिला और जेंट्स ने बताया की सब कुछ कंट्रोल प्रिंसिपल के हाथ में है तो प्रिंसिपल क्यों नहीं इस पर ध्यान दे रही यह बात मेरी भी समझ से परे है।

# बालकिशनपुर चौराहे पर ट्रक चालकों का हंगामा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बालकिशनपुर चौराहे पर कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारी वाहनों के आवागमन पर लगाई गई रोक के कारण ट्रक चालकों में भारी रोष देखने को मिला। ट्रैफिक पुलिस द्वारा कुछ परिचित ट्रकों को पहले निकालने के आरोप लगने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई और ट्रक चालकों ने मौके पर हंगामा कर दिया।

सावन मास में शिव भक्तों की कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने नूरपुर-बिजनौर हाईवे पर ट्रकों के आवागमन पर रोक लगा दी है। इससे बालकिशनपुर चौराहे पर पिछले दो

## जल्द समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

दिनों से फलों से लदे ट्रकों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। ट्रक चालकों का कहना है कि उनके वाहनों में प्रयागराज, लखनऊ आदि क्षेत्रों से केला, आम, सेब जैसे फल लदे हुए हैं, जो समय पर गंतव्य तक न पहुंचने पर खराब हो सकते हैं। आक्रोशित चालकों रोहित ठाकुर, आकाश कुमार, मौहम्मद इसरार, विनीत कुमार, नेपाल सिंह, आकाश कुमार, विजय कुमार, मौहम्मद सलीम आदि ने बताया कि वे दो दिन से किसी प्रकार की राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चौराहे पर मौजूद कुछ पुलिसकर्मी अपने चहेतों ट्रकों को पहले रवाना कर रहे हैं, जिससे अन्य चालकों में असंतोष फैल गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी की थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला से तीखी नोंकझोंक हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने उन्होंने ट्रक चालकों से वार्ता कर उन्हें शांत किया। उन्होंने उच्च अधिकारियों से संपर्क कर जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हो गया।

## आठ साल का प्रतीक ला रहा कांवड़

**बिजनौर।** आठ साल का बुलंदशहर निवासी बालक भगवान शिव में अपनी गहरी आस्था रखते हुए अपने दादा के जल्द ठीक होने की मन्नत पूरी करने के लिए हरिद्वार से कांवड़ लेकर निकला है। वह अपने पिता और अन्य ग्रामीणों के साथ गंगाजल को स्थानीय शिव मंदिर में अर्पित करेगा। भगवान भोलेनाथ में आस्था लिए आठ साल का बालक अपने बाबा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना लेकर हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहा है। अपने पिता व दो अन्य ग्रामीणों के साथ पैदल गंगाजल ले जाकर वह शिवालय में चढ़ायेगा। सौ किलोमीटर की दूरी वह हंसते हुए भोले के जयकारे लगाकर पैदल तय कर चुका है। सावन माह में बड़ी संख्या में कांवड़िये हरिद्वार से पैदल गंगाजल लेकर लौट रहे है।

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रावेन्द्र कुमार उर्फ टिंकू गलत संगति में पड़ गया है। मेरा व परिवार के अन्य सदस्यों का कहना नहीं मानता है। नशे का आदि हो गया है। लोगों से उधार पैसा ले लेता है। लड़ाई झगड़ा करता रहता है। जिससे समाज में मेरी व मेरे परिवार की बेइज्जती होती है। मैंने जब एक दिन ज्यादा समझाया, तो मेरे ऊपर हाथ छोड़ दिया। जिससे मुझे बहुत आत्मग्लानी हुई। मैंने खूब सोच समझ कर रूबरू गवाहान 10 मार्च 2025 को रावेन्द्र कुमार उर्फ टिंकू को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और अपने संबंध समाप्त कर लिए है। भविष्य में रावेन्द्र कुमार उर्फ टिंकू किसी से कोई लेन-देन करता है या लेन देन कर लिया है, तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं रावेन्द्र उर्फ टिन्कू की होगी। मेरा या अन्य परिवार वालों का रावेन्द्र उर्फ टिंकू से भविष्य में कोई संबंध नहीं होगा। **अतर सिंह पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर, पोस्ट व थाना हल्दौर, तहसील व जिला बिजनौर।**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मनोज कुमार व उसकी पत्नी आशा देवी मेरे साथ आएदिन झगड़ा फिसाद करते रहते है तथा मेरा पुत्र गलत व्यक्तियों के साथ उठता बैठता है। वह गलत संगत में पड़ गया है। मेरा कहना नहीं मानता है। यह दोनों मेरे परिवार के सदस्यों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धौंस देते रहते है। इस लिए मैं दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज से मेरा या मेरे परिवार का इसने कोई रिश्ता नाता व संबंध नहीं है। मैंने इन दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से लादावा-बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी अच्छे-बुरे कार्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **उषा देवी पत्नी सुरेश निवासी ग्राम हकीकतपुर गोविन्द, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

# धर्मपाल सिंह की माता की तेरहवीं की व्यापक तैयारियां

### राज्यपालों और केंद्रीय मंत्रियों के आगमन की संभावना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाजपा के वरिष्ठ संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन के बाद 17 जुलाई को आयोजित तेरहवीं सभा अब एक राजनीतिक और प्रशासनिक समागम का रूप लेती जा रही है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के राज्यपालों, कई केंद्रीय मंत्रियों, डिप्टी सीएम एवं अन्य वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के पहुंचने की संभावना है।

इस संभावित वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ चुका है। जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झां स्वयं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर रहे हैं। सुरक्षा, यातायात, आगंतुकों के प्रवेश व प्रबंधन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

कार्यक्रम से एक दिन पूर्व ही भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, जिला प्रभारी हरिओम शर्मा, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी, एमएलसी सतपाल सैनी, विधायक अशोक राणा, पूर्व सांसद यशवंत सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मौसम चौधरी, दिनेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसौदिया, अनूप वाल्मीकि, नागेश्वर दयाल गहलौत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, भूपेंद्र सैनी, जितेंद्र गोयल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी व्यवस्था में लगे रहे। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, खान-पान, सुरक्षा एवं शिष्टाचार व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए अधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता मिलकर दिनभर जुटे रहे।

### कार्यक्रम स्थल पर भारी सुरक्षा व्यवस्था

संभावित वीआईपी आगंतुकों की उपस्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेटिंग एवं ट्रैफिक रूट डायवर्जन जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। स्थानीय प्रशासन से लेकर पार्टी संगठन तक सभी संबंधित विभाग सक्रिय रूप से कार्यक्रम की सफलता हेतु काम कर रहे हैं।

### राजनीतिक दृष्टि से भी अहम

राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह आयोजन भाजपा के कई राज्य स्तरीय नेताओं के एक मंच पर आने का अवसर भी होगा। इस सभा में शोक संवेदना के साथ-साथ राजनीतिक रणनीतियों और संवाद की भी संभावनाएं जताई जा रही हैं।

# कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट आर्फ पॉलीटेक्निक प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

पॉलीटेक्निक विभाग के प्राचार्य संजीव कुमार ने बताया कि पॉलीटेक्निक में कम्प्यूटर साइंस की तृतीय वर्ष की छात्र रूची रानी 72.43 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर, कम्प्यूटर साइंस की तृतीय वर्ष की छात्र खुशी 70.32 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र हिमांशु चौधरी 69.58 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार व कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, पॉलीटेक्निक विभाग के प्राचार्य संजीव कुमार और पॉलीटेक्निक विभाग के समस्त प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जान पर जो खेल गए राम के लिए तालियां बजाओ हनुमान के लिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। शुभम मंडप पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

भजन जान पर जो खेल गए राम के लिए तालियां बजाओ हनुमान के लिए, यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उसका उत्सवर्धन किया। अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल हर शनिवार को सनातन परिवार में हनुमान चालीसा का पाठ करता है। नमन जैन, मीना जैन, शीतल जैन, दर्शनी जैन आदि शामिल रहे।

अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, रामप्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, प्रवेश मिश्रा, संदीप भारद्वाज, सतीश रस्तोगी, नंदकिशोर रस्तोगी, सुनील चौहान आदि शामिल रहे।

# सर्पदंश से बचाव को जनजागरूकता अभियान

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम करेगी परामर्श शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बरसात के मौसम में सर्पदंश (सांप के काटने) की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ द्वारा जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत 11 डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम गठित की गई है, जो नगर क्षेत्र के विद्यालयों और ग्रामीण इलाकों में जाकर व्याख्यान व परामर्श शिविर आयोजित करेगी।

यह निर्णय क्षत्रिय नगर स्थित न्यू स्टाइल इंग्लिश कोचिंग सेंटर में आयोजित चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राघव प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन महासंघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान द्वारा किया गया।

डॉक्टरों की टीम ने बताया कि बरसात के मौसम में जमीन पर सोना, झाड़ियों में बिना सुरक्षा जाना, अंधेरे में बिना टॉर्च चलना जैसी लापरवाहियां सर्पदंश की बड़ी वजह बनती हैं। टीम ने कहा कि ऐसे में चारपाई या पलंग का प्रयोग करें, मच्छरदानी का उपयोग करें, जूते पहनकर खेत या झाड़ियों में जाएं और घर के आसपास सफाई बनाए रखें। साथ ही दीवारों की दरारें, छेद आदि बंद कर दिए जाएं।

विशेषज्ञों ने सलाह दी कि सांप दिखाई देने पर उसे मारने का प्रयास न करें, बल्कि सांप मित्र से संपर्क करें। सांप काटने की स्थिति में घबराएं नहीं, तुरंत डॉक्टर की सलाह से इलाज कराएं और किसी भी तरह के झाड़-फूंक या तांत्रिक उपायों से बचें।

बैठक में डॉ. बी.के. सिंह, डॉ. लोकेंद्र सिंह, डॉ. आर.के. चौहान, डॉ. रवेंद्र सिंह, डॉ. मनोज प्रताप सिंह, डॉ. एन.पी. सिंह, डॉ. एस.एस. राजपूत, डॉ. राममूर्ति सिंह, डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ. हरिकांत सुमन, डॉ. नागेंद्र शेखावत आदि चिकित्सक मौजूद रहे। वहीं इसके अलावा कुंवर आशीष राजपूत, भूपेंद्र सिंह चौहान, ठाकुर रविकांत, नागेश्वर दयाल गहलौत, अरविंद वत्स, संतोष राजपूत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विद्युत लाइन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

### परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ग्राम बासोवाला निवासी मजदूर सोनू कुमार की क्षेत्र के मोजा कोटजवाना में नल बोरिंग के दौरान उच्च क्षमता बिजली लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

क्षेत्र के मोजा कोटजवाना में नल का बोर करने मंगलवार की शाम गांव के ही नल मिस्त्री के साथ गए ग्राम बासोवाला निवासी मजदूर सोनू कुमार नल बोरिंग के दौरान लोहे की नाल निकाल रहा था जो ऊपर से गुजर रही उच्च क्षमता की विद्युत लाइन से टकरा गई। लाइन में बिजली का करंट चालू था। बिजली करंट लगने से सोनू बेहोश हो गया। उसके साथी उपचार के लिए उसको नगीना ले गए जहां से गंभीरावस्था देखते हुए चिकित्सक ने उसको बाहर ले जाने की सलाह दी।

बेहोशी की हालत में उसको उपचार के लिए नजीबाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सोनू कुमार (32 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। उसके साथी मृतक के शव को ग्राम बासोवाला ले आए।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार गांव पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से मृतक के परिजनों व गांव में शोक छा गया। मृतक अपनें पीछे पत्नी व दो पुत्रों को रोता बिलखता छोड़ गया है

# श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने परीक्षा में परचम लहराया

### संस्थान का नाम किया रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, पीपलसाना के छात्र-छात्राओं ने डी. फार्मा परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है।

प्रथम वर्ष में मयूर सिसोदिया ने 81% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ईशा राजपूत ने 75% के साथ द्वितीय और अक्षत मित्तल ने 74% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं द्वितीय वर्ष में नितिन कुमार ने 77% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, निकेत धीमान ने समान 77% अंकों के साथ द्वितीय तथा शिवम कुमार ने 74% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. एन. पी. सिंह ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

संस्थान की प्राचार्या ने भी इस सफलता को विद्यार्थियों की लगन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताते हुए कहा कि श्री राम इंस्टिट्यूट का लक्ष्य है कि फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठता को बनाए रखा जाए और छात्रों को एक उज्ज्वल करियर की ओर अग्रसर किया जाए। शिक्षकगण चंचल सैनी, हिमांशु कुमार, सुरभि रानी और शैली चौहान ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि के साथ श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि गुणवत्ता और समर्पण के साथ किसी भी शिखर को छूना संभव है।

# भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम जीवनपुर में श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली गई।

ग्राम जीवनपुर में बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। बुधवार सुबह कथा स्थल पर विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गो से निकलती हुई कथा स्थल पर ही समाप्त हुई। कथा में मुख्य यजमान काशीराम तथा रामशरण सिंह रहे। श्रीमद् भागवत कथा धामपुर निवासी योगेश आचार्य कथावाचक के द्वारा कही जा रही है। पहले दिन श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया गया। कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के सुनने मात्र से समस्त पापों का नाश हो जाता है। उन्होंने कथा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान गजेंद्र सिंह, मनोज कुमार, नीरज कुमार आदि का सहयोग रहा।

# पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र बारी का जोरदार स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कस्बा निवासी भाजपा नेता संजीव उर्फ बंटी भैया के आवास पर पहुंचे और भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### सरकार की योजनाओं के बारे में दी जानकारी

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सत्येंद्र बारी उर्फ बीनू बुधवार को कस्बा निवासी भाजपा नेता संजीव कश्यप उर्फ बंटी भैया के आवास पर पहुंचे। आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और अखंड भारत का चित्र भेंट किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे जानकारी दी। वही संजीव कश्यप ने उनको क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया।

इस दौरान वीरेंद्र सैनी, राधेश्याम, सुनील कुमार, राजेश कुमार, रमेश कुमार, राहुल कश्यप, प्रमोद कश्यप, रिंकू कश्यप, नितिन प्रजापति, फतेह प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बस का संचालन नहटौर तक कराने की मांग

**नहटौर।** कस्बा नहटौर से दिल्ली के लिए लगाई गई रोडवेज बस का संचालन में वापसी में नूरपुर तक ही आकर रूक जाने पर राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उक्त बस की वापसी का संचालन नहटौर रोडवेज बस स्टैंड तक कराए जाने की मांग की है। धामपुर डिपो के भवन का निर्माण शुरू होने पर धामपुर डिपो को नहटौर बस रोडवेज बस स्टैंड पर शिफ्ट किया गया था। वर्तमान में डिपो का कार्य नहटौर रोडवेज बस स्टैंड से चल रहा है। धामपुर डिपो के एआरएम पीएल पथरिया ने नहटौर क्षेत्र वासियों के लिए कुंभ के बाद नई रोडवेज बस नहटौर पैजानिया मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना होने की घोषणा की थी। जिसके तहत एक माह पूर्व नई रोडवेज बस प्रात: 7:00 बजे से प्रारंभ कर दी गई थी तथा इसकी वापसी दिल्ली आनंद विहार से दोपहर के 1:00 बजे होती है तथा यह बस नूरपुर आकर रुक जाती है। इसके रुक जाने पर दिल्ली से आने वाले यात्रियों को नहटौर आने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों से इस व्यवस्था को नहटौर तक किए जाने की मांग की है। चांदपुर डिपो के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि नहटौर से आनंद विहार तक 169 किलोमीटर का किराया 282 रूपए है। नहटौर की सवारी न मिलने के कारण बस को नूरपुर तक रोका गया है। सवारी की व्यवस्था होने पर नहटौर तक चालू किया जाएगा तथा इसके लिए प्रचार प्रसार कराया जाएगा।

### वेज खान-पान की दुकानें खोलने की मांग



**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी एड. से उनके कार्यालय में शहर नजीबाबाद में हलीम चावल की दुकान लगाने वाले लोगों ने मुलाकात कर उनसे अपनी कारोबारी समस्या के हल की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस उनकी वेज बिरयानी की दुकान नहीं खोलने दे रही है। सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी ने अधिकारियों से फोन पर बात कर बताया गया है कि नजीबाबाद में हलीम चावल बेचने वाले लोग वेज हलीम चावल की दुकान खोलेंगे यदि उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से कोई डायरेक्शन उक्त दुकानें बंद करने के लिए है तो प्रशासन पहले नोटिस के माध्यम से उन्हें अवगत कराए। अन्यथा जिस रूट पर कांवड़ों का आना जाना नहीं है। उसे पर वेज दुकान खोलने पर पुलिस द्वारा परेशान ना किया जाए। उन्होंने नजीबाबाद सीओ निदेश प्रताप सिंह व थाना प्रभारी धीरज सोलंकी से वेज बिरयानी बेचने वाले लोगों को परेशान न करने तथा उन्हें अपना काम नियमानुसार करने दिये जाने की बात कही।

### हीमपुर दीपा में भ्रूण लिंग परीक्षण जोरों पर

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र एक अस्पताल में भ्रूण लिंग परीक्षण का कार्य जोरो-शोरो पर चल रहा है । आलम यह है कि आएदिन कई-कई भ्रूण लिंग परीक्षण कर यह डॉक्टर लाखों रुपए छापने में लगे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पता चलता है कि हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक डॉक्टर द्वारा जमकर भ्रूण लिंग परीक्षण किए जा रहे है । विशेष बात यह है कि आस पास के क्षेत्रों के नहीं बल्कि दूसरी तहसीलों के दूर दराज के गांव से आये भोले भाले ग्रामीणों से मोटी रकम लेकर यह सुविधा दी जा रही है । बता दें कि एक आशा कार्यकत्री हीमपुर दीपा थाना क्षेत्रों को छोड़कर अन्य सभी तहसीलों के ग्रामीणों को इस हॉस्पिटल संचालक के माध्यम से सुविधा देने में लगी है । सूत्रों का दावा है कि अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में लड़की आने पर इस हॉस्पिटल में चार माह की बच्ची की डीएनसी (सफाई/हत्या) कर दी जाती है। बीते कुछ समय पूर्व नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के युवक से भ्रूण लिंग परीक्षण के नाम पर इस अस्पताल में मोटी रकम वसूली गई है, जो चर्चा का विषय बनी हुई है । सूत्रों का दावा है कि स्वास्थ्य विभाग के गठजोड़, राजनीतिक पकड़ और पैसे के बलबूते पर इस कार्य को जोरो शोरो से अंजाम दिया जा रहा है।

# शिव शक्ति पीठ पर भोलेनाथ का रुद्राभिषेक



### श्रद्धालुओं को दिव्य कथाएं सुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अनन्त श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान आचार्य डाक्टर दिनेश चन्द्र भारद्वाज के सानिध्य में चल रहे श्रावण मास प्रारंभ रुद्राभिषेक और आध्यात्मिक कार्यक्रम में आज मुख्य यजमान आसाराम जैन फर्म के मालिक दिपेश जैन, सीमा जैन, बेटी नैना जैन रहे।

भगवान भोलेनाथ का दिव्य अभिषेक श्रृंगार कराकर सुन्दर भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आचार्य श्री ने भगवान भोलेनाथ की दिव्य कथाएं सुनाकर भक्तजनों के हृदय में भोलेनाथ की प्रति आपार श्रद्धा स्थापित की। ग्यारह जोड़ों ने भगवान का रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया जिसमें लक्ष्मीनारायण अग्रवाल अनीता अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल माधवी अग्रवाल, पीयूष बंसल शिल्पी बंसल, शरद गुप्ता मिनाक्षी गुप्ता, कल्पना जैन सुनील जैन, प्रदीप जैन ऋतु जैन, सौरभ जैन, रति जैन, दीपक मित्तल, स्वेता मित्तल, प्रज्ञा मित्तल, कविता अग्रवाल, सचिन गुप्ता, स्नेहा गुप्ता रहे।

इस अवसर पर अन्य भक्त राम. सिंह, नीना बंसल, सीमा गुप्ता, रुक्मणी, रीमा गुप्ता मुदित बंसल, प्रशांत त्यागी, अमित यादव, माला मित्तल, शशि, सुदेश, विशाखा शर्मा, पूनम शर्मा, गीता जैन, अभिनव जैन, राशि जैन, शिल्पी जैन आदि उपस्थित रहे। मिनाक्षी भारद्वाज ने सुन्दर भजन प्रस्तुत किए।

आश्रम की व्यवस्थापिका कविता भारद्वाज ने संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया।

# पीएम आवास योजना के पात्रों की पुन: जांच कर रिपोर्ट मांगी

**नहटौर।** शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रत्येक विकास खंड क्षेत्र में मोबाइल प्लस सर्वे के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का चयन करके उसकी रिपोर्ट देने के दिशा निर्देश दिए थे। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 में विकास खंड आंकू में 96 ग्राम पंचायत में उक्त सर्वे का काम जनवरी 2025 में प्रारंभ हुआ था। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत की सचिव को लगाकर सर्वे का कार्य प्रारंभ कराया गया था, जिसमें ब्लॉक को दी गई रिपोर्ट में 2333 लाभार्थियों को सूची शासन को भेजी गई थी जिसमें 2176 ब्लॉक की टीम ने किया था तथा 159 पात्र व्यक्तियों ने अपना सर्वे करके ऑनलाइन शासन को भेजा था। शासन ने 14 32 लाभार्थियों कि जांच पुन: के लिए ब्लॉक को रिपोर्ट भेज कर उन्हें सत्यापन करके रिपोर्ट देने के दिशा निर्देश दिए हैं तथा यह सर्वे 30 जुलाई 2025 तक भेजना है। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि इस सर्वे के लिए 11 न्याय पंचायत में 11 एडीओ को लगाया गया है। सर्वे का कार्य पहली जुलाई 2025 से प्रारंभ हो गया है तथा 30 जुलाई तक यह कार्य पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वयं लाभार्थी द्वारा भेजी गई 159 में से 131 की सूची पुन: शासन ने उनके सत्यापन के लिए रिपोर्ट मांगी गई है।

# समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक

### व्यापारियों की समस्याओं पर संघर्ष की रूपरेखा तय




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक रविवार को नगर अध्यक्ष रविन्द्र चौहान (पप्पू) के प्रतिष्ठान चौहान मशीनरी स्टोर पर आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंथन किया गया तथा उनके समाधान हेतु सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष राजेश गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश सचिव विनीत राणा ने की व संचालन विधानसभा अध्यक्ष सलाउद्दीन ने किया।

बैठक के दौरान व्यापारियों की सुरक्षा, कर नीति, बिजली दरों, ऑनलाइन व्यापार से प्रभावित स्थानीय व्यापार जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

वक्ताओं ने कहा कि व्यापारी समाज के रीढ़ हैं, लेकिन वर्तमान सरकार व्यापारियों की समस्याओं के प्रति उदासीन बनी हुई है। बैठक में व्यापारियों के सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष को तेज करने पर सहमति बनी। इस संबंध में धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन जैसे कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर भी विचार हुआ। नरेंद्र कुमार, विवेक शर्मा, अमित अग्रवाल, संजीव चौहान, कृष्ण पाल सिंह चौहान, राजू शर्मा, गोविंद सैनी, शिवअवतार सैनी, राघवेंद्र सिंह समेत कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# कांवड़ियों की भावनाएं आहत करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रबंधों की लगातार समीक्षा की जा रही है। जबकि डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा है कि ढाबा संचालक कोई ऐसा काम न करने के निर्देश दे चुके हैं। जिससे कांवड़ियों की भावना आहत न हो। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

कांवड़ यात्रा को लेकर डीजीपी के आदेश अधिकारियों को मिल चुके हैं। स्थानीय पुलिस का कहना है कि कांवड़ यात्रा की आड़ में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से भी सख्ती से निपटा जाएगा। डीजीपी ने भी कहा है कि ढाबा व खाद्य सामग्री से जुड़ी दुकानों को स्पष्ट कानूनी स्थिति है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग इसके लिए अधिकृत एजेंसी है व उनकी टीमें लगातार ढाबों, आश्रय स्थलों व कैंप की जांच कर रही हैं।

### सुविधा से नहीं होगा समझौता

पुलिस समन्वय, सहयोग व सुरक्षा के लिए उन टीमों संग है। कोई व्यक्ति यदि खुद ऐसा करने का प्रयास करता है तो वह गलत है। डीजीपी ने कहा कि यदि कहीं ढंग से खाना न बनने या अन्य कोई शिकायत है तो जानकारी संबंधित अधिकारी को दें जिससे जांच हो सके। यात्र की सुरक्षा व श्रृद्धालुओं की सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा। इस बाबत स्थानीय पुलिस का कहना है कि उच्चाधिकारियों से मिले निर्देशों का पालन कराया जा रहा है।

# ढाई लाख की लूट में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन के नजदीक मिनी बैंक संचालकों से घर जाते समय देर शाम तमंचे के बल पर बाइक सवार बदमाशों ने 2.40 लाख रुपए से भरा बैग तथा दो लैपटॉप लूट लिए थे। जिस मामले में पुलिस लगातार जांच में जुटी है तथा सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है। जहां तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना क्षेत्र के करनपुर कायस्थ गांव निवासी विनोद कुमार तथा चचेरा भाई संजीव कुमार सौंधन में मिनी बैंक शाखा चलाते हैं। विनोद कुमार एसबीआई की मिनी शाखा चलाता है तथा संजीव कुमार यूपी ग्रामीण बैंक की मिनी शाखा का संचालन करता है। मंगलवार देर शाम दुकान से वह अपने घर वापस जा रहे थे। सौंधन करनपुर कायस्थ मार्ग पर पहुंचने पर तीन नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर बाइक रुक वाली। रूपयों से भरा बैग छीन लिया और दो लैपटॉप भी चाहिए। विरोध करने पर तमंचा से फायर कर दिया था। शोर मचाने पर तथा ग्रामीणों के आने पर बदमाश फरार हो गए थे। सूचना पर कैला देवी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जहां जंगल में बदमाशों की बाइक और चप्पल बरामद हो गए थे। बैंक संचालक विनोद कुमार की तहरीर पर तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कैला देवी थाना पुलिस के साथ एसओजी टीम भी लगातार जांच में जुटी है। बुधवार सुबह को रानीवाला मार्ग की तरफ खेत स्वामी को दो लैपटॉप मिले। सूचना पर दोनों लैपटॉप पुलिस को बरामद हो गए हैं, जो बदमाशों द्वारा लूटे गए थे। कैला देवी थाना पुलिस द्वारा जल्द ही घटना का खुलासा किया जा सकता है। बता दें कि मंगलवार शाम को विनोद और संजीव साथी शेर सिंह और भतीजे दीपांशु के साथ एक ही बाइक से चारों अपनी बैंक की मिनी शाखा बंद करके रोजाना की तरह अपने गांव जा रहे थे। मिनी शाखा का संचालन करने के चलते लाखों रुपए का रोजाना लेनदेन होता है। जैसे ही वह देर शाम सौंधन करनपुर कायस्थ मारा पर पहुंचे तो अचानक तीन बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर बाइक रुकवाली और कनपटी पर तमंचा लगाकर उनके पास से 3.50 लाख रुपए लूट लिया तथा दो लैपटक्षम भी ले लिए ,जिनसे मिनी शाखा का संचालन किया जाता था।



सम्भल। चिकित्सक की लापरवाही से प्रसूता की मौत पर बिलखते परिजन



सम्भल। उर्वरक विक्रेता की दुकान पर छापामार कार्रवाई करती टीम।

# निजी क्लीनिक पर चिकित्सक की लापरवाही से प्रसूता की मौत



**असमोली।** निजी क्लीनिक पर भर्ती करायी गयी गर्भवती की मौत हो गयी। प्रसूता की मौत पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। काफी देर बाद परिजन शव लेकर अपने गांव को रवाना हो गए।

थाना असमोली क्षेत्र के गांव बेला निवासी गुलिस्ता (30) पत्नी साजिद गर्भवती थी। उसकी तबियत बिगड़ने पर मंगलवार शाम करीब 6 बजे परिजन गांव में ही स्थित डा. रवि के श्री साईं क्लीनिक पर ले गए। आरोप है कि चिकित्सक ने महिला को सामान्य प्रसव होने का भरोसा दिलाकर भर्ती कर लिया। काफी देर तक जब महिला को हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजनों ने चिकित्सक से जानकारी की लेकिन चिकित्सत उन्हे सब सामान्य होने को आश्वस्त करता रहा। परिजनों के अनुसार रात 2 बजे तक डिलीवरी नहीं हुई, तब चिकित्सक ने प्रसूता को कहीं और ले जाने के लिए रैफर कर दिया। आनन-फानन में परिजन महिला को टीएमयू हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजन डाक्टर रवि के क्लीनिक पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। काफी देर तक हंगामे के बाद परिजन शव लेकर अपने गांव को रवाना हो गए।

# प्रदेश में क्यूआर कोड लागू करना सराहनीय

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** प्रदेश में मिलावट खोरी रोकने को एफएसडीए ने क्यूआर कोड व्यवस्था लागू करने की सराहना की गयी। उत्तर प्रदेश में मिलावट खोरी रोकने के लिए एफएसडीए ने सैंपल जांच पर क्यूआर कोड व्यवस्था लागू कर दी है। अब किसी भी खाद्य पदार्थ या दवा के सैंपल पर जांच से पहले क्यूआर कोड लगाया जाएगा, जिससे सैंपल भेजने और जांच करने वाली टीम की मिलीभगत खत्म होगी। लखनऊ लैब में यह व्यवस्था शुरू हो चुकी है और जून से सभी सैंपलों पर क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

### जांच करने वाली टीम की मिली भगत होगी खत्म

आयुक्त राजेश कुमार ने निर्देशित करते हुए कहा है कि इससे सैंपल बदलने और खराब होने की घटनाओं पर रोक लगेगी और जांच में पारदर्शिता आएगी। जल्द ही यह व्यवस्था प्रदेश की सभी लैब में लागू होगी। इसकी लोगों ने सराहना की है।सराहना करने वालों में राजा, योगेन्द्र सिंह यादव, संजय शर्मा, देवप्रकाश यादव, देवेन्द्र सिंह आदि हैं।

# गोवंश के गोबर से तैयार कराएं उत्पाद

**सम्भल।** जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से गोआश्रय स्थल का निरीक्षण कर गौशाला के आर्थिक लाभ को गोवंश के गोबर से उत्पाद तैयार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट बहजोई विकास खंड के ग्राम घासीपुर स्थित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। डीएम ने गोवंश को हरा चारा खिलाने और नापियर घास लगाने के निर्देश दिए। जबकि गौशाला को आर्थिक लाभ प्राप्त हो और गौशाला में सदुपयोग हो सके इसके लिए गोवंश के गोबर से उत्पाद तैयार कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डा. शैलेन्द्र सिंह, ओमवीर सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# बिना लाइसेंस उर्वरक दुकानदार पर दर्ज हुइ एफआईआर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उर्वरक को लेकर की जा रही कालाबाज़ारी और ओवर रेटिंग पर प्रशासन सख्त हो गया है। शासन के निर्देशों पर डीएम के निर्देश पर गठित टीम ने उर्वरक विक्रेताओं के दुकानों पर आज छापेमार कार्यवाही की। छापे में 17 नमूने संग्रहीत किये जबकि तीन को नोटिस जारी किए गए। जबकि एक विक्रेता की दुकान से 90 बैग यूरिया मिलने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी।

बुधवार को जिलाधिकारी द्वारा टीम गठित कृषि विभाग के साथ राजस्व और अन्य विभाग ने संयुक्त रूप से उर्वरक दुकानों पर छापमार कार्यवाही की। छापे के दौरा जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा ने थाना हजरत नगर गढ़ी में एक उर्वरक विक्रेता विठान उर्फ बंटी पुत्र मशाद अली ग्राम मुकर्रबपुर

### डीएम के निर्देश पर गठित टीम ने की छापमारी, सभी उत्पाद सील

के पास 90 बैग यूरिया मिला। दुकानदार के पास उसे बेचने के लिये विक्रय प्राधिकार पत्र उपलब्ध नहीं था। टीम ने उसके सभी उत्पाद को सील कर, प्राथमिकी दर्ज करा दी। कुछ दिन पूर्व भी उर्वरक संग्रहित करने के कारण बीच पूरी (ब्लॉक पवांसा) के कृषक पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। इसी के साथ उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी दी गई कि कोई भी उर्वरक विक्रेता नियमानुसार विक्रय नहीं करेगा तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। इसी के साथ सभी विक्रेता स्टॉक बोर्ड और स्टॉक रजिस्टर को मेंटेन रखने व भौतिक उर्वरक और पास मशीन में अंतर ना होने तथा ृषकों को पोस से बिल उपलब्ध कराए, किसी भी प्रकार की टैगिंग अथवा ओवर रेटिंग ना कराने के निर्देश दिए। इसमें से किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर कार्यवाही सुनिश्चित की भी चेतावनी दी।



सम्भल। हयात नगर पुलिस द्वारा स्मैक के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी

# स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अपराधियों की धर पकड़ को चलाये जा रहे अभियान मे पुलिस ने स्मैक के साथ तीन को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 19 ग्राम स्मैक बरामद की।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव के निर्देशन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार भाटी व थाना प्रभारी थाना हयातनगर संजीव कुमार सोम के नेतृत्व अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण एवं स्मैक रखने व बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सारिक पुत्र अब्दुल खालिक निवासी ठेर दरीबा थाना कोतवाली सम्भल. अजीम पुत्र अनीस निवासी महमूद खां सराय थाना नखासा,अन्सार उर्फ लाला पुत्र सुलेमान निवासी मौहल्ला भूडा एक मीनार वाली मस्जिद के पीछे थाना हयातनगर को कोटला ईदगाह से कुछ कदम सम्भल गवा रोड की ओर मेन रोड से बाये ओर बनी चारदिवारी में 19 ग्राम स्मैक व करीब 1655 बजे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्धमुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। आरोपियों को पकड़ने में उपनिरीक्षक सुधीर कुमारहे; कां. तेज सिंह,हे. कां. विकास कुमार, का. विश्वास चौधरी,अरुण कुमार, मोहित तोमर शामिल रहे।

# मानक के विपरीत डीजे किए पुलिस ने सीज़

**सम्भल।** हयातनगर थाना पुलिस ने 12 फीट से ऊंचे किसी निजी काम के लिए जा रहा था,कानून व्यवस्था अपराध एवं मानक से अधिा डीजे के कॉलम एन ध्वनि एवं बड़े वाहनों के बॉडी से बहार डीजे निकल कर सड़क पर अतिक्रमण फैलाने वालों के विरुद्ध चलाया। अभियान में थाना पुलिस ने डीजे को रोक लिया और वाहन को सीज कर दिया। हयात नगर थाना प्रभारी संजीव कुमार सोम ने बताया कि हयात नगर थाना क्षेत्र ग्राम दतावली जाने वाले डीजे संचालक अंकुश प्रजापति पुत्र गंगाराम निवासी गांव पेतिया का था।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गयी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

बदायूं दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर फतेहपुर गांव के पास बाइक सवार बबराला के मोहल्ला कल्लू नगला निवासी विशाल उर्फ बंटी (27) पुत्र लाला राम को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से मौत हो गई है। वहीं मृतक के भाई ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराया है। उसकी तीन वर्ष पहले चंदौसी की प्रीति के साथ शादी हुई थी। बंटी कुछ समय से चंदौसी ससुराल में ही रह रहा था। बीती रात बंटी के द्वारा भाई जयप्रकाश को फोन कर चंदौसी से ले जाने की बात हुई थी। देर रात होने के कारण भाई ने सुबह ले जाने की बात की।

### पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

लेकिन फतेहपुर गांव के नजदीक अज्ञात वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त बाइक के साथ बंटी मृतक अवस्था में मिला है। लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई जयप्रकाश ने बताया मृतक भाई विशाल उर्फ बंटी छह भाई बहनों में सबसे छोटा था। पुलिस ने उसके शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।



सम्भल। शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर तिरंगा लेकर जयकारे लगाते दुकानदार।

# शुभांशु सम्पूर्ण विश्व के लिए शुभः दर्वेश सैनी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अंतरिक्ष में 18 दिन रह कर धरती पर शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर आयोजित गर्वोद्रि कार्यक्रम में भारत माता की जय कार हुई, शुभांशु शुक्ला को संपूर्ण विश्व की लिए प्रेरणा स्रोत बताकर दुकानदारों ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय जयकार की।

नगर की तिरंगा मार्केट में आयोजित गर्वोद्रि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप प्रधान दुर्वेश सैनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिनों के प्रवास के बाद शुभांशु शुक्ला ने जिस प्रकार अंतरिक्ष में मील का पत्थर साबित किया है और करोड़ों

### अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की वापसी पर तिरंगा मार्केट में लगा जयकारे

भारतीयों के स्रोत बने हैं। ऐसे में शुभांशु शुक्ला विश्व के लिए शुभ हैं। तिरंगा मार्केट के प्रधान नोमान ने कहा कि न केवल भारतीय बल्कि संपूर्ण विश्व शुभांशु शुक्ला की सफल अंतरिक्ष यात्र पर हम सब गदगद हैं। ऐसे में प्रत्येक भारतवासी गर्व और गौरव का इजहार कर रहा है। इसी गर्व और गौरव को व्यक्त करने के लिए तिरंगा मार्केट में सफलतापूर्वक गर्वोद्रि कार्यक्रम आयोजित हुआ है, जिसके तहत हम सभी दुकानदारों ने एकत्र होकर अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर भारत माता की जय जय कार कर रहे हैं और शुभांशु शुक्ला के लिए परमपिता परमात्मा से दीर्घायु की प्रार्थना कर रहे हैं। इस मौके पर मोहम्मद आबिद हुसैन, हाजी हबीब, आदित्य शर्मा, राव आकिफ, अहमद हुसैन, हसन पेंटर,जीतपाल प्रजापति, शोएब, विनय यादव, जुनैद, अहमद, बिलाल, अजय कुमार शर्मा आदि दुकानदारों में अपने हाथों में तिरंगा लेकर वंदे मातरम और भारत माता की जय जयकार के नारे लगाकर शुभांशु शुक्ला जिंदाबाद कहकर गर्वोद्रि कार्यक्रम सार्थक किया। कार्यक्रम का संचालन नोमान प्रधान ने किया।

# एक और नामजद पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी में दर्ज अभियोग में वांछित आरोपियों को चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया। जबकि तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है।

गौर तलब है कि नौ जुलाई को मौहल्ला शर्की में दो पक्षों द्वारा ने एक दूसरे पर आक्रामक होते हुए लाठी डंडो व धारदार हथियार से हमला कर दिया था। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गयी थी थी। पुलिस चौकी सिरसी प्रभारी मौह. शाह फैसल की तहरीर पर पुलिस ने शांति व्यव्स्था भंग करने आदि में हजरत नगर गढ़ी थाने में सत्रह नामजद और तीस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसमें पुलिस ने पूर्व में तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। चौकी प्रभारी मौहम्मद शाह फैसल व हेड कांस्टेबिल सोबरन सिंह ने एक ओर नामजद आरोपी जुल्फकार उर्फ भुटटो पुत्र अहसान को कस्बा बहजोई से गिरफ्तार कर लिया। चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर उसका भी चालान कर दिया गया। मामले में नामजद सत्रह आरोपियों में अभी तेरह आरोपी गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है।



सम्भल। एक दूसरे पर हमले के आरोप में गिरफ्तार नामजद।

# गंगा नदी की पौराणिक महत्ता से बच्चों को कराया अवगत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा संचालित गंगा पुस्तक परिक्रमा के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए एक रचनात्मक एवं जागरूकता आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पीएम श्री विद्यालय आटा में सत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहानी वाचन सत्र में बच्चों को रोचक ढंग से गंगा नदी की पौराणिकता, संस्कृति और पर्यावर्णीय महत्ता से अवगत कराया। जबकि गंगा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता जिसमें छात्रों ने रंगों के माध्यम से गंगा के महत्व और उसके संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल करवाने में प्रधानाचार्य चयनिका ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से करवाने में अहम भूमिका निभाई। इस आयोजन ने बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरणीय चेतना को भी बढ़ावा दिया, और गंगा के प्रति भावनात्मक जुड़ाव स्थापित किया। विजेता बच्चों को राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की पुस्तक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम में बनियाखेड़ा ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी विनोद गंगवार मुख्य अतिथि रहे जबकि विनोद कुमार गुप्ता,रूपा रस्तोगी, अनुज कुमार ,रेनू, ज्योति, अरविंद कुमार , आरती ,सुमित कुमार का सहयोग रहा। संचालन कुलदीप ने किया।

# संगठन विस्तार को पदाधिकारी नियुक्त

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भाकियू बीआरएसएस के संगठन विस्तार को ग्राम बटौआ में संजीव सैनी को ब्लॉक मंत्री, टेकचंद सिंह को ग्राम प्रभारी, दीनपाल सिंह को ग्राम महासचिव, दिनेश पाल सिंह को ग्राम प्रभारी, झंडू सिंह को ग्राम सचिव, पप्पू सैनी को ग्राम महासचिव, चन्द्र सेन को ग्राम सचिव नियुक्त किया गया

# शुभांशु के सकुशल लौटने पर मिष्ठान का वितरण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नासा के एक्सिओम मिशन-4 पर गए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन से सकुशल लौटने भाजपा कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया। भाजपा सभासद मीना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा भारत माता के जयकारों का उद्घोष किया गया जिससे परिसर गूंज उठा। सभासद मीना गुप्ता ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नया इतिहास रचा है। यह हर भारतवासी के लिए गौरवपूर्ण क्षण है।इस दौरान विनय राजीव, दिनेश कौशल, उमेश आदि रहे।

# टैक्सेशन बार से की फीस तय

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** टैक्स बार एसोसिएशन की मासिक बैठक में जीएसटी एवं आयकर,रिटर्न एवं सेवाओं को लेकर चर्चा की गई।

बार कक्ष में आयोजित बैठक में रिटर्न एवं सेवाओं को न्यूनतम फीस तय की गई। बैठक में बार के चुनाव की तिथि नियत करते हुए चर्चा की गई। बैठक में बताया कि 25 अगस्त को चुनाव कराया जाएगा। जबकि मीटिंग में इनकम टैक्स रिटर्न एवं नए फार्म को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ बार के समक्ष आए सदस्यता ग्रहण करने के दो आवेदकों के आवेदनों को सर्व समिति से स्वीकार किया गया। इसी के साथ नए आवेदक यावर खान यूथ वसीम खान एवं रशीद अहमद बार में शामिल किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट संजीव कुमार शर्मा व संचालन एडवोकेट मोहम्मद अकरम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राजू रस्तोगी मुशिफक हुसैन महफूज हुसैन जियाउद्दीन एडवोकेट शाने आलम खान एडवोकेट फ़ुरान खान एडवोकेट मोहम्मद आजम मोहम्मद शोएब ईश्वर चंद सैनी मोहम्मद अजीज फैजान अहमद अजमत अली सोहेल खान मंसूर मोहम्मद खालिद सोहेल मुनीर अहमद तकी नावेद अली मोहम्मद कासिम अश्वनी गोयल शदान अली शामिल रहे।

# सांसद संजय सिंह आज सम्भल का करेंगे दौरा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं सम्भल, असमोली व चंदौसी विधानसभा प्रभारी आतिर हुसैन ने बताया कि पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह आज सम्भल दौरे पर रहेंगे। राज्यसभा सांसद संजय सिंह दोपहर 12:30 बजे सम्भल पहुंचेंगे। वे पहले चौधरी सराय स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद ग्राम कल्याणपुर और ग्राम रिठाली (दिल्ली हसनपुर रोड, सम्भल) में स्थित सरकारी स्कूलों का दौरा करेंगे। वे लगभग 12:45 बजे ग्राम कल्याणपुर पहुंचेंगे।

# 206 सालों से परिवार करता आ रहा श्रीमदभागवत कथा


शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** माँ भागीरथी के आशीर्वाद के चलते पुत्र रत्न की प्राप्ति हो जाने के बाद एक गंगा भक्तों श्रृद्वालुओं ने मां गंगा के घाट ग्राम असदपुर में श्रीमद् भागवत कथा करने का जो प्रण लिया उसको आज 206 वर्ष हो जाने के बाद उसी के परिवार के सदस्य करते आ रहे हैं। बता दें कि कथा वाचक परिवार की वंश बृद्धि रुक गई थी तो वह असदपुर में गंगा स्नान करने को आए थे और यही गंगा घाट असदपुर पर मां गंगा से प्रार्थना की थी। अगर मेरे वंश में वृद्धि होती है तो मैं आप की श्रीमद्भागवत कथा गुरु पूर्णिमा से ग्राम असदपुर में ही किया करूंगा और आगे मेरे स्वर्ग सिधारने के बाद मेरे ही परिवार के वंशज ग्राम असदपुर में श्रीमद्भागवत कथा करेंगे। इसके बाद पुत्र की प्राप्ति हो गई। इस वर्ष 2025 को श्रीमद् भागवत कथा के 206 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं।इस दौरान योगेन्द्र सिंह, उमाकांत शर्मा, महेश चंद्र, रामकिशोर, मनोज खन्ना, दामोदर, मनीष तिवारी, गुडडन आदि रहे।

# टीएमयू के कृषि वैज्ञानिक देंगे आयुक्त की पहल को नए पंख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** यूं तो आन्जनेय कुमार सिंह यूपी में सीनियर आईएएस अफसर हैं, लेकिन देश के धरतीपुत्रों की दशा और दिशा उनके चिंतन में हमेशा रचती-बसती है। वह एकांत में हों या फिर काश्तकारों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि अफसरान, एग्रीकल्चर स्टुडेंट्स के संग संवाद में हों, एक बड़ा सवाल सदैव कौंधता रहता है- इंडियन फादर ऑफ फूड यानी अन्नदाताओं की माली हालत में करीब-करीब आठ दशकों बाद भी कोई आमूल-चूल परिवर्तन क्यों नहीं आया है। यूं तो 60 के दशक में भारत रत्न एवम् पदम विभूषण एमएस स्वामीनाथन की दूरदृष्टि हरित क्रांति के रूप में अवतरित हुई। बावजूद इसके इन साढ़े पांच दशकों से में यह बड़ा परिवर्तन अवश्य आया है, भारत खाद्यान्न उपज- विशेषकर गेहूं में एक्सपोर्टर से इंपोर्टर बन गया। सिक्किम कैडर के श्री सिंह की फिलवक्त प्रतिनियुक्ति बतौर मंडलायुक्त मुरादाबाद में है। जोश, जुनून और जज्बे से लबरेज 2005 के इस आईएएस को सौंपी गई जिम्मेदारी सदैव शानदार प्रतिफल के रूप में सामने है।




आपका दो दशक का प्रशासनिक अनुभवों का ट्रैक रिकॉर्ड अविस्मरणीय है। जल, जंगल और जमीन से इस आला अफसर की बेपनाह मुहब्बत प्रारम्भ से ही जग-जाहिर है। 2015 में यूपी सरकार के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव एवम् सिंचाई विभाग की एकीकृत जल प्रबंधन परियोजना के सीईओ के रूप में वॉटरशेड प्रबंधन की जिम्मेदारी मिली तो जीपीएस आधारित वॉटरशेड के कार्य को एक मॉडल के रूप में स्वीकृति मिल गई। सिक्किम से लेकर यूपी तक खेत-खलिहान और काश्तकार भी सोच में रहे। सिकुड़ता रकबा, अस्वस्थ मिट्टी, असंशोधित बीज, सिंचाई प्रबंधन, बेहतर उपज, फसलों की विविधता, बाजार, भंडारण, प्रसंस्करण सरीखे चिंता और चिंतन विषय रहे हैं। इस ब्लूप्रिंट में एग्रो क्लाइमेंट जोन, हिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर, प्रजेंट डे एग्रीकल्चर एंड एलाइड सेक्टर स्टेट्स, स्टेट्स ऑफ इंस्टिट्यूशनल सपोर्ट, कोर्डिनेशन विद् सेकेंडरी सेक्टर, एलाइड सेक्टर, बैलेंस सीट ऑफ एग्रीकल्चर, प्रॉब्लम्स इन एग्रीकल्चर, रोल ऑफ एग्रीकल्चर इन वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी सरीखे मुख्यतः नौ बिन्दु हैं। इनमें से प्रजेंट डे एग्रीकल्चर एंड एलाइड सेक्टर स्टेट्स और कोर्डिनेशन विद् सेकेंडरी सेक्टर की वर्किंग तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कृषि वैज्ञानिकों को सौंपी गई है। श्री आन्जनेय कुमार के इस महायज्ञ में टीएमयू के कृषि वैज्ञानिक भी अपनी आहूति देंगे। टीएमयू के ये कृषि वैज्ञानिक मिट्टी की सेहत, बीज की गुणवत्ता, भंडारण की व्यवस्था, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग, सर्टिफिकेशन के संग-संग फूड प्रोसेसिंग और कृषि प्रोसेसिंग में एथेनॉल का उत्पादन, सीड प्रोसे. सिंग यूनिट है या नहीं आदि का शोध अध्ययन करेंगे। बकौल मंडलायुक्त हरित क्रांति से पूर्व और फिलवक्त भी सर्वाधिक ग्रामीण कृषि पर निर्भर हैं। हरित क्रांति से उत्पादन तो बढ़ा, लेकिन कृषि एक कारोबार के रूप में नहीं बदल पाई। सरकारों की ओर से खेती की सूरत-सीरत बदलाव को एक से बढ़कर एक योजनाएं बनाई गईं। काश्तकारों को आर्थिक सहयोग के संग-संग तमाम तरह के कृषि सुधार भी किए गए। फिर भी कृषि को पेशे का दर्जा नहीं मिला। इस आला अफसर के चिंता का यह सबसे बड़ा सबब है। मौजूदा समय में देश की करीब 65 प्रतिशत जनसंख्या खेती में संलग्न है, फिर भी देश की जीडीपी में खेती की भागीदारी बेहद कम है। इस पायलट प्रोजेक्ट में इन कृषि वैज्ञानिकों का जिम्मा जमीनी हकीकत को तलाशना और फिर तराशना है। इन शोधपरक आंकड़ों के संग कृषि पुस्तिका तैयार होगी, ताकि सूबे की सरकार के जरिए केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक प्रखर सोच के एग्रीकल्चर विद्वान एक और हरित क्रांति के ग्रासरूट खाका तैयार कर सकें।

# राष्ट्रीय पुरुष आयोग की मांग को लेकर पीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चन्दौसी।** देश में बढ़ते पुरुष उत्पीड़न के मामलों को लेकर अब आवाज तेज होने लगी है। इसी क्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भेजते हुए 'राष्ट्रीय पुरुष आयोग' के गठन की मांग की है। यह ज्ञापन जिलाधिकारी सम्भल एवं उप जिलाधिकारी चंदौसी के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि जैसे पहले महिलाओं की समस्याओं को उठाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन किया गया था, वैसे ही वर्तमान समय की सामाजिक परिस्थितियों में पुरुषों के लिए भी एक संवैधानिक पुरुष आयोग की आवश्यकता है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कुछ महिलाएं मौजूदा कानूनों का दुरुपयोग कर न केवल अपने पति बल्कि उनके पूरे परिवार को झूठे मामलों में फंसा रही हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया



गया कि महिलाएं पति से अलग होने के बाद दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, मानसिक शोषण जैसे मामलों में झूठे आरोप लगाकर पुलिस और न्यायपालिका का गलत फायदा उठा रही हैं, जिससे कई पुरुष आत्महत्या जैसे चरम कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द राष्ट्रीय पुरुष आयोग का गठन किया जाए, झूठे मुकदमों की निष्पक्ष जांच के लिए विशेष सेल बने, जांच में झूठे आरोप साबित होने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रेम ग्रोवर (जिलाध्यक्ष), शाह आलम, प्रमोद कृष्णा, अनुज बर्णवाल, रमेश शैवाल, उमेशचंद्र आदि रहे।

# टिमिट के मेधावी छात्रों का इंटर्न्सएलिट एडुटेक प्रा. लिमिटेड में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिये वैश्विक कॉर्पोरेट कंपनीयों के द्वार हमेशा खुले हैं व सभी बडी कंपनियाँ टिमिट के छात्र-छात्राओं को अन्य संस्थानों की तुलना में वरीयता प्रदान करती है। टिमिट छात्र-छात्राओं की कार्पोरेट जगत में भारी माँग है। बडी कंपनियों में लगातार छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंन्ट होना संस्थान, फैकल्टिज् व इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ प्लेसमेंट सैल की उत्तम कार्य प्रणाली को दर्शाता है। इसी क्रम में प्रतिष्ठित कंपनी "इंटर्न्सएलिट एडुटेक प्रा. लिमिटेड" ने टिमिट के एमबीए के भाग्यशाली विद्यार्थियों आकाश जैन, आकृति जैन, ओशो सक्सेना और प्रिया जैन को कैरियर काउंसलर



आकाश जैन | आकृति जैन | ओशो सक्सेना | प्रिया जैन

एक्जीक्यूटिव के पद पर गुडगाँव में ज्वाइनिंग हेतु आमंत्रित किया। इंटर्न्सएलिट एडुटेक प्रा. लिमिटेड एक अग्रणी एजुटेक कंपनी है, जो युवाओं को उनके करियर पथ को सही दिशा देने हेतु मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान करती है। इन छात्रों का चयन कंपनी द्वारा आयोजित सघन चयन प्रक्रिया के पश्चात किया गया, जिसमें समूह चर्चा, व्यक्तिगत साक्षात्कार और स्किल असेसमेंट शामिल थे। इस कंपनी में कार्य करना न केवल विद्यार्थियों के लिए एक शानदार अवसर है, बल्कि उनके पेशेवर विकास की दिशा में एक सशक्त शुरुआत भी है। चारों विद्यार्थी अब इस प्रतिष्ठित संगठन का हिस्सा बनकर कॉर्पोरेट क्षेत्र में अपने करियर की नई शुरुआत करेंगी।इस अवसर पर प्रो. विपिन जैन डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की कंपनियों में कार्य करते हुये उंचाइयों को प्राप्त करना ही व्यवसायिक एमबीए कोर्स का उद्देश्य होता है यह सफलता टिमिट की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, करियर-उन्मुख प्रशिक्षण और छात्राओं की मेहनत का परिणाम है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिबद्ध है विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व उन्होंने कहा कि टिमिट मंडल का अग्रणी संस्थान है और यहां के विद्यार्थियों को लगातार उच्च स्तर का प्लेसमेंट मिल रहा है। टिमिट में निरंतर हो रहे प्लेसमेंट और कॉर्पोरेट सेक्टर की बढ़ती रुचि यह सिद्ध करती है कि संस्थान का शैक्षणिक वातावरण, फैकल्टी व प्लेसमेंट सैल की कार्यप्रणाली अत्यंत प्रभावी है।

## एक नजर

### मूंढापांडे एयरपोर्ट के विस्तार के लिए किसानों संग बैठक



**मूंढापांडे।** भदासना एयरपोर्ट के विस्तार के लिए मूंढापांडे में किसानों से सहमतिपत्र के लिए टाहनायक गांव के पंचायत घर में बैठक की गई, एयरपोर्ट से सटे टाहनायक गांव के किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, जिला प्रशासन इस प्रक्रिया को तेज कर रहा है। अन्य किसानों से भी जल्द सहमतिपत्र देने की अपील की है,1250 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 29 करोड़ रुपये की लागत से एयरपोर्ट तैयार किया गया है। यहां एक टर्मिनल है और 19 सीटर विमानों के उड़ान भरने की अनुमति डीजीसीए की ओर से मिली है। भविष्य में 500 एकड़ जमीन पर एक और टर्मिनल बनाकर व रनवे का विस्तार कर 84 सीटर विमान उड़ाने की योजना है। अब तक फ्यूल स्टेशन न बन पाने के कारण यहां से उड़ानें शुरू नहीं हो सकी हैं,टाहनायक के लेखपाल आशीष जौहरी ने बताया कि किसानों से बात की गई है, उपजिलाधिकारी के साथ किसानों की बैठक होने के बाद ही कोई डिसीजन लिया जाएगा।

### उपखंड कार्यालय कांठ में आज बिजली विभाग कैंप लगाकर कराएगा उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान



**कांठ।** उपखंड कार्यालय कांठ में अधिशासी अभियंता द्वितीय मुरादाबाद के नेतृत्व में एक मेगा कैंप का आयोजन आज किया जा रहा है जिसमे उपखण्ड अधिकारी , अवर अभियंता एवं मीटर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बिल संशोधन लिपिक उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं के खराब मीटर और खराब बिल तथा अन्य किसी समस्या का मौके पर ही निस्तारण करेंगे। एसडीओ सचिन रस्तौगी के मुताबिक कैम्प में खराब बिल की शिकायत हेतु उपभोक्ता को 4 से 5 मिनट की मीटर रीडिंग की वीडियो लानी होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा लागू एक मुश्त समाधान योजना 2024 -25 का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं। एक मुश्त समाधान योजना का यह अंतिम चरण चल रहा है जो की दिनांक 31 जुलाई 2025 को समाप्त हो जाएगा इसमें जो भी बकायदार रह जाएंगे उन पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से इस अवसर का लाभ उठाए जाने का आह्वान किया है।

### झगड़े में भांजे ने मामा का सिर फोड़ा

**चन्दौसी।** भांजे ने मामा को ही निशाना बना डाला जिससे मामा के सिर में गंभीर चोट आयी हैं। मामला निकटवर्ती रामनगर कैथल गांव का बताया गया। मामा द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गई है जिसमें कहा गया कि वह गुरगांव थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र का निवासी है। लेकिन वेदराम ने रिश्तदारों को बुलाकर फैसला व लेनदेन को लेकर तिथि निर्धारित करने के उपरांत मामला निपट गया परंतु राजू के मामा केदार 16 जुलाई को लगभग 11:30 बजे वेदराम पुत्र स्व0 विजयपाल व संजू आदि ने अपने मामा को घेरकर गाली-गलौंज करने लगे। मना करने पर मामा केदार को लाठी डंडों से पिटाई कर घायल कर दिया। जिससे सिर में चोट आई है। घायल केदार ने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन चुस्त



**कांठ।** कॉवडियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन चुस्त है 24 घंटे पुलिस सड़कों पर गस्त कर रही है और निर्धारित स्थानों पर लगातार ड्यूटी दी जा रही है। आज दोपहर बाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने ड्यूटी स्थलों का निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए और जिन स्थानों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी है उन्हें पूरी सजगता के साथ वही तैनात होना चाहिए। लापरवाही बरतने पर उन्होंने कार्रवाई की चेतावनी दी इस दौरान अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# 150 वर्षों से झारखंड महादेव धाम बना हुआ है आस्था का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** तहसील चन्दौसी क्षेत्र में थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव छावड़ा से 01 किलोमीटर पूरब में स्थित झारखंड मंदिर का इतिहास 150 वर्ष से अधिक पुराना है। यहां सावन व फाल्गुन मास की शिवरात्रि को वर्ष में दो बार मेला भी लगता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामपुर, मुरादाबाद, बदायूं, बरेली, संभल आदि जनपदों से आकर जलाभिषेक करते हैं एवं कावड़ भी चढ़ाते हैं तथा प्रत्येक सोमवार को भी यहां सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। गांव के बुजुर्ग पूरन सिंह भगतजी बताते हैं कि डेढ़ सौ वर्ष पूर्व यहां झाडिघ्यों के बीच बरगद के वृक्ष की जड़ में शिव. लिंग का प्रकाट्य हुआ था। यहां से निकटवर्ती गांव खंदेली जिला रामपुर निवासी अलबेले सिंह के पिता अलबेले सिंह को उपचार करने यहां होकर पैदल गुजर रहे थे। गर्मी अधिक होने के कारण झाडिघ्यों के बीच खड़े बरगद के वृक्ष की



छांव में आराम करने बैठ गए। तभी उन्हें बरगद के वृक्ष की जड़ में शिवलिंग दिखाई दिया। उन्होंने शिवलिंग के बारे में बुजुर्गों से चर्चा की और अगले दिन वहां साफ सफाई कर पूजा अर्चना शुरू कर दी तभी से उनका नवजात बेटा अलबेले सिंह सही हो गया। धीरे-धीरे यहां की मान्यता बढ़ गई और आसपास के लोग जलाभिषेक करने के लिए आने लगे। तभी से यहां का नाम झारखंड महादेव पड़ा। मंदिर के व्यवस्थापक चन्द्रवीर सिंह रघुवंशी (फलाहारी) बताते हैं कि यहाँ झारखंड महादेव के बारे में मान्यता है कि यहाँ जो भी श्रद्धालु श्रद्धा भाव से आकर जलाभिषेक करता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है तथा यहाँ झाड़ू चढाने से शरीर पर मस्से आदि चर्मरोग ठीक हो जाता है। प्रत्येक सोमवार को यहाँ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आकर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक करते हैं। बता दें कि झारखंड धाम शिव मंदिर (छाबड़ा) को श्रद्धालुओं के सहयोग से महंत द्वारकादास एवं व्यवस्थापक चंद्रवीर सिंह रघुवंशी की देखरेख में मंदिर को भव्य स्वरूप दिया गया है। यहां कुल पांच मंदिर हैं जिसमें शिव मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि देव मंदिर एवं दुर्गाजी मंदिर भी हैं। मुख्य मंदिर को तीन मंजिल तक बनाकर भव्य स्वरूप दिया गया है जिसमें प्रथम मंजिल भूतल पर शिवलिंग विराजमान है तथा दूसरी मंजिल परपंचमुखी शिव एवं तीसरी मंजिल पर भगवान नटराज की प्रतिमा विराजमान है।

# घोसियो वाली पुलिया के पास हुए जल-भराव से लोग परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** घोसियों वाली पुलिया के पास हुए जल भराव के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है उन्होंने नगर पंचायत से इस समस्या के निदान कराए जाने की मांग उठाई है। बतादे की नाले में पॉलिथीन का अत्यधिक प्रयोग जल निकासी के लिए भी हानिकारक होता है और इसी के चलते जरा सी बारिश पड़ने पर यहां जल भराव की स्थिति पैदा हो जाती है।

इस मार्ग पर कई स्कूल होने के कारण छात्र छात्राओं को स्कूल आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है मोहल्ले के पप्पू गुर्जर अमित कुमार विशाल कुमार शुभम कुमार पवन कुमार राजपाल सिंह चंद्रपाल सिंह आदि ने जल भराव से निजाद दिलाए जाने की मांग की है।

# मुख्तियारपुर नवादा में सास बहू सम्मेलन आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** मुख्तियारपुर नवादा गांव के आयुष्मान मंदिर में सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सास बहू के प्रेम के बारे में समझाया गया और परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई। सम्मेलन में संचारी रोग के बारे में बताया गया और इससे सुरक्षित रहने के उपाय की जानकारी भी दी गई। इस दौरान अच्छे विचार रखने वाली सास और बहू को प्रथम द्वितीय और तृतीय है पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में सीएचओ मुकेश कुमार आशा सुपरवाइजर किरण लता आशा प्रभारानी सिखा बीना रानी आमना खातून अनीता देवी उमा देवी रीता मिथिलेश गंगा देवी गीता देवी आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम ZAKIR ALI BEG था, अब मैंने अपना नाम **ZAKIR ALI BAIG** कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी गली कालू बेग मुगलपुरा 2, मुरादाबाद।

## ओमी लाला फार्म हाउस स्थित शिव मंदिर में वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**चन्दौसी।** बुधवार को नगर के बदायूं रोड स्थित ओमी लाला फार्म हाउस प्रांगण में स्थापित शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें नगर के शिव भक्तों ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लाला ओमप्रकाश गुप्ता, कपिल गुप्ता ओएलएफ, सजल गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, डॉ टीएस पाल, गिरीश रतन, सभासद तरुण नीरज, पंकजश्री, सुधीर मल्होत्रा, हरेन्द्र को. हली, मनोज दिवाकर, शुभम अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, दीपमाला गुप्ता, प्रतिभा चौधरी आदि मौजूद रहे।

# स्क्रूटनी परिणाम के उपरांत कक्षा 12 के छात्र कार्तिकेय सहरावत ने जनपद की टॉप-10 सूची में आठ वां स्थान किया प्राप्त

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ के कक्षा 12 के छात्र कार्तिकेय सहरावत पुत्र अखिलेश कुमार बिश्नोई ने 25 अप्रैल को जारी इंटरमीडिएट के रिजल्ट में 500 में से 447 अंक प्राप्त किए थे छात्र को अंग्रेजी विषय में 83 अंक प्राप्त हुए थे अंग्रेजी विषय की स्कूटनी में 10 अंकों की वृद्धि के बाद अंग्रेजी में 83 अंक से बढ़कर 93 अंक प्राप्त हो गए जिससे छात्र का कुल प्राप्तांक 447 से बढ़कर 457 हो



गया। 91. 4 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद की टॉप 10 सूची में आठ वां स्थान प्राप्त किया है जिले की टॉप 10 सूची में विद्यालय के छात्र-छात्राओं छात्रों की संख्या बढ़कर 3 हो गई है ।जिससे छात्र के परिजनों एवं विद्यालय में हर्ष का माहौल है इसी के साथ हाई स्कूल की छात्रा श्रद्धा यादव का भी स्कूटनी में 2अंको की वृद्धि के बाद जिले की वरीयता सूची में छठे स्थान से पांचवा स्थान हो गया है प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र एवं छात्रा को बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**कार्यालय नगर पालिका, बिलारी ( मुरादाबाद )**

पत्रांक: मीमो/न.पा.परि.बि./2025-26 दिनांक: 19.06.2025

**::नोटिस::**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मौहल्ला बाजार तहसील, बिलारी स्थित भवन संख्या-305 जो गृहकर अभिलेखों में श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नी स्व० श्री डोरी लाल निवासी मौहल्ला बाजार बिलारी जिला मुरादाबाद के नाम दर्ज है पर श्रीमति खुशी सक्सैना पुत्री श्री अशोक कुमार सक्सैना पत्नी श्री अनुराग विशारिया हाल निवासी मौहल्ला गोला गंज चन्दौसी जिला सम्भल के द्वारा उक्त भवन को गृहकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज करने हेतु इस कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र दिनांक- 05.05.2025 को प्रेषित किया है जिसके साक्ष्य में इनके द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण, वसियतनामा बिलामालियती वारिसान प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत की गयी है।

| क्र. सं. | भवन संख्या | मौहल्ला | वर्तमान में दर्ज नाम | नाम परिवर्तन की दशा में गृहकर का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 305 | बाजार | श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नी श्री डोरी लाल | श्रीमति खुशी सक्सेना पुत्री स्व. श्री अशोक कुमार सक्सेना पत्नी श्री अनुराग विशारिया। |

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस की दिनांक के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के प्रस्तुत कर सकता है। बीत जाने मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बिलारी ( मुरादाबाद )।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र प्रेम सिंह व पुत्रवधू श्रीमती रजनी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। बाबू पुत्र ठकुरी निवासी अहरौला पोस्ट व थाना मूंढापांडे तहसील व जिला मुरादाबाद

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मुस्ताकीम, पुत्रवधू श्रीमती शब्बो, पौत्र मोहम्मद शारिक व पौत्री सुमायला को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। बिलकिस पत्नी यासीन व यासीन पुत्र सद्दीक निवासी गण दिल्ली रोड बुध बाजार गली नंबर-1 पाकबड़ा, थाना पाकबडा, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली/संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र गौरव व पुत्रवधू श्रीमती करिश्मा उर्फ गुड़िया निवासी मोहल्ला सराय फारूक वाल्मीकि बस्ती चामुंडा रोड पेट्रोल पंप के बराबर में अगवानपुर थाना सिविल लाइंस मुरादाबाद को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदम. ेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सतपाल पुत्र नन्हे राम निवासी चामुंडा रोड नान चर्च चढ़डा रोड अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र पुनीत कुमार को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में पुनीत कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मुन्नीलाल पुत्र रामस्वरूप निवासी चतरपुर नायक पोस्ट मेवला कलां तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाया सफाई व जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामाजिक कार्यकर्ता संस्थान एनजीओ द्वारा बिलारी नगर में कचरा प्रबन्ध ,कचरा पृथक्करण व खुले में कचरा न पड़े इसके लियें जागरूकता अभियान चलाया व खुले में पड़े कचरे के ढेर को साफ कराकर सफाई अभियान चलाया।

बिलारी नगर के मोहल्ला ठाकरान रजा मस्जिद पर नल के कोने पर लोग लम्बे समय से खुले में सड़क पर अपने घरों का कचरा डालते हैं जिससे वहाँ गन्दगी रहती है और बीमारियां फैलती है। इस समस्या को लेकर नगर के सामा. जिक कार्यकर्ता व स्वच्छता योद्धा नोमान जमाल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व जागरूकता अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत उन्होंने नगर पालिका परिषद का सहयोग लेकर घर घर स्वच्छता मिशन एनवायरोमे. कर के तहत सर्वे किया है जिसमे पता चला है कि अधिकांश लोग गीला व सूखा कचरा अलग नहीं कर रहे हैं व लोग कचरा कूड़ा गाड़ी में न डालकर खुले में सड़क पर ही डाल रहे हैं ऐसे में उन्होंने लोगो से अपील की है कि कचरे की ये समस्या जटिल है अत: इससे छुटकारा पाने हेतु हम सबको जागरूक होना पड़ेगा ओर कचरा छांटकर सड़क पर फेंकने की बजाय सुबह आने वाली कूड़ा गाड़ी में ही डालना होगा। बताया कि लोगो ने उनकी इस बात का समर्थन किया है। उन्होंने कूड़ा पड़ने वाली जगह की सफाई कराई और इस पायलट प्रोजेक्ट को जल्द ही पूरे शहर में शुरू करने की बात कही।

# अग्रसेन इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट की हुई भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी की सब यूनिट महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट की भर्ती की गई। एनसीसी लेने के इच्छुक छात्र बड़ी संख्या में सुबह से ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रहे थे और उनमें जबरदस्त जोश था।भर्ती प्रक्रिया में सर्वप्रथम कैडटों की हाइट नापी गई। इसके बाद कैडटों की एक किलोमीटर की दौड़ कराई गई सिट अप पुश अप कराए गए बाद में उनका मेडिकल किया गया। जो कैडेट दौड़ में मेडिकल में उत्तीर्ण हुए उनकी बाद में लिखित परीक्षा आयोजित कराई गई लिखित परीक्षा का परिणाम शीघ्र घोषित किया जाएगा और चयन किए गए कैडटों का जल्द प्रशिक्षण शुरू होगा।मेजर राजीव ढल ने बताया की नई भर्ती किए गए कैडटों को 2 वर्ष का कठिन प्रशिक्षण दिया जाएगा इन्हे ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, नक्शा अध्ययन, फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट, सामाजिक सेवाओं और साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इन कैडटों को 2 वर्ष में एक कैंम्प करना होगा और 2 वर्ष बाद होने वाली बी प्रमाण पत्र की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी तब इन कैडटों को बी प्रमाण पत्र दिया जाएगा जो सरकारी और गैर सरकारी सेवाओं में व सैन्य बलों में इन्हें भर्ती के दौरान वरीयता दी जाती है।आज एनसीसी कैडेट भर्ती 23 यू पी बटालियन एन सी सी के मेजर राजीव ढल,सूबेदार मेजर मुकेश कुमार, सूबेदार राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई इस भर्ती प्रक्रिया में श्रीमती रति कौशिक, श्रीमती मोनिका शर्मा कैडेट अनूप कुमार यादव, सिद्धार्थ कुमार, मोहम्मद रेहान, विशेष कुमार, राहुल कुमार का विशेष योगदान रहा।



# कार्यालय नगर पंचायत ढकिया-मुरादाबाद

पत्रांक: 128/न0प0ढकिया/2025-26 — **दिनॉक:** 15.07.2025

**अन्तर्गत धारा-131(3) उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916**

सर्व साधारण एवं प्रभावित होने वाली व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद बोर्ड की बैठक दिनॉक 25.01.2025 में पारित प्रस्ताव के अधीन भवन मानचित्र/भवन निर्माण के कार्य को विनियमित तथा नियंत्रित करने सम्बन्धित प्रवृत्त उपविधियाँ-2025 के लिये सुझाव एवं आपत्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर मांगें जाते है।

नगर पंचायत ढकिया का कोई निवासी जिसे अधोलिखित प्रस्ताव अथवा उक्त उपनियम के आलेख पर कोई आपत्ति हो या सुझाव देना हो तो इस नोटिस के समाचार पत्र में प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन के भीतर कार्यालय में आपत्ति / सुझाव लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**नगर पंचायत ढकिया, मुरादाबाद में भवन निर्माण के कार्य को विनियमित एवं नियंत्रित करने सम्बन्धी उपविधियाँ-2025**

नगर पंचायत ढकिया, जनपद-मुरादाबाद के द्वारा अपनी सीमान्तर्गत निवासित व्यक्तियों की सुविधाओं में अभिवृद्धि, उनके अनुरक्षण और उनके स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से संयुक्त प्रान्त नगरपालिका अधिनियम, 1916 (सं० प्रा० अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 298 (1) की सूची 1 के शीर्षक 'ए'/'क' (भवन) सपठित धारा 294 के अधीन निर्मित भवन निर्माण के कार्यों को विनियमित तथा नियंत्रित करने सम्बन्धित निम्न वर्णित उपविधियों को नगर पंचायत ढकिया, के द्वारा धारा 298 '2' नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत् लागू किया जाता है, जोकि प्रकाशन की दिनांक से अथवा प्रख्यापित किये जाने की दिनांक, (जो भी बाद में हो) से प्रवत्त होगी / प्रभावी होगी ।

**उपविधियां**

1- (1) यह उपविधि नगर पंचायत ढकिया , जनपद मुरादाबाद में " भवन निर्माण के कार्य को विनियमित तथा नियंत्रित करने सम्बन्धी उपविधि कहलायेगी।
(2) यह सम्पूर्ण नगर पंचायत ढकिया जनपद मुरादाबाद क्षेत्र में प्रवृत्त होंगी।
(3) यह उपविधि 01 अक्टूबर 2025 अथवा प्रख्यापित किये जाने की दिनांक ( जो भी बाद में हो) से प्रवृत्त होगी।

2- **परिभाषायें**- विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस नियमावली मे-
(1) ''भवन'' का तात्पर्य किसी मकान, उपगृह, अस्तवज, झादक (शेड) झोंपड़ी या अन्य बाड़ा या ढ़ाचे से है, चाहें वह पक्की ईंट लकड़ी मिट्टी, धातु या चाहें किसी भी अन्य पदार्थ से बना हो, चाहें उसका उपयोग मनुष्यों के रहने के लिये अथवा अन्यथा किया गया हो, और उसके अन्तर्गत् कोई बरामदा चबूतरा मकान की कुर्सी, देहली, दीवार जिसमें किसी उद्यान या कृषि भूमि जो किसी भवन से अनुलग्न ना हो की चारदीवारी से भिन्न किसी अहाते की दीवार सम्मिलित है, किन्तु इसके अन्तर्गत् कोई तम्बू या अन्य कोई ऐसी परिवहनीय अस्थाई आश्रय स्थल नहीं है ।
(2) ''अधिनियम'' से तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम-1916 से है ।
(3) ''उपविधि'' का तात्पर्य अधिनियम के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके बनाई गई उपविधि से है।
(4) ''नक्शा नवीस/मानचित्रकार''का अभिप्राय नगर पंचायत ढकिया के अनुज्ञा/लाईसैन्स प्राप्त मानचित्रकार/नक्शानवीस से है ।
(5) ''व्यवसायिक निर्माण'' से तात्पर्य उस निर्माण से है, जो कि व्यापार, उद्योग आदि के कार्य के लिए निर्मित किया गया हो, जिनमें दुकानें, व्यापारिक गोदाम, बैंक, सिनेमा, थियेटर, स्केटिंग हॉल, बारात घर, नर्सिंग होम, व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, क्लब एवं शोरूम आदि हैं।
(6) औधोगिक निर्माण, से तात्पर्य ऐसे निर्माण से है जो कि किसी वस्तु,उपकरण,आदि के निर्माण एवं समुच्चयन (assemble) के लिए किया गया हो परन्तु इसमें हलवाई, रेस्टोरेन्ट आदि शामिल नही है।
(7) ''जन उपयोगी सेवा के निर्माण'' से तात्पर्य ऐसे निर्माण जो कि जनकल्याण हेतु किये जायें से है, जिसमें धार्मिक स्थल, धर्मशाला, वृद्धाश्रम, विधवाश्रम, अनाथालय व गरीबी रेखा से नीचे यापन करने वाले व्यक्तियों के लिये निर्मित आवास से है।
(8) ''शासकीय सम्पत्ति'' से तात्पर्य उस सम्पत्ति से है, जिसका निर्माण उत्तर प्रदेश शासन अथवा केन्द्र सरकार के द्वारा अपने धन से नगर पंचायत **ढकिया** की सीमा में किया गया हो, जिसमें अस्पताल, थाना व अन्य सरकारी विभागों के कार्यालय के भवन से है ,परन्तु केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के उपक्रमों की सम्पत्ति शामिल नही है।
(9) ''निवास गृह'' से तात्पर्य ऐसे भवनों से है, जिसका उपयोग तीर्थ यात्रियों के ठहरने के लिये अथवा यात्रियों के आवास के लिये निर्मित हो, से है ।
(10) ''अधिसूचना'' से तात्पर्य सरकारी गजट में प्रकाशित अधिसूचना से है ।
(11) ''विहित अधिकारी'' का तात्पर्य ऐसे अधिकारी से है, जिसे राज्य सरकार ने सरकारी गजट में अधिसूचना के द्वारा नियुक्त किया हो ।''
(12) ''नगर पंचायत का अधिकारी'' से तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया के चेयरपर्सन एवं अधिशासी अधिकारी अथवा प्रभारी अधिकारी से है।''
**स्पष्टीकरण**-ऐसे शब्दों और पदों को जो इस उपविधि में परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में प्रयुक्त है, वही अर्थ होंगे जो नगरपालिका अधिनियम 1916 में उनके लिये दिये गये हैं।

3- **विभिन्न भवनों के निर्माण के लिये नक्शा/मानचित्र स्वीकृत करने के लिये शुल्क निम्न प्रकार देय होगा-**
(1) आवासीय भवन दशा में- आवसीय भवन के निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति हेतू प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा -

| | | |
|---|---|---|
| (क) | 50 वर्गमीटर तक | 1000/-रू, |
| (ख) | 50 से अधिक और 100 वर्गमीटर तक | 2000/-रू, |
| (ग) | 100 से अधिक और 150 वर्गमीटर तक | 3000/-रू, |
| (ड) | 150 से अधिक और 200 वर्गमीटर तक | 4000/-रू, |
| (च) | 200 से अधिक और 300 वर्गमीटर तक | 5000/-रू, |
| (छ) | 300 वर्गमीटर तक से अधिक अतिरिक्त प्रत्येक 50 वर्गमीटर या उसके भाग के लिये | 500/-रू, |

(2). व्यवसायिक भवन की दशा में-व्यवसायिक भवन निर्माण दुकानों, व्यापारिक, गोदाम, बैंक, सिनेमा, थियेटर, स्केटिंग हॉल, बारात घर, नर्सिंग होम, व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, क्लब एवं शोरूम आदि उपरोक्त प्रकार के भवन) के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा -

| | |
|---|---|
| (क) 20 वर्गमीटर तक | 2000/-रू., |
| (ख) 20 वर्गमीटर से अधिक और 50 वर्गमीटर तक | 3500/-रू., |
| (ग) प्रत्येक अतिरिक्त 10 वर्गमीटर या उसके भाग तक | 1000/-रू., |

**स्पष्टीकरण** - संयुक्त आवासीय तथा व्यवसायिक भवन को व्यवसायिक भवन माना जायेगा।
(3) औद्योगिक भवन की दशा में- आद्योगिक भवन के निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा -

| | |
|---|---|
| (क) 150 वर्गमीटर के लिये | 4000/-रू., |
| (ख) प्रत्येक अतिरिक्त 100 वर्गमीटर या उसके भाग के लिए | 1000/-रू |

(4) निजी शैक्षिक उपयोग के भवन की दशा में-निजी शैक्षिक, उपयोग के भवन के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मन्जिल आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा -

| | |
|---|---|
| (क) 100 वर्गमीटर के लिये | 1000/-रू. |
| (ख) प्रत्येक अतिरिक्त 50 वर्गमीटर अथवा उसके भाग के लिए | 500/-रू. |

(5) केवल किसी चाहरदीवारी की दशा में-प्रत्येक प्रकार की किसी भी चाहरदीवार (Boundary Wall) के मानचित्र की स्वीकृति हेतु शुल्क निम्न प्रकार देय होगा-

| | |
|---|---|
| (क) प्रथम 100 वर्ग मीटर के लिए | 1000/-रू. |
| (ख) प्रत्येक अतिरिक्त 50 वर्ग मीटर या उसके भाग के लिये | 500/-रू |

4- **परन्तु अग्रेतर यह है , कि किसी भी प्रकार के भवन निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति निम्नवर्णित शर्तो के साथ दी जायेगी -**
(1) भूतल सहित तीन मंजिला अथवा 12 मीटर से अधिक ऊंचाई के समस्त भवन/मंजिल, तल अथवा बहुमंजिला भवन भूकम्परोधी तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप निर्मित किया जायेगा। (शासनादेश संख्या-1410/9-2-2001-7(12)/01 न0वि0अनु0-2, दिनांक 30 अगस्त, 2001 के अनुसार)
(2) प्रत्येक प्रकार के भवन में एक या अधिक (आवश्यकतानुसार) शौचालय होना आवश्यक है।
(3) 300 वर्गमीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्ड वाले भवन के लिये जल-संचयन (Water Harvesting) प्रणाली का होना अनिवार्य होगा ।
(4) वह व्यक्ति जिसके स्वामित्व/प्रबन्ध या नियन्त्रण में कोई बाजार, स्कूल, थियेटर, सिनेमा, सार्वजनिक अभिगम आदि या औद्योगिक भवन (फैक्ट्री आदि) हो, वह उनमें उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916(2) की धारा 268 के अन्तर्गत पर्याप्त शौचालयों और मूत्रालयों की उचित व्यवस्था और दैनिक सफाई सुनिश्चित करायेगा ।
(5) ऐसे समस्त भवनों जिनके लिए अग्निशमन /दमकल (Fire Brigade) विभाग द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र अपेक्षित हो, उनके निर्माण की स्वीकृति से पूर्व अग्निशमन का अनापत्ति प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा।
(6) पूर्व से निर्मित/स्थापित धार्मिक भवन उदाहरणार्थ मन्दिर, मस्जिद, गुरूद्वारा एवं गिरजाघर आदि से 200 मीटर अर्द्धव्यास क्षेत्र में किसी नये धार्मिक भवन का निर्माण नहीं किया जायेगा, परन्तु उपरोक्त दूरी के सापेक्ष यदि शासन द्वारा कोई दूरी निर्धारित की जाती है, तो वह मान्य होगी।
(7) उपरोक्त धार्मिक भवन निर्माण की स्वीकृति से पूर्व शासन/प्रशासन की अनुमति अनिवार्य होगी।

5- **प्लान ( मानचित्र ) की स्वीकृति के लिये प्रक्रिया-**
(1) भवन के निर्माण, पुर्ननिर्माण या परिवर्धन/परिवर्तन आदि सम्बन्धित समस्त प्लान (मानचित्र) (तीन प्रतियों में) प्रार्थना-पत्र सहित अधिशासी अधिकारी अथवा अध्यक्ष नगर पंचायत को प्रस्तुत किये जायेंगे, जिसके साथ स्वामित्व के कागजात एवं समस्त विशिष्टियों का शपथपत्र (नोटेरी प्रमाणित) भी दिया जायेगा।
(2) मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व सम्बन्धित वार्ड के राजस्व मौहर्रिर / टैक्स कलैक्टर, निर्माण लिपिक /अधिकृत लिपिक एवं सम्बन्धित लेखपाल (यदि आवश्यक हो) अथवा अन्य सक्षम कर्मचारी / अधिकारी जिसे नगर पंचायत उचित समझे , की आख्या प्राप्त की जायेगी, तत्पश्चात् मानचित्र को अधिशासी अधिकारी अथवा अध्यक्ष के द्वारा नगर पंचायत के अवर अभियन्ता के पास उनके विभाग से सम्बन्धित विषयों पर सूक्ष्म जांच कर मत देने हेतु भेजा जायेंगा।
(3) यदि किसी मानचित्र स्वीकृत कराने वाले व्यक्ति के द्वारा प्रस्तुत स्वामित्व के अभिलेख में कोई संषय अध्यक्ष अथवा अधिशासी अधिकारी को प्रतीत होता है तब उसके लिये नगर पंचायत के अधिवक्ता अथवा जिला शासकीय अधिवक्ता अन्य कोई समक्ष प्राधिकारी जिसे नगर पंचायत उचित समझे, से विधिक राय भी प्राप्त की जा सकेगी जिसका व्यय मानचित्र स्वीकृत कराने वाले व्यक्ति को नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा।
(4) नगर पंचायत के द्वारा प्लान (मानचित्र) की स्वीकृति केवल तभी प्रदान की जायेगी-
(क) जब नगर पंचायत के अवर अभियन्ता द्वारा जाचोंपरान्त मत सहित अनापत्ति प्रमाण-पत्र दे दिया गया हो,
(ख) भूमि के स्वत्व (title of land) की पुष्टि हो गई हो,
(ग) यदि मामले में नगर पंचायत अधिवक्ता अथवा जिला शासकीय अधिवक्ता से विधिक राय प्राप्त की गई हो और राय प्रतिकूल ना हो,
(घ) नगर पंचायत को इस बात से समाधान हो गया हो कि प्रार्थी/स्वामी ने विहित विशिष्टियों के अनुसार भवन निर्माण किये जाने के लिये पर्याप्त गारण्टी दे दी है।
(4) मानचित्र स्वीकृत किये जाने का आदेश अधिशासी अधिकारी की संस्तुति से नगर पंचायत चेयरपर्सन/ प्रभारी अधिकारी के द्वारा इन शर्तों के साथ पारित किया जायेगा कि यदि भवन स्वामी के द्वारा प्रचलित किसी भी नियम/उपनियम / शासनादेश का उल्लघंन किया जाता है अथवा सम्बन्धित भूमि में सरकारी/नगर पंचायत की भूमि /अन्य किसी व्यक्ति की भूमि शामिल होती है तब ऐसी स्थिति में मानचित्र स्वत: निरस्त माना जायेगा। मानचित्र पर मानचित्र स्वीकृत करने वाले अधिकारी के रूप में अधिशासी अधिकारी एवं चेयरपर्सन /प्रभारी अधिकारी (जैसी भी स्थिति हो )के हस्ताक्षर होगें जिसकी एक प्रति नगर पंचायत कार्यालय में मूल आदेश के साथ सुरक्षित रखी जायेगी तथा मानचित्र की दो प्रतियॉ एंव मानचित्र स्वीकृत करने का पत्र जो कि अधिशासी अधिकारी के द्वारा अपने हस्ताक्षरों से जारी किया जायेगा भवन स्वामी को दिया जायेगा।

6- नगर पंचायत की सीमा में किसी भी आवासीय/व्यवसायिक कॉलोनी का निर्माण बिना नगर पंचायत की स्वीकृति के नहीं होगा तथा प्रत्येक कॉलोनी के मानचित्र की स्वीकृति के लिये कुल भूमि का 50/-रू. प्रतिवर्गमीटर की दर से शुल्क बाह्य विकास शुल्क के रूप में देय होगा तथा उक्त कॉलोनी के निर्माण की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन होगी -
(1) कॉलोनी की सड़कें कम से कम 7.5 मीटर चौडी होंगी तथा उक्त सड़क की लम्बाई 100 मीटर से अधिक नहीं होगी, यदि 100 मीटर से अधिक कॉलोनी की सडक की लम्बाई होती है तब सडक की चौडाई कम से कम 9 मीटर चौडी होगी, तथा मुख्य सडक से एप्रोच रोड कम से कम 12 मीटर होगी तथा यथासम्भव सडकें समकोण पर मिलाई जायेगी ।
(2) कॉलोनी में पानी की निकासी आदि के लिये नाला / नाली मानक के अनुसार अनिवार्य रूप से निर्माण कराने की जिम्मेदारी कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी की होगी।
(3) कॉलोनी में मानक के अनुसार पक्की सडकों के अनिवार्य रूप से निर्माण की जिम्मेदारी भी कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी की होगी।
(4) कॉलोनी में पेड़ों आदि की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ही करनी होगी।
(5) कॉलोनी में 15 प्रतिशत भूमि पर पार्क आदि का निर्माण करना होगा, यथासम्भव सड़के समकोण पर मिलाई जायेंगी।
(6) कॉलोनी में जलापूर्ति के लिये पाईप लाईन व प्रकाश व बिजली की व्यवस्था भी कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ही अनिवार्य रूप से करनी होगी।
(7) कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ही कॉलोनी का पूर्ण निर्माण करने के पश्चात् पूर्णता प्रमाणपत्र नगर पंचायत से प्राप्त करना होगा तथा उसके पश्चात् उक्त कॉलोनी नगर पंचायत प्रबन्धन में हो जायेगी तथा उसके पश्चात् कॉलोनी से गृहकर/जलकर आदि अन्य कर प्राप्त करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा, तथा उसके पश्चात् कॉलोनी में सुविधाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी नगर पंचायत की होगी।
(8) अगर व्यक्ति/फर्म/कम्पनी अपने द्वारा निर्मित कॉलोनी के रख रखाव की जिम्मेदारी स्वयं करना चाहती है अथवा आर0डब्लयू0,ए0 बनाकर करना चाहती है तब उसके लिये उसे नगर पंचायत से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होगा और नगर पंचायत की कोई जिम्मेदारी कॉलोनी के अन्दर किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने अथवा निर्माण कराने की नही होगी। परन्तु नगर पंचायत इस उपविधि के अनुसार लगाये जाने वाले गृहकर/जलकर / अन्य कर को लगाने की अधिकारी होगी जिसकी दर इस सम्बन्ध में निर्मित उपविधि के अनुसार लगाये जाने वाले ग्रहकर/जलकर/अन्य कर का आधा होगी।
(9) जहॉ पर निर्माण सम्बन्धित नियम स्पष्ट नहीं हैं, वहॉ पर नेशनल बिल्डिंग कोड (एन.बी.सी.) के प्रावधान लागू होगें ।
(10) कॉलोनी में आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड को क्रय करने वाले व्यक्ति को अपने द्वारा किये जाने वाले निर्माण का मानचित्र नगर पंचायत से नियमानुसार स्वीकृत करवाना होगा जिसके सम्बन्ध में भवन मानचित्र से सम्बन्धित नियम/शर्तें लागू होंगी।

7- **मानचित्र स्वीकृति की अवधि** -
(1 मानचित्र उस समय प्रचलित नियमों के अनुसार केवल एक वर्ष के लिये वैध होगा, तथा उस समयावधि के अर्न्तगत भू स्वामी को भवन का निर्माण प्रारम्भ करना होगा,
(2) यदि भवन स्वामी उपनियम 5(1) के अनुसार अवधि बीतने से पूर्व भवन का निर्माण प्रारम्भ नहीं करता है तो अवधि समाप्त की दिनांक से तीन माह तक 100/-रू. प्रतिमाह का शुल्क अदा करके मानचित्र को वैध करवाना होगा तथा उसके पश्चात् प्रत्येक माह के लिये 50/-रू. शुल्क अदा करे मानचित्र को वैध करवाया जा सकता है, जो कि अधिकतम 3 वर्षों तक के लिये किया जा सकता है इसके पश्चात् पुन: नये मानचित्र की प्रक्रिया अपनानी होगी तथा पूर्व में अदा शुल्क की कोई राशि नये मानचित्र में समायोजित नहीं की जा सकेगी, और ना ही वह राशि वापिस ही की जायेगी,
(3) निर्धारित समयावधि समाप्त हो जाने के पश्चात् यदि भवन स्वामी के द्वारा स्वीकृत मानचित्र के आधार पर मानचित्र को पुन: वैध करवाये बिना निर्माण किया जाता है, तब वह निर्माण अवैध निर्माण माना जायेगा तथा उसके सम्बन्ध में वही प्रक्रिया अपनाई जायेगी जो कि अवैध निर्माण के सम्बन्ध में अपनाई जाती है ।
(4) भवन स्वामी के द्वारा किये गये उक्त अपराध को समझौता शुल्क जमा करवाकर नियमानुसार शमन किया जा सकता है।
(5) कोई भी भवन निर्माण व्यवसायिक/आवासीय भवन की दशा में मानचित्र के अनुसार मानचित्र स्वीकृत कराने के अधिकतम 3 वर्षो में पूर्ण कराना आवश्यक होगा।
(6) कॉलोनी का मानचित्र स्वीकृत कराने की दशा में कॉलोनी में मानचित्र के अनुसार निर्माण मानचित्र स्वीकृत कराने के अधिकतम 5 वर्षो में किया जाना आवश्यक होगा।

8- **नगर पंचायत के द्वारा स्वीकृत मानचित्र का संशोधन** -
(1) नगर पंचायत के द्वारा स्वीकृत किसी मानचित्र के संशोधन के लिये प्रार्थनापत्र प्रस्तावित संशोधित मानचित्र के साथ मानचित्र स्वीकृति के लिये दिये गये नियमों के अनुसार नगर पंचायत में प्रस्तुत किया जा सकता है।
(2) मानचित्र के संशोधन के लिये स्वीकृति दिये जाने से पूर्व केवल इस बाबत जॉच की जानी होगी कि वह संशोधन किसी उपविधि अथवा नियम के विरूद्ध तो नहीं करवाया जा रहा है, इसके अतिरिक्त पुन: किसी अन्य ऐसी जॉच अथवा आख्या की कोई आवश्यकता मानचित्र के संशोधन के लिये नहीं होगी जो कि पूर्व में ही मूल मानचित्र के लिये प्राप्त की जा चुकी हो।
(3) मानचित्र के संशोधन के आवेदन पर पूर्व शुल्क की राशि का 1/2 देय होगा।

9- **मानचित्र स्वीकृति के लिये विभिन्न नियम**-
(1)उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916(2) की धारा 212-क द्वारा प्रदत्त शक्ति के अधीन नियत दूरी तक नगर पंचायत क्षेत्र के बाहर ऐसी शर्तों और परिसीमा के अधीन जो विहित की जाये, किसी भवन, मार्ग या नाली के निर्माण को नियन्त्रित तथा विनियमित कर सकेंगी।
(2) उपरोक्त उपनियम/भवन निर्माण के सम्बन्ध में उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 में शासन द्वारा यदि कोई संशोधन किया जाता है, अथवा शासनादेश निर्गत किया जाता है, तो ऐसा संशोधन/शासनादेश इस भवन निर्माण उपनियम में यथासमय सम्मिलित/प्रभावी माना जायेगा।
(3) नगर पंचायत की स्वीकृति के लिये प्रस्तुत प्रत्येक प्रकार के निर्माण का मानचित्र नगर पंचायत के द्वारा लाईसैन्स प्राप्त नक्शानवीस के द्वारा ही हस्ताक्षरित होगा।
(4) आवासीय भवनों के निर्माण के लिये निर्माण में कुल 20 प्रतिशत क्षेत्रफल आगे व पीछे की तरफ खाली छोड़ना अनिवार्य होगा।
(5) व्यवसायिक भवनों को अपने भवन में पार्किग की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
(6) मानचित्र स्वीकृत होने के पश्चात् यदि भूमि का स्वामित्व नगर पंचायत अथवा अन्य किसी राज्य/केन्द्रीय सरका /अन्य किसी राज्य/केन्द्र सरकार में पाया जाता है, तब मानचित्र स्वत: ही निरस्त माना जायेगा, और उस मानचित्र के आधार पर कोई अधिकार व्यक्ति को प्राप्त नहीं होंगे।

10- **मानचित्र स्वीकृत करवाये बिना निर्माण करने की दशा में प्रक्रिया**-
(1) अगर कोई व्यक्ति बिना मानचित्र स्वीकृत करवाये किसी भी प्रकार का निर्माण करता है, तब उस निर्माण को अवैध निर्माण माना जायेगा तथा उस अवैध निर्माण को हटवाने का पूर्ण अधिकार नगर पंचायत को प्राप्त होगा।
(2) परन्तु यदि ऐसा निर्माण अगर नियमों के अनुसार निर्मित है, तब वह व्यक्ति अपना मानचित्र लाईसैन्सधारी मानचित्रकार/नक्शानवीस से बनवाकर तथा उपविधियों में नियत शुल्क अदा करके अपना मानचित्र स्वीकृत करवाने के लिये नगर पंचायत में प्रस्तुत कर सकेगा और नगर पंचायत ऐसे मानचित्र को आवासीय भवन के लिये समझौता शुल्क रू0 3000 लेकर निर्माण को नियमित कर सकेगा, लेकिन व्यवसायिक निर्माण के लिये समझौता शुल्क 5,000/-रू. होगा, लेकिन किसी धार्मिक स्थल, धर्मशाला आदि निर्माणों के लिये समझौता शुल्क नगर पंचायत की टैक्स कमेटी अपने विवेक के अनुसार निर्धारित करेगा।
(3) यदि ऐसा कोई निर्माण उपनियमों के अनुसार निर्मित नहीं है, तब ऐसे निर्माण को नियमित नहीं किया जा सकेगा, और ना ही ऐसे किसी मामले में समझौता ही किया जा सकेगा, तथा ऐसे निर्माण को नगर पंचायत ढकिया से हटाये जाने की अपेक्षा कर सकेगी अथवा नगर पंचायत के द्वारा स्वंय हटवाया जा सकेगा, तथा ऐसे अवैध निर्माण को हटाने के लिये जो व्यय होगा उसे भी भवन स्वामी से ही नियमानुसार वसूल किया जा सकेगा और नगर पालिका अधिनियम -1916 के अर्न्तगत् दिये गये प्रावधानों के अर्न्तगत् चालान आदि की कार्यवाही भी ऐसे भवन स्वामी के विरूद्ध नियमानुसार की जा सकेगी।

11. यदि 200 वर्गमीटर या उससे कम क्षेत्रफल के भूखण्ड वाले भवन के लिये मानचित्र स्वीकृत कराने का आवेदन प्रस्तुत करते समय यदि मानचित्र जल संचयन (water harvesting) प्रणाली लगाने का प्रावधान मानचित्र में होता है तब ऐसी स्थिति में मानचित्र स्वीकृत करने के शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी परन्तु यदि भवन निर्माण पूर्ण होने के पश्चात निरीक्षण में यदि मानचित्र के अनुसार जल संचयन (water harvesting) प्रणाली भवन में लगी नही पाई जाती है तब ऐसी स्थिति में मानचित्र स्वीकृत करने के शुल्क के 5 गुने के बराबर धनराशि भवन स्वामी से वसूल करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा।
12. यह कि उक्त उपविधियों में आवश्यक संशोधन नगर पंचायत के बोर्ड के प्रस्ताव द्वारा किया जा सकेगा।

**आवेदन-पत्र यथास्थिति निम्नलिखित सूचनाओं और दस्तावेजों के साथ जमा किया जायेगा-**

13. मानचित्रों के चार सेट नियत शुल्क अदा कर प्रस्तुत किये जायेगें।
14. जमा किये जाने वाले मानचित्रों में ''की प्लान'' साईट प्लान'' तलपट मानचित्र और सर्विसेज प्लान भी शामिल होगें।
15. समस्त मानचित्र अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा तैयार किये जायेगे और उनके द्वारा नाम, अनुज्ञाप्ति संख्या दर्शाते हुए हस्ताक्षर किये जायेगे इसके अतिरिक्त भू-भवन स्वामी के हस्ताक्षर भी होगें।
16. पंजीकृत बैमाने की छायाप्रति।
17. आधार कार्ड की छाया प्रति
18. आवेदक/आवेदिका के फोटो।
19. शमन मानचित्र हेतु निर्मित भवन का फोटो ग्राफ।

**भू-गृह ( बेसमेन्ट )-**

20. बेसमेन्ट को रिहायसी उपयोग में नही लाया जायेगा तथा बेसमेन्ट में शौचालय या रसोईघर का निर्माण अनुमन्य नही होगा।
21. आन्तरिक खुले स्थल (कोर्टयार्ड) तथा शाफ्ट के नीचे बेसमेन्ट का निर्माण अनुमन्य होगा।
22. बेसमेन्ट का निर्माण बगल की सम्पत्तियों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी सुनिश्चत करते हुए भू-खण्ड की सभी सीमाओं से न्यूनतम 6 फुट छोडने के बाद ही अनुमन्य होगा।

**बेसमेन्ट का प्रयोजन निम्नानुसार होगा।**
(क) घरेलू सामान, अज्वलनशील पद्वार्थ या अन्य सामान का भण्डारण ।
(ख) आवासीय भवन से भिन्न भवनों में डार्करूम, कोषकक्ष, बैक सेलर आदि।
(ग) वातानुकूलन उपकरण एवं अन्य मषीनें जो भवन की अनिवार्य सुरक्षा के लिए लगाई जाये ।
(घ) पार्किग स्थल और गैराज।
(ड) पुस्कालयों के अज्जवलनशील भण्डार कक्ष (स्टैकिंग रूम)।

23. बेसमेन्ट का प्रयोग भाग, फर्श से बीम तक न्यून्तम 7 फुट तथा अधिकतम 15 फुट तथा अधिकतम 15 फुट ऊॅचा होगा।
24. बेसमेन्ट में पर्याप्त संवातन सुनिश्चत किया जायेगा।
25. बेसमेन्ट की सीलिंग संलग्न रोड लेवल से न्युनतम 3 फुट तथा अधिकतम 4 फुट ऊपर होगी।
26. सतह का पानी बेसमेन्ट में प्रवेश न करने पाये इस हेतु व्यवस्था करनी होगी।

**अपराधों का शमन उपविधि**

27. मानचित्र में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार अवैध निर्माण दर्शाये जायेगे ''फ्रंन्ट'' साईड'' एवं पीछे के सैट बैक में अनाधिकृत निर्माण शमनीय होगा।
28. शमन शुल्क अवैध निर्माण के लिए निर्धारित शुल्क द्वारा लिया जायेगा।
29. रूपये 10.00 प्रतिवर्ग फुट शमन शुल्क आवासीय भवन में आच्छाादित क्षेत्रफल पर लिया जायेगा।
30. रूपये 10.00 प्रतिवर्ग फुट शमन शुल्क व्यावसायिक भवन में आच्छाादित क्षेत्रफल पर लिया जायेगा।
31. नगर पंचायत ढकिया की सीमा से 2 मील की दूरी तक विविध निर्माण कार्यों यथा- भवन निर्माण, सड़क निर्माण , नाली /नाला निर्माण, जल निकास आदि को नियन्त्रित /विनियमित करने की शक्ति नगर पालिका अधिनियम -1916 की धारा 212क के अन्तर्गत नगर पंचायत बोर्ड में निहित होगी।
32. नगर पालिका बोर्ड में निहित अथवा उसके प्रबन्धन में निहित सम्पत्तियों पर यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से कब्जा करता है , कब्जा होने के समय से कब्जा मुक्त होने तक की अवधि का वित्तीय मूल्यांकन कराकर विधिक कार्यवाही करने एंव दण्ड अध्यारोपित करने की शक्ति नगर पंचायत बोर्ड में निहित होगी।
33. नगर पंचायत ढकिया की सीमा से लगे हुए क्षेत्र की सड़क/नाला/नाले आदि को यदि कोई व्यक्ति/कॉलोनी नाईजर /संस्था नगर पंचायत ढकिया की सीमा के अन्तर्गत सड़क / नाली / नाले आदि जोड़ना चाहता है , तो नगर पालिका अधिनियम - 1916 की धारा 202, 203, 204 एंव 205 के अन्तर्गत लिखित में आवेदन नगर पंचायत को प्रस्तुत करेगा जिस पर नगर पंचायत बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई विभिन्न शर्तो के अधीन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पंचायत बोर्ड में निहित होगा।
34. यदि कोई व्यक्ति/कालोनीलाईजर / फर्म/संस्था आदि बिना अनुमति के नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क, भवन, नाली/नाला आदि का निर्माण करता पाया जाता है , तो नगर पालिका अधिनियम- 1916 की धारा 207 एंव 208 के अन्तर्गत नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए उक्त निर्माण को ध्वस्त करने के उपरान्त जुर्माना वसूलने की शक्ति नगर पंचायत बोर्ड में निहित होगी।
35. किसी भी मार्ग को सार्वजनिक मार्ग के रूप में नगर पालिका अनिधिनियम- 1916 की धारा 221 के अन्तर्गत अंगीकार किया जा सकेगा।

**दण्ड**

यदि कोई भी व्यक्ति उपविधि का उल्लंघन करता है, तो उसके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

36- उपरोक्त उपविधियों में वर्णित नियमों के विपरीत कोई नियम/निर्देश शासन के द्वारा शासनादेश के माध्यम से जारी किया जाता है तब उक्त उपविधियों के प्रभाव में रहते हुये भी शासनादेश उपविधियों पर प्रभावी होगा और उक्त शासनादेश के विपरीत उपविधि होने की स्थिति में शासनादेश में दिये गये नियमों के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

**( रामेश्वर दयाल )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद**

**( मुजम्मिल हुसैन )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद**

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

■ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मरीजों से ली जानकारी







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी ने मुरादाबाद स्थित जिला चिकित्सालय पुरुष एवं जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे ऑपरेशन थिएटर, हड्डी वार्ड, ओपीडी एसएनसीयू सहित विभिन्न वार्डों में पहुंची और वहां मौजूद मरीजों और तीमारदारों से डॉक्टरों द्वारा नियमित विजित करने के बारे में पूंछा साथ ही दवाइयों की उपलब्धता के बारे के भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने करीब ढाई घंटे पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। हड्डी वार्ड में रिक्त बेड होने के कारणों के बारे में उन्होंने प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता से जानकारी प्राप्त की जिस पर उन्होंने बताया कि कांवड़ के दृष्टिगत बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी अपरिहार्य परिस्थिति में तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सके।

उपाध्यक्ष ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में उपलब्ध हाजिरी रजिस्टरों का भी अवलोकन किया जिसमें उन्होंने पाया कि कई डॉक्टर उपस्थिति दर्ज करके ड्यूटी स्थल से गैर हाजिर हैं, जिस पर उन्होंने नारा. जगी भी जताई।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जा रहा है, पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता कराई जा रही है परंतु जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान प्रभावी पर्यवेक्षण न किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक स्तर से नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की जाए और यह सुनिश्चित कराया जाए की डॉक्टर निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें।

इसके बाद उन्होंने सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बाल विकास एवं परियोजना विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में गर्भवती महिलाओं से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री हर्ष मवार और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## राधेश्याम बने लेखपाल संघ के अध्यक्ष, हिमांशु बने सचिव

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी चुनाव अधिकारी अली हुसैन, सहायक चुनाव अधिकारी पुष्पराज सिंह की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहना कर के स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने लेखपालों के हित और संगठन की मजबूती का आश्वासन दिया।लेखपाल संघ के चुनावों में अध्यक्ष राधेश्याम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नोशाद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सचिव हिमांशु, उपसचिव मनोज कुमार द्वितीय कोषाध्यक्ष शाने आलम, लेखा परीक्षक पूजा शर्मा को चयनित किया गया। और उनका निस्तारण कराने का प्रयास करेंगे।

## शिव पार्वती विवाह की कथा सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

**ठाकुरद्वारा।** नगर के तहसीलपरिसर स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर पर चल रही हैं शिव महापुराण कथा के चौथे दिन हरिद्वार से आए कथावाचक नरेंद्र आनंद सरस्वती महाराज ने शिव पार्वती विवाह का विस्तार से वर्णनकिया । वर्णनमंत्र मुग्ध हो गए। बुधवार को कथावाचक ने धर्म और ज्ञान की बातें कीं, और कहा कि भगवान शिव की आराधना मोक्ष प्रदान करती है। उन्होंने यह भी बताया कि विज्ञान ही परम तत्व है और मनुष्य के अंतर्मन में ही विराजमान रहता है। शिव पुराण कथा के चौथे दिन, आमतौर पर भगवान शिव की महिमा, उनके विभिन्न रूपों, जन्म, मृत्यु, और संहार का वर्णन किया जाता है। इस दिन, भक्त भगवान शिव की पूजा करते हैं और उनके विभिन्न मंत्रों का जाप करते हैं, जैसे ओंम नमः शिवाय इसके अतिरिक्त, शिव पुराण कथा के चौथे दिन, कुछ विशेष प्रसंगों का वर्णन किया जा सकता है, जैसे कि पार्वती जी द्वारा भगवान शिव से परम तत्व के बारे में पूछना और भगवान शिव द्वारा विज्ञान को परम तत्व बताना। कथा के दौरान कथावाचक ने बताया कि इस कथा के श्रवण या पठन से पापों का नाश होता है। शिव पुराण कथा का श्रवण करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि यह शांति, संतुलन और संयम भी लाता है। सावन के महीने में शिव पुराण का पाठ करना विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। कुल मिलाकर, शिव पुराण कथा का चौथा दिन भगवान शिव की महिमा, ज्ञान और मोक्ष के मार्ग पर प्रकाश डालता है।

कथा के उपरान्त आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धालुओं बढ़ चढकर भाग लिया ।कार्यक्रम में अशोक गहलोत, सत्य प्रकाश गुप्ता, संजीव अग्रवाल ,मुदित अग्रवाल, हीरालाल अग्रवाल, प्रदीप बिश्नोई, पंडित नंदकिशोर शर्मा, मास्टर यशपाल सिंह, उत्तम सिंह, उषा गहलोत, संध्या अग्रवाल, साधना अग्रवाल, दीक्षा अग्रवाल, कमला देवी, विमला देवी ,रूकमणि, प्रभादेवी आदी ने भाग लिया।

# बसपा शासनकाल को याद कर रही है प्रदेश की जनता: निर्मल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** बुधवार को जनपद मुरादाबाद के कुन्दरकी ब्लॉक के सेक्टर सराय पंजू में बूथ कमेटी की गठन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरद्वारी लाल गौतम मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मण्डल ने मुरादाबाद की बिलारी विधानसभा के सराय पंजू के बूथ 273- सराय पंजू की समीक्षा की, उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा की सेक्टर कमेटी बूथ कमेटीयों का गठन पूरी ईमानदारी के साथ करना है। तभी 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी,समीक्षा बैठक में वहन जी को उत्तर प्रदेश का 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया गया, वक्ताओं ने बताया कहा बहुजन समाज पार्टी एक राजनी. तिक दल के साथ-साथ एक महापुरुषों का मिशन भी है, बहुजन समाज पार्टी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की एक विचारधारा है, बसपा शासन काल को जनता अभी भी याद कर रही है। बैठक में मुख्य रूप से अमर सिंह पूर्व जिला प्रभारी राजेश सागर सदस्य जिला कार्यकारिणी रन सिंह भारती विधानसभा अध्यक्ष बिलारी ने अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष जगत सिंह तथा संचालक वीर सिंह गौतम पूर्व विधानसभा प्रभारी, निहाल सिंह विधानसभा सचिव हाजी सालिम विधानसभा उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नवरतन सिंह ने किया आदि लोग उपस्थित रहें।

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, मेडिकल आउटलेट, पूजा सामग्री कीओस्क ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु **ई-बोलियाँ** website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 31.07.2025 को आमंत्रित की गयी है।
इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
2148/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय एवं कारखाना:** द्वारिकेश नगर-246 762, जिला बिजनौर, (उ.प्र.)
**फोन:** 01343 - 267057-64; **फैक्स:** 01343 - 267065
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945; **फैक्स:** 2204 7288
**ई-मेल:** investors@dwarikesh.com; **वेबसाईट:** www.dwarikesh.com
**सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**बुक क्लोजर और ई-वोटिंग के लिए द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 31वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एजीएम के आयोजन की सूचना में निर्धारित व्यवसायों के निष्पादन के लिए द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सदस्यों की 31वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') मंगलवार, 19 अगस्त 2025 को दोप. 12.15 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय द्वारिकेश नगर-246 762, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी। कम्पनी ने 19 अगस्त 2025 को एजीएम के आयोजन की सूचना वार्षिक रिपोर्ट के साथ उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आज भेज दी है जिनके ई-मेल पते शुक्रवार, 4 जुलाई 2025 को कम्पनी और/या डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की हरित पहलों के अनुसरण में कंपनी ने उन सदस्यों को सभी दस्तावेज जैसे वार्षिक आम बैठक की सूचना के साथ लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट आदि इलेक्ट्रॉनिक मोड में भेज दिए है जिनकी ईमेल आईडी डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के पास पंजी.त हैं और 31वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट की कोई भी भौतिक प्रति किसी भी शेयरधारक को नहीं भेजी जाएगी। कंपनी उन सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट की एक भौतिक प्रति भेजेगी जो इसके लिए investors@dwarikesh.com पर अपना फोलियो नं./डीपीआईडी और क्लाइंट आईडी का उल्लेख करते हुए औपचारिक अनुरोध करेंगे।

इसके अलावा, सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015, ('सेबी सूचीकरण विनियम, 2015') के विनियम 36(1)(बी), यथासंशोधित के अनुसार एक पत्र जिसमें सही पथ सहित वेब-लिंक, जहां वार्षिक रिपोर्ट का पूरा विवरण उपलब्ध है, कंपनी के उन सभी शेयरधारकों को भी भेजा गया था जिनके ई-मेल आईडी 10 जुलाई 2025 के अनुसार कंपनी या किसी डिपॉजिटरी या एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड), कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के साथ पंजी.त नहीं थे।

एजीएम के आयोजन की सूचना के साथ 31वीं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.dwarikesh.com और स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com एवं www.nseindia.com तथा सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (''सीडीएसएल'') की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 91 के प्रावधानों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसरण में 31वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक **बुधवार, 13 अगस्त 2025 से मंगलवार, 19 अगस्त, 2025 तक (दोनों दिवस शामिल)** बंद रहेंगे।

अधिनियम की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) संशोधन नियम, 2015 के नियम 20 के प्रावधानों के अनुसरण मे कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग के लिए योग्यता के निर्धारण हेतु **मंगलवार, 12 अगस्त, 2025** रिकार्ड तिथि ('कट-ऑफ तिथि'') के रूप में निर्धारित की है। ऐसा व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरीज द्वारा तैयार किए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में शामिल होगा केवल वे ही रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने के उत्तरदायी होंगे। सदस्यों के वोटिंग अधिकार की गणना कट-ऑफ तिथि को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयर के आनुपातिक होगा।

रिमोट ई-वोटिंग अवधि **शनिवार, 16 अगस्त 2025 को प्रात: 9.00 बजे प्रारंभ होगी और सोमवार 18 अगस्त 2025 को सायं 5.00 बजे** समाप्त होगी और उसके बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल हटा लिया जाएगा। शेयरधारक द्वारा एक बार प्रस्ताव पर वोट देने के बाद उसे बाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

शेयरधारकगण जिन्होंने बैठक की तिथि से पूर्व अपना वोट दे दिया है वे बैठक स्थान पर दोबारा अपना वोट देने के लिए योग्य नहीं होंगे। सदस्यगण वोटिंग के लिए केवल एक विकल्प या तो रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम में भौतिक प्रारूप में वोटिंग को चुन सकते हैं। यदि कोई सदस्य दोनों माध्यम से अपना वोट देता है तो केवल ई-वोटिंग के माध्यम से की गई वोटिंग लागू होगी और बैलेट द्वारा दिए गए वोट को अवैध माना जाएगा।

ऐसा व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अधिग्रहीत करता है और कम्पनी द्वारा एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है तथा जिसका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात् मंगलवार,12 अगस्त, 2025 को सदस्यों के रजिस्टर या लाभार्थी स्वामियों की सूची में शामिल हैं, केवल वे ही कंपनी की वेबसाइट www.dwarikesh.com पर कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना को देख सकता है या कंपनी को ई-मेल: investors@dwarikesh.com पर मेल भेज सकता है या सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com को देख सकता है और helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि वह रिमोट ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से पंजीकृत है तो वह वोट देने के लिए अपना वर्तमान यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग कर सकता है।

शेयरधारक 15जी/15एच या कम कर कटौती या कर छूट से संबंधित ऐसे किसी अन्य दस्तावेज को ईमेल आईडी dwarikeshtds@in.mpms.mufg.com पर जमा कर सकते हैं या सीधे हमारे आरटीए की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक *https://web.in.mpms.mufg.com/formsreg/submission-of-form-15g-15h.html* का उपयोग करके मंगलवार, 19 अगस्त 2025 तक या उससे पूर्व जमा कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा वोटिंग की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, वरि. प्रबंधक (सीडीएसएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्युचरैक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई-400013 को संबोधित कर सकते हैं या ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल कर सकते हैं या टोल फ्री नं. 1800 21 09911 पर कॉल कर सकते हैं।

**स्थान** : द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश
**दिनांक**: 16 जुलाई, 2025

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए**
**हस्ता./-**
**बी. जे. माहेश्वरी**
**मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीएस-सह-सीसीओ**
**डीआईएन : 00002075**

## नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप परिजनों से मारपीट व धमकी, दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** नगर से छात्रा को बहला फुसलाकर कर के ले जाने के आरा. ेप में छात्रा की माँ ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग। नगर के मोहल्ला नई बस्ती, निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा दो वर्ष पूर्व अपनी बड़ी बेटी का रिश्ता गोपीवाला निवासी युवक के साथ तय किया था। इसी वजह से युवक का घर आना-जाना शुरू हो गया था। लेकिन 14 जुलाई 2025 को सुबह 8 बजे उनकी छोटी बेटी जो कि नाबालिग है। वह सामान लेने बाजार गई थी और शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की पर छात्रा का कुछ पता नही चला जिसमे 15 जुलाई को पीड़िता के बहनोई ने बताया कि उसने छात्रा को सिरसवां दोराहे पर युवक के साथ बाइक पर मुरादाबाद की ओर जाते हुए देखा था। जब पीड़िता युवक के घर गोपीवाला पहुंची तो युवक के पिता मां , भाई , चाचा और रिश्तेदार ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता और उसके बहनोई से मारपीट की और धमकाया कि लड़की हमारे बेटे के साथ है, हम उसे वापस नहीं करेंगे। दोबारा आए तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने यह भी बताया कि घर से 50,000 रूपये नकद भी गायब हैं। वही पीड़िता ने आरोप लगाते हुए आशंका जताई है। कि कि युवक न सिर्फ बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है, बल्कि उसके साथ बलात्कार या किसी गंभीर घटना को अंजाम दे सकता है।

## इफको नैनो कल्सटर ग्राम सिरसखेडा में नैनो उर्वरको उपयोग पर किसान गोष्ठी का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** इफको द्वारा ग्राम सिरसखेडा में इफको नैनो उर्वरको के प्रयोग पर एक वृहत किसान गोष्ठी एवं नीम पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथी वीर विक्रम सिंह उपआयुक्त एवं उप निबन्धक सहकारिता मुरादाबाद मंण्डल थे कार्यक्रम में आम्रेन्द्र कुमार सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहका. रिता जनपद मुरादाबाद, शैलेन्द्र सिंह उपमहाप्रबन्धक इफको , डॉक्टर विश्वेन्द्र कृषि विज्ञान केन्द्र बिलारी , इफको के आम सभा सदस्य राजकुमार एवं हुकम सिंह , दलपतपुर बी पेक्स के चौयरमैन विजयपाल सिंह, इफको के क्षेत्र उप प्रबंधक यशवीर सिंह, सहित गांव के 150 किसानो ने भाग लिया। कार्यक्रम संचालन यशवीर सिहं उप क्षेत्र प्रबंन्धक ने गत वर्ष से इफको द्वारा ग्राम सिरसखेडा एवं उसके आस पास क्षेत्र के 8 गांव 441 किसानो में 2000 एकड क्षेत्र नैनो उपयोग के लिये एक परियोजना चल रही है जिसमे किसानो को नैनो उर्वरक एवं सागरिका खरीदने पर 25 प्रतिशत की छूट रहती है। एवं ड्रोन द्वारा स्प्रे कराने पर 100 रू प्रति एकड इफको द्वारा अनुदान दिया जाता है।

इफको द्वारा ग्राम के सूरजपाल को एक ड्रोन एवं उसके ट्राम्सपोर्ट के लिये व्हकिल निशुल्क दिया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता जी के नाम की स्पेलिंग मसीवुल्लाह **MASIVULLAH** है जो कि गलत है, सही नाम मसीतुल्लाह **MASITULLAH** है भविष्य में मुझे नदीम **NADEEM** पुत्र **MASITULLAH** मसीतुल्लाह निवासी झादेवाला भोजपुर से जाना पहचाना जाएं।

**बेदखली सूचना**
मैंने अपने पुत्र कुलदीप सिंह, पुत्रवधू श्रीमति प्रीति यादव व पौत्री आयांशी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **बृजपाल सिंह पुत्र करन सिंह निवासी सरकड़ा करीम तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।**

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्व में 18 जून को आयोजित किसान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में अधिकारियों से फीडबैक लिया। किसान दिवस में किसानों ने बेलवाडा एवं बिलारी शुगर मिल द्वारा गन्ना भुगतान न किए जाने पर काफी नारा. जगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन चीनी मिलों द्वारा गन्ने का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है उनका गन्ने का क्षेत्रफल काटने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाये। मिलों द्वारा बार-बार गन्ना मूल्य भुगतान करने का आश्वासन देने के बाद भी भुगतान न करने पर किसानों द्वारा रोष प्रकट किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि गन्ना मूल्य भुगतान की कार्यवाही अतिशीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी विभाग स्तर पर कार्यवाही हो उसके सम्बन्ध में जिला गन्ना अधिकारी किसानों को भी अवगत कराएं। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों को बताया कि गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसानों के साथ जल्द ही बैठक की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पूर्व में किसान दिवस में आयी शिकायत के संबंध में बताया कि सभी पशु चिकित्सालयों पर दवाई उपलब्ध करा दी गयी है तथा निराश्रित गोवंश को पकड़ने का कार्य भी निरन्तर किया जा रहा है। पशु चिकित्सालयों पर चिकित्सकों के न बैठने की शिकायत पर किसानों ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि एक समिति बनाकर जनपद के पशु चिकित्सालयों की जांच करायी जाये कि कितने चिकित्सक पशु चिकित्सालयों पर बैठ रहे हैं, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यरत पशु चिकित्सकों के बैठने के दिन निर्धारित किए जाएं। किसानों ने विद्युत चोरी प्रकरणों का आंशिक निस्तारण कराने तथा विद्युत आरसी की वसूली रोके जाने, अधिक बिल आने, तार लटके होने संबंधी शिकायतों से अवगत कराया। विद्युत विभाग के प्रकरणों को सुनते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। किसानों ने बताया कि धान की रोपाई हो रही है और विद्युत रात्रि में आ रही है जिससे किसानों को धान रोपाई में समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि विद्युत सप्लाई का रोस्टर किसानों की सुग. मतानुसार जारी करें , जिससे की धान की रोपाई की जा सके।

उत्तर रेलवे
सलाहकार अनुबंध के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) के लिए सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ०एस०, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से एक सलाहकार अनुबंध के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) आमंत्रित की है, ताकि एक व्यापक लॉजिस्टिक्स मार्केट अध्ययन किया जा सके और मुरादाबाद मण्डल में नए लोडिंग/अनलोडिंग टर्मिनलों की पहचान की जा सके ताकि रेलवे की लॉजिस्टिक क्षमता बढ़ाई जा सके। इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे इस परियोजना के संदर्भ के लिए नीचे दिए गए लिंक पर जाएँ:
**https://docs.google.com/document/d/1znjTbg-Kv7SrgQYh3UyfmzKA8IYAaUKSj09Z5SkWU0g/edit?usp=sharing** योग्य और इच्छुक पक्ष अपने रुचि पत्र को इस कार्यालय में शीघ्र ही प्रस्तुत कर सकते हैं।
पताः कार्यालय वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक – फ्रेट सर्विसेज, उत्तर रेलवे – मुरादाबाद मण्डल, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें +919760534973 या ईमेल करें **srdcmfsmb@gmail.com**
ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तारीखः 06 अगस्त 2025, 15:00 बजे तक।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2152/25

# टेस्ट रैंकिंग में फिर नंबर-1 जो रूट

● **कुमार संगकारा के बाद नंबर-1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज बने रूट**




**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के जो रूट ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत लॉर्ड्स में भारत पर 22 रनों की जीत के साथ आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। रूट (888 रेटिंग अंक) ने 104 और 40 रनों की पारी की बदौलत हमवतन हैरी ब्रूक (862) को पछाड़कर नंबर 1 स्थान हासिल किया, जिससे मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। रूट का यह आठवां शीर्ष स्थान है और 34 साल की उम्र में, वह दिसंबर 2014 में 37 वर्षीय कुमार संगकारा के बाद से नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्टीव स्मिथ (816) भी जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत शीर्ष 10 में एक स्थान ऊपर चढ़े हैं। स्मिथ ने मेहमान टीम की जीत में 48 रन बनाए, जबकि उनके साथी कैमरन ग्रीन 46 और 42 रन की पारी की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 29वें (619) स्थान पर पहुंच गए। कैरेबियन में गुलाबी गेंद से गेंदबाजों ने दूधिया रोशनी में शानदार प्रदर्शन किया, स्कॉट बोलैंड के टेस्ट में छह विकेट (और एक हैट्रिक) लेने के प्रयास ने उन्हें करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया।

# दो डंपरों की आमने-सामने भिड़ंत, एक में लगी आग, चालक गम्भीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** रतुपरा रोड पर दो भारी भरकम डंपर आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन पलट गए। जिनमें से एक बजरी से भरा डंपर था, जो टक्कर के बाद पलटकर सड़क किनारे जा गिरा और उसमें अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में डंपर आग की लपटों में घिर गया और पूरी तरह जलकर राख हो गया। हादसे में एक डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। दुर्घटना के बाद मार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया, जिससे आमजन को घंटों तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया।डायल 112 हेड कांस्टेबल ने बताया। हमें सुबह सूचना मिली कि डंपर में आग लगी है। तत्काल मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। आग पर काबू पा लिया गया है, और घायल चालक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मार्ग पर लगे जाम को खुलवाया और यातायात को सामान्य कराया।



## कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**डिलारी।** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुंडिया मोहिउद्दीनपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी मुरादाबाद ने ग्राम पंचायत पहुंचकर केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत किए गए ,विकास कार्यों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान गौशाला, श्मशान घाट, अमृत सरोवर, सड़के नालियां आदि, कि जांच करते हुए परखी, ग्राम पंचायत में सभी विकास कार्य मानक के अनुसार सही नहीं पाए गए, ऐ डी ओ पंचायत को कड़ी फटकार लगाते हुए, सही कार्य करने के निर्देश दिए,इस मौके पर ग्राम प्रधान पति सदाबहार सिंह ग्राम विकास अधिकारी प्रशांत चौधरी, कंसलटिंग इंजीनियर अब्दुल कयूम, आदि ,मौजूद रहे।

# बिलारी में भी चोरों ने दी दस्तक

## चोरी करने घर में घुसे चोर ने विरोध करने पर महिला को चाकू मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कूबरी मानक में चोरी करने की नीयत से घुसे चोर ने चोरी का विरोध करने पर महिला को चाकू मार कर घायल कर दिया शोर शराबा होने पर चोर मौका पाकर फरार हो गया वही पीढ़ी द्वारा कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के कूबरी मानक गांव निवासी दिनेश पुत्र रामावतार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि मंगलवार की रात उसके भाई की पत्नी शोभा घर के अंदर सोई हुई थी उसका पति घर के बाहर सोया हुआ था बताया कि तभी एक अज्ञात चोर उनके घर में घुस गया और उनके पैर से पायल खोलने लगा आहट होने पर जब शोभा की आंख खुली तो वह चिल्लाने लगी इस दौरान चोर ने शोभा पर चाकू से हमला कर दिया।

चाकू के हमले से शोभा घायल हो गई शोर शराबा होने पर चोर मौका पाकर फरार हो गया जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई जिसके बाद 100 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी गई।

वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# शिवम चौहान बने करणी सेना के जिलाध्यक्ष

**चन्दौसी।** करणी सेना के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू का मुरादाबाद आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह ने संगठन के उद्देश्यों और दिशा पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि "करणी सेना न केवल करणी राजपूत समाज के लिए, बल्कि सर्वसमाज और राष्ट्रधर्म के लिए भी कार्य करती है।" उन्होंने करणी सेना के लिए देश सर्वप्रथम, फिर हिंदुत्व, और अंततः व्यक्ति विशेष से ऊपर बताया। इस अवसर पर जनपद संभल के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर शिवम चौहान की घोषणा भी की गई। शिवम चौहान ने अपने भारी समर्थकों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और उन्हें सभी कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर अंकित सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शक्ति ठाकुर कुणाल गौतम, युवा शक्ति जिलाध्यक्ष ठाकुर रितिक राजपूत, प्रदेश मंत्री युवा शक्ति रवि ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, जिला महामंत्री अभिषेक ठाकुर, लि उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, अनिकेत ठाकुर, विशाल ठाकुर आदि मौजूद रहे।



# पीएमश्री विद्यालय आटा में गंगा पुस्तक परिक्रमा कार्यक्रम आयोजित

**■ चित्रकला व कहानी वाचन से बच्चों में बढ़ी जागरूकता**

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा संचालित गंगा पुस्तक परिक्रमा के अंतर्गत पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय आटा में विद्यार्थियों के लिए एक रचनात्मक एवं जागरूकता आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कहानी वाचन सत्र जिसमें बच्चों को रोचक ढंग से गंगा नदी की पौराणिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्ता से अवगत कराया गया। गंगा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें छात्रों ने रंगों के माध्यम से गंगा के महत्व और उसके संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य चयनिका की अह्म भूमिका रही। बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरणीय चेतना को भी बढ़ावा दिया और गंगा के प्रति भावनात्मक जुड़ाव स्थापित किया। विजेता बच्चों को राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की पुस्तक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बनियाखेड़ा ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी विनोद गंगवार, विनोद कुमार गुप्ता, रूपा रस्तोगी, अनुज कुमार, रेनू, ज्योति, अरविंद कुमार, आरती, सुमित कुमार आदि रहे।



## एक नजर

### कांवड़ यात्रा को लेकर डीजे की लंबाई, चौड़ाई कम करें



डिलारी। बुधवार को थाना डिलारी परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के डीजे संचालक मौजूद रहे, बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने कावड़ यात्रा के दौरान निकलने वाले जुलूस में डीजे को धीमी आवाज से बजाएं डीजे वाहन की बॉडी से बाहर न निकले डीजे निर्धारित ऊंचाई में सरकार की गाइडलाइन के अनुसार होना चाहिए, शांतिपूर्वक सावन पर्व को मनाने की अपील की, इस मौके पर जगदीश सिंह पूर्व सभा सद् पति, जावेद हुसैन, सतीश कुमार, अफसर अली, पूर्व प्रधान साकिर हुसैन, फहीम आदि मौजूद रहे।

### विश्व हिंदू परिषद आज से शुरू करेगा भंडारे का संचालन



**कांठ।** विश्व हिंदू परिषद की ओर से हर साल गांधी आश्रम में संचालित होने वाला भंडारा आज शुरू हो जाएगा परिषद के पदाधिकारी मोनू बजरंगी ने बताया कि कि आज प्रातः 10:00 बजे हवन के साथ विधि विधान से भंडारे का शुभारंभ किया जाएगा जन सहयोग से संचालित इस भंडारे की तैयारी पूर्ण हो चुकी है भंडारे में कांवडियों के लिए नाश्ता भोजन चिकित्सा और रात्रि विश्राम की व्यवस्था रहेगी पूरे माह चलने वाले इस भंडारे में अजय पाल तोमर दीपेंद्र प्रजापति अभिषेक बिश्नोई कमल सैनी अखिलेश चौहान सहित सभी कार्यकर्ता कावड़ियों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

# ब्लॉक प्रमुखपति व भूमि विक्रेता में मारपीट के मामले में ब्लॉक प्रमुखपति सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** जमीन के विवाद में ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी के पति डॉक्टर वीर सिंह सैनी एवं पियूष चौहान (भूमि विक्रेता) में रुपए के लेनदेन को लेकर सरे रहा मारपीट मामले में पुलिस ने पीयूष चौहान की तहरीर पर ब्लॉक प्रमुख पति व दो अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि बुधवार को ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रोड पर स्थित तिकोनिया चेकपोस्ट पर ब्लॉक प्रमुख पति व भूमि विक्रेता पीयूष चौहान उर्फ चिंटू में रूपों के लेनदेन को लेकर विवाद के बाद सरे-राह मारपीट हो गई थी। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए थे। इसी दौरान वहां पर तमाम भीड़ एकत्र हो गई थी। गाली गलौज के साथ आपस में दो वीडियो वायरल हुई। एक वीडियो में पीयूष चौहान ब्लॉक प्रमुख पति को मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख पति किशोर मचाने पर उनके साथ कर में बैठे लोगों ने पहले आपस में बचाने का प्रयास किया। ब्लॉक प्रमुख पति को पिटते देख तीन लोगों ने पीयूष चौहान को पीटना शुरू कर दिया। दूसरी वीडियो में सरे राह ब्लॉक प्रमुख पति उनके साथी पीयूष चौहान को पीठ से दिखाई दे रहे हैं। वहां पर तमासिन लोग वीडियो बनाने में मस्त रहे ,लेकिन किसी ने भी बचाने का प्रयास नहीं किया। पीयूष चौहान अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए लोगों से वचाने की गुहार लगाता दिखाई दे रहा है। पीयूष चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मंगलवार की शाम तिकोनिया स्थित सलीम पेंटर के पास अपनी कार सही कर रहा था इसी दौरान वीर सिंह सैनी प्री प्लान के तहत एक राय होकर अपने साथ अपने ड्राइवर राजीव में एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उसके पास पहुंचे और उन्होंने जाते ही 300000 रूपये अवैध वसूली की मांग की।प्रार्थी ने देने को मना किया तो वह आग बबूला हो गए आप है कि वीर सिंह ने जान से मारने की नीयत से लोहे की रात से उक्त तीनों ने टवा तोड़ मारना शुरू कर दिया तथागंदी-गंदी गालियां देने लगे तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं वीर सिंह ने अपनी गाड़ी से अवैध तमंचा निकालकर पार्टी की कनपटी तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी को जमीन पर गिरकर बुरी तरह मारा पीटा और अपनी मदद के लिए चिल्लाता रहा लेकिन इन लोगों के बहके कारण सभी लोग डर गए जिसका उक्त तीनों का वीडियो वायरल है। उसके शरीर पर काफी गंभीर में खुली छोटे आई हैं हाथ में कंधे तोड़ दिए हैं पूरे शरीर पर सूजन है। यह आशंका व्यक्त की है कि आरोपी परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित कर सकता है स पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उधर वीर सिंह सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह अपनी कर से तिकोनिया बस स्टैंड पुलिस चेक पोस्ट के पास वसीम पेंटर के पास गया था पियूष चौहान पुत्र विनोदकुमार में एक अज्ञात व्यक्ति जो कि पहले से वहां मौजूद था इस दौरान उन्होंने उधार के दिए 17 लाख रुपए मांगे। इसी दौरान उसने गालियां देनी शुरू कर दी।

जव गाली देने का विरोध किया तो पीयूष चौहान ने चाकू से उसे पर हमला कर दिया अपने बचाव के लिए अपने बाएं हाथ से चाकू का प्रहार रोकने की कोशिश की जिससे प्रार्थी के बाएं हाथ के पंजे में चाकू लग गया और वह घायल हो गए। इस दौरान काफी लोगों ने बचाव का प्रयास किया लेकिन वह मारपीट पर उतारू हो गया। हालांकि वीर सिंह की तहरीर पर अभी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। प्रभारी निरीक्षक जसपाल ग्वाल ने बताया कि इस प्रकार की जांच की जा रही है। जांच के उपरांत ही निष्पक्ष कार्यवाही की जाएगी।

ब्लॉक प्रमुखपति वीर सिंह ने बताया कि मामला भूमि विवाद से जुड़ा है। पीयूष चौहान द्वारा जब मेरे साथ मारपीट की जा रही थी तो उसकी वीडियो वायरल नहीं की गई। अगर मैं अपना बचाव नहीं करता वह मुझे जान से मार देता। 2 वर्ष पूर्व इससे भूमि खरीदी थी। और रजिस्ट्री भी कर ली थी लेकिन उसमें काफी भूमिका रखवा सड़क मार्ग का है। भूमि की पैमाइश कराने पर पता चला। तो इसके पास 17 लाख रुपए अधिक पहुंच गए,भूमि दे रहा है और नहीं पैसे इस बात को लेकर कई बार समझौता वार्ता भी हुआ। लेकिन रुपए नहीं लौटाए। उन्होंने अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

### समय से धन खर्च न करने पर मंडलायुक्त ने मंडल के 40 अधिशासी अधिकारियों को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

**कांठ।** मण्डलायुक्त ने समीक्षा के बाद मंडल के 40 नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को अनंतिम प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। आरोप था कि इन अधिकारियों ने समय रहते हुए विकास कार्यों पर धन खर्च नहीं किया था। इस मामले में सुधार लाने के लिए अधिशासी अधिकारियों को जुलाई तक का अल्टीमेटम दिया गया है। कमिश्नर ने विकास कार्यों की समीक्षा की। जांच में आया कि मंडल के पांचों जिलों के 40 अधिशासी अधिकारियों ने समय रहते हुए धन खर्च नहीं किया।इसी कारण विकास कार्य भी अटके पड़े हैं। कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर 40 ईओ को अनंतिम प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। इनमें मुरादाबाद जिले के अलावा अन्य सभी अधिशासी अधिकारी शामिल हैं। इसी प्रकार संभल के सभी अधिशासी अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। रामपुर जिले में सैफनी, नरपतनगर, दढ़ियाल को छोड़कर अन्य नगर पंचायतों के ईओ शामिल हैं। अमरोहा जिले के गजरौला, सैदनगली और बछरायूं के ईओ बेदाग निकले हैं लेकिन पैसा नहीं खर्च पाए हैं। बिजनौर जिले के सहसपुर मंडावर को छोड़कर अन्य लोगों ने समय से पैसा खर्च नहीं किया था।

# परिषदीय विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** परिषदीय स्कूल में शिक्षकों को छात्र संख्या के अनुपात में तैनात किया गया है। अब परिषदीय स्कूलों की तस्वीर बदलने लगी है। सरकार भी चाहती है कि परिषदीय स्कूलों में शिक्षा का अच्छा प्रावधान हो व शिक्षकों व छात्रों का अनुपात सही होना चाहिए। संभल जिलाधिकारी का भी यही प्रयास है। सरकार ने जनपद संभल में 181 स्कूलों का समायोजन किया है। विद्यालयों का विलय करके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। वहीं अभिभावकों को भी जागरुक किया गया है। सरकार परिषदीय विद्यालय में जहां मिड-डे मिल उपलब्ध कराती है तथा स्वास्थ्य के लिए विद्यालय में बच्चे का वजन तथा लंबाई मापी जाती है। अब तो परिषदीय विद्यालय में छात्रों का ब्लड ग्रुप भी लिखा जा रहा है। इधर अचानक छात्रों की संख्या बढ़ने पर विद्यालयों में रौनक दिखाई दे रही है। कैथल प्राथमिक विद्यालय प्रथम व द्वितीय का विलय हो रहा है। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथल को चार अध्यापक नये मिले हैं जहां अध्यापकों की संख्या नौ हो गई है। वहीं रामनगर में तीन शिक्षक व एक शिक्षामित्र है तथा छात्र संख्या में 153 पहुंच गई है। यहां भी बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ है। फिलहाल सरकार के प्रयास से अब बच्चों को शिक्षा में आगे बढ़ने की उम्मीद जग गई है।



# ड्रोन के शोर से लोगों में दहशत का माहौल छतों पर बैठकर रात गुजार रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** ड्रोन के शोर ने ग्रामीणों का रात का चौन छीन लिया है। इससे गांवो में दहशत का माहौल भी है और ग्रामीण रात को जागकर अपने-अपने घरों की सुरक्षा कर रहे हैं। हालांकि ड्रोन के संबंध में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। बतादे कि निकट जनपद अमरोहा से कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा ड्रोन से गांव में निगरानी कर चोरी किए जाने की सूचनाए मिली थी वहां की पुलिस ने कुछ चोरों को गिरफ्तार भी किया लेकिन इसके बाद क्षेत्र में ड्रोन की बाढ़ आ गई अलग-अलग गांव में ड्रोन देखे जाने लगे छजलैट क्षेत्र के भी कई गांव में रात को ड्रोन के उड़ने की सूचनाए मिली मगर यह सूचना छजलेट क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रही मंगलवार की रात को नवादा पहाडमऊ और मधपुरी में ड्रोन देखे जाने का शोर उठा मधपुरी गांव के लोगों ने तो पुलिस को सूचना देकर बुला भी लिया बताया गया कि नींगु नगला गांव के किसी घर में कुछ अज्ञात लोगों ने घुसने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों की सजगता से उक्त लोग भाग गए पुलिस भी रात को गांव में पहुंची लेकिन इन सब मामलों की विधिवत रूप से पुष्टि नहीं हो पाई।

हालांकि ग्रामीणों द्वारा ड्रोन उड़ते देखे जाने और बदमाशों के जंगलों में देखे जाने की बात आज भी कही गई कुल मिलाकर ड्रोन के शोर ने ग्रामीणो की नींद छीन ली है और अब ग्रामीण रात-रात भर जागकर चोरो पर अपने-अपने घरों की निगरानी करने में लगे हैं।

### आज लगेगा बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए मेगा कैंप

**ठाकुरद्वारा।** विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों (जन्मसंबंधी व अन्य त्रुटियां, बिल सुधार, अधिक बिलिंग खराब मीटर आदि) के निराकरण के लिए 17, 18 और 19 जुलाई 2025 को मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा। अधिशासी अभियंता राहुल सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि ऊर्जा मंत्रालय एवं प्रबंध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मेरठ के निर्देशानुसार यह कैंप सभी वितरण उपखंडों में आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष शिविर में संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे और उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचे।

# दुकान बंद करके घर जा रहे मैकेनिक को बाइक सवारों ने धक्का मारकर गिराया

**■ मैकेनिक ने पैसे छीनने की बात से किया इन्कार**

**कांठ।** दुकान बंद करके अपने घर जा रहे मैकेनिक को रात में बाइक सवारो ने लात मार कर गिरा दिया और उसके पैसे भी छीन लिए पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ थाने में शिकायत भी की लेकिन सुबह को मैकेनिक ने पैसे छीने जाने की बात से इनकार कर दिया। मामला मंगलवार की देर शाम का है स्टेशन रोड हरथला निवासी निजाम अहमद पुत्र अब्दुल सलाम मौडी तिराहे पर कांठ में कटर और हैमर मशीन ठीक करने की दुकान चलाता है रोजाना की तरह है वह मंगलवार की देर शाम को कावड़ मार्ग से अपने घर हरथला के लिए बाइक से निकला जैसे ही उसकी बाइक रुस्तमपुर से आगे पहुंची पीछे से आ रहे बाइक सवारो ने उसकी बाइक में लात मार दी जिससे निजाम मय बाइक के खंदक में गिर गया उन्होंने निजाम के साथ मारपीट भी की और रुपए भी छीन लिए शोर मचाने पर चेतरामपुर के आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और बाइक निकलवा कर उसे रवाना किया। बताया गया कि पीड़ित के द्वारा इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई।

लेकिन सुबह को उसने पैसे छीने जाने की घटना से इनकार कर दिया। नाजिम का कहना था कि शायद किसी पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ मारपीट की गई है मगर इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# ग्राम समाज की जगह पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठा युवक

**■ एसडीएम ने युवक को धरने से उठाया, 15 दिन में अवैध कब्जा हटवाने के लेखपाल को दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ग्राम समाज की जगह पर अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर युवक एसडीएम कोर्ट के बाहर धरने पर बैठ गया इसके बाद एसडीएम ने युवक को धरने से उठाया और लेखपाल को 15 दिन के अंदर अवैध कब्जे को पूरी तरह से हटाने के सख्त निर्देश दिए हैं। तहसील के गांव लादूपुरा निवासी राजबहादुर ने बताया कि उसके गांव में कुछ ग्राम समाज की जगह पड़ी हुई है जिस पर गांव के ही राजेंद्र वीरेंद्र ने शौचालय और पशुओं को बांधकर अवैध कब्जा कर लिया है बताया कि जिसकी शिकायत उसके द्वारा एसडीम से की गई थी जिसके बाद तहसीलदार न्यायालय से अवैध कब्जा हटवाने के लिए आदेश किए गए थे परंतु उसे आदेश को नजर अंदाज किया गया अभी तक अवैध कब्जा नहीं जाता है बताया कि अवैध कब्जी धारक ने कब्जा हटाने के आदेश के बाद भी 1000 इस्ट और कूड़ा डालकर और ज्यादा कब्जा कर लिया है। बताया कि इस संबंध में उन्होंने मंडल आयुक्त से भी शिकायत की है इसके बाद बुधवार को वह एसडीएम विनय कुमार सिंह से मिले। उन्होंने लेखपाल पर तहसीलदार न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया है। इसके बाद युवक एसडीएम कोर्ट के बाहर धरने पर बैठ गया जब एसडीएम विनय कुमार सिंह को इस बात की जानकारी हुई तो वह तुरंत युवक के पास पहुंचे और उसे धरने से उठाया इसके बाद उन्होंने लेखपाल को 15 दिन के अंदर अवैध कब्जा हटवाने की सख्त निर्देश दिए हैं।



# सगे भाई की हत्या में भाई को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अपराध करने वाले अब तमाम युक्तियों के बाद भी बच नहीं पा रहे हैं। यदि न्यायालय को अपराध करने वाले के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिल जाएं तो तुरंत सजा सुना दी जाती है। बुधवार को जनपद न्यायालय स्थित चन्दौसी संभल में हत्या में दोषी पाये जाने पर आजीवन करावास की सजा सुनाई गई है। न्यायाधीश ने सत्र परीक्षण संख्या 223/2023 अपराध सं0 226/2021 धारा 362 आईपीसी थाना नखासा जिला संभल के संबंध सुनवाई की जिसमें वादिनी रेखा द्वारा 22 मई 2021 को रिपोर्ट दर्ज करायी गयी और कहा गया कि वादिनी का पति दीपक उर्फ टीटू नशे में था। देवर, आकाश पुत्र इंदल व पति दीपक के मध्य नशे को लेकर झगड़ा होता था। देवर आकाश द्वारा अपने बड़े भाई दीपक की गडासे से हत्या कर दी। विद्वान न्यायाधीश द्वारा भाई द्वारा सगे भाई की हत्या के मामले को सुना गया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरीश कुमार सैनी द्वारा पीडिघ्त की ओर से पैरवी की गई। दोनों पक्षों के तर्क एवं साक्ष्यों के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्दौसी आरती फौजदार द्वारा हत्यारे भाई को आजीवन कारावास व 25000 रु. के अर्थदंड से दंडित किया गया। वहीं दोष सिद्ध अपराधी आकाश आयु लगभग 24 वर्ष पुत्र इंदल निवासी ग्राम रिठाली थाना नखासा अब अपने सगे बड़े भाई की हत्या में आजीवन करावास भोगेगा।

# नाटो का टैरिफ राग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्यापार करने की जो नई राह दिखाई, उस पर अब नाटो भी चलता दिखाई दे रहा है। नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को बेहद बेबाक तरीके से कहा कि भारत के प्रधानमंत्री हों या ब्राजील के राष्ट्रपति हों या चीन के राष्ट्रपति हों, इससे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर कोई भी देश रूस के साथ व्यापार करता है, तो उसको भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वह यह सलाह भी देते दिखाई दिए कि चीन, भारत और ब्राजील को रूस पर दबाव डालना चाहिए। जिससे वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें और अगर यह ऐसा नहीं करते और रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर सौ प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाया जाएगा। रूस ने नाटो महासचिव की इस धमकी को पूरी तरह खारिज किया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने हालांकि कहा कि रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं और अगर नाटो व अमेरिका व्यापार को लेकर ऐसा ही रवैया अपनाएंगे, तो रूस भी ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा यानि नए साथी बनाएगा। डोनाल्ड ट्रम्प पहले ही व्यापार को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। वह व्यापार को लेकर किस तरह का नजरिया रखते हैं, इसका पता उनके यह कहने से चल जाता है कि वह ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। वह अपने इस अल्टीमेटम का बचाव कर रहे थे जो उन्होंने रूस को कहकर दिया कि अगर राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करते, तो उस पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। भारत-पाक के बीच जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय भी ट्रम्प ने यह कहकर कई बार लेने की कोशिश की कि उन्होंने दोनों देशों से व्यापार की धमकी देकर युद्ध को रुकवाया था। यह बात अलग है कि भारत ने कभी भी यह स्वीकार नहीं किया और ट्रम्प के दावे को खारिज किया, लेकिन ट्रम्प के व्यवहार में कोई कमी आती दिखाई नहीं दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि हर देश को यह हक है कि वह अपने हितों को देखकर व्यापार करे। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। बुराई तब पैदा होती है जब कोई देश दूसरे के हित की अन्देखी करता है और अपने ही हितों को साधने की कोशिश करता है, जैसाकि अमेरिका इस समय करता दिखाई दे रहा है और अब तो उसके साथ नाटो भी लग गया है। अमेरिका चाहता है कि उसके लिए दुनियाभर के बाजार खुलें। वह भी बिना कुछ दिए, यानि उसके सामानों पर किसी तरह का कोई टैक्स न लगे, लेकिन जो सामान अमेरिका आए उस पर भारी टैक्स लगाया जाए। इसे कहीं से भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता और यूं भी अमेरिका अभी भी विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। इस नाते तो उसका और भी कर्तव्य बढ़ जाता है कि वह छोटे व विकासशील देशों का ध्यान रखे। भारत के साथ अभी तक यूं तो उसकी कोई ट्रेड डील सामने नहीं आई, लेकिन ट्रम्प खुद ही उम्मीद जताते दिखाई दे रहे हैं कह रहें कि हमें इंडियन मार्केट में पहुंच मिलने वाली है।

## इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे



मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया, हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा, हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो, संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू- कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा, जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए, जितनी जल्दी हो सके वाले वाक्य का अब औचित्य नहीं रहा और समय आ गया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाए। **-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# 'एक्सोलोटल' की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर




एम. इमरान

जैव-विज्ञान के इतिहास में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जब विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं की सीमा से बाहर निकलकर मानव भविष्य को बदलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाता है। जून 2025 का महीना भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक समय बन गया, जब वैज्ञानिकों ने दुनिया के सबसे आश्चर्यजनक जीवों में से एक एक्सोलोटल की अंग-पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर कर दिया। यह खोज न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महान उपलब्धि है, बल्कि यह भविष्य में मानव शरीर के अंगों की मरम्मत, अंग पुनः उत्पत्ति और चोटों के बाद अंगों की पुनर्रचना के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

एक्सोलोटल, जिसे मेक्सिकन वॉकिंग फिश भी कहा जाता है, वास्तव में एक उभयचर (Amphibian) है और यह विशेष रूप से अपनी असाधारण क्षमता के लिए जाना जाता है। यह अपने शरीर के कटे हुए अंगों को पुनः विकसित कर सकता है, चाहे वह हाथ-पैर हो, रीढ़ की हड्डी हो, मस्तिष्क का भाग हो या यहां तक कि दिल का कुछ हिस्सा भी। वैज्ञानिकों ने दशकों से इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश की थी कि आखिर कैसे एक्सोलोटल बिना किसी जख्म या निशान के पूरे अंग को फिर से उगा लेता है, लेकिन जून 2025 में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इस गूढ़ रहस्य की जड़ तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

इस अनुसंधान की मुख्य खोज रही CYP26B1 एंजाइम की भूमिका। इस एंजाइम का कार्य शरीर के एक विशेष अणु, रेटिनोइक एसिड (Retinoic Acid) को तोड़ना है। यह अणु शरीर के विभिन्न हिस्सों को यह स्थिति संकेत देता है कि वे शरीर के किस भाग में स्थित हैं जैसे कि कंधे, कोहनी या अंगुलियां। जब एक्सोलोटल का कोई अंग कटता है, तो पुनर्जनन प्रक्रिया शुरू होती है। इस प्रक्रिया में कोशिकाएं एक ब्लास्टेमा नामक संरचना बनाती हैं, जो मूल रूप से स्टेम सेल्स से भरी एक निर्माण इकाई होती है। अब प्रश्न यह था कि ए स्टेम सेल्स कैसे जानती हैं कि उन्हें क्या बनाना है? कोहनी? अंगुली? या पूरा हाथ?

CYP26B1 एंजाइम इस प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभाता है। यह एंजाइम रेटिनोइक एसिड को कंधे की ओर अधिक मात्रा में रहने देता है और हाथ की ओर इसे तोड़ता है। इस कारण एक प्रकार का जैविक केमिकल मैप बनता है जो कोशिकाओं को यह दिशा देता है कि वे कहां हैं और उन्हें कौन सा अंग बनाना है। इस खोज ने पहली बार यह



वैज्ञानिक प्रमाण दिया कि अंग-पुनर्जनन में रासायनिक संकेतों की दिशा और तीव्रता किस प्रकार निर्णायक होती है।

इस शोध में एक और दिलचस्प प्रयोग किया गया। वैज्ञानिकों ने एक दवा टालारोजोल (Talarozole) का उपयोग किया, जो CYP26B1 एंजाइम को अवरुद्ध कर देती है। जब इस दवा का उपयोग कर एक्सोलोटल की कोहनी की कोशिकाओं में रेटिनोइक एसिड का स्तर बढ़ा दिया गया, तो वे कोशिकाएं यह समझने लगीं कि वे शरीर के ऊपरी हिस्से जैसे कंधे में हैं। परिणामस्वरूप उन्होंने एक नया पूरा हाथ विकसित कर लिया यानी एक अंग से दो अंग निकल आए। यह घटना वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत चौंकाने वाली थी, क्योंकि यह पहली बार हुआ कि कोशिकाओं की स्थिति की समझ को कृत्रिम रूप से बदला गया और उससे पूर्ण अंग का निर्माण हुआ।

इस खोज में एक अन्य महत्वपूर्ण जीन Shox की भूमिका भी स्पष्ट हुई। यह जीन मानवों और अन्य प्राणियों में हाथ-पैर की लंबाई और हड्डियों के विकास में भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों ने जब इस जीन को निष्क्रिय किया, तो एक्सोलोटल के पुनर्जीवित अंगों में विकृति देखी गई। विशेष रूप से ऊपरी हड्डियां अधूरी और असामान्य थीं। इसका तात्पर्य यह है कि Shox जीन अंग की संरचना और विस्तार को निर्देशित करता है। यदि यह जीन निष्क्रिय हो जाए, तो कोशिकाएं जानती तो हैं कि वे कौन सा अंग बना रही हैं, लेकिन वे उसे सही रूप में नहीं बना पातीं। यह शोध इसलिए भी अद्भुत है क्योंकि यह मानवों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से एक नई दिशा दिखाता है। मनुष्य का शरीर भी रेटिनोइक एसिड, CYP26B1 और Shox जैसे जीन और एंजाइम से युक्त होता है, लेकिन हमारे शरीर की चोटों पर प्रतिक्रिया जख्म और दाग-धब्बों के रूप में होती है न कि अंग के पुनः निर्माण के रूप में।

इस शोध से यह संभावना बनती है कि यदि हम इन जैविक सिग्नलों को कृत्रिम रूप से नियंत्रित कर सकें, तो हम भी भविष्य में स्कारलेस वाउंड हीलिंग, अंग पुनर्रचना और स्टेम सेल आधारित उपचार विकसित कर सकते हैं। यह खोज केवल जैविक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और चिकित्सा दृष्टिकोण से भी अत्यंत गहन है। मान लीजिए भविष्य में मानव हाथ या पैर कट जाने पर पुनः उगाए जा सकें, तो इसकी चिकित्सा, बीमा, पुनर्वास और कानून से संबंधित समस्याएं भी उत्पन्न होंगी, लेकिन साथ ही यह उन लोगों के लिए आशा की किरण होगी जो दुर्घटनाओं, जन्मजात विकारों या युद्धों में अपने अंगों को खो चुके हैं।

इस शोध का तकनीकी पक्ष भी उतना ही प्रभावशाली है। वैज्ञानिकों ने RNA अनुक्रमण, CRISPR तकनीक, इन-विवो इमेजिंग और जनरल स्टेम सेल विश्लेषण का प्रयोग करके पूरे पुनर्जनन प्रक्रिया को सूक्ष्मतम स्तर पर समझा। उन्होंने एक्सोलोटल के शरीर में रासायनिक संकेतों की दिशा, समय और घनत्व का सटीक मानचित्र तैयार किया, जो किसी भी पुनर्जीवन चिकित्सा के लिए आधारभूत उपकरण बन सकता है। वर्तमान में वैज्ञानिक मानव त्वचा की मरम्मत, यकृत ऊतकों के पुनर्निर्माण और रीढ़ की हड्डी की मरम्मत जैसे प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन अंग-पुनर्जनन एक अलग ही स्तर की चिकित्सा क्रांति होगी। एक्सोलोटल की यह खोज इसमें नींव का पत्थर सिद्ध हो सकती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस खोज के प्रभाव केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं हैं। सेना, अंतरिक्ष विज्ञान, खेल जगत, औद्योगिक दुर्घटनाओं से पीड़ित व्यक्तियों, और यहां तक कि कृत्रिम अंग उद्योग पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। जब मनुष्य स्वयं अंग पुनः उत्पन्न करने में सक्षम हो जाएगा, तो कृत्रिम अंगों की आवश्यकता में कमी आ सकती है। साथ ही इस दिशा में अनैतिक प्रयोगों की आशंका भी बढ़ेगी, जिसके लिए नीति-निर्माताओं और वैज्ञानिक समुदाय को पहले से ही तैयारी करनी होगी। जून 2025 की यह खोज केवल एक अंग पुनर्जनन का रहस्य उजागर नहीं करती, बल्कि यह एक व्यापक क्रांति की शुरुआत है एक ऐसा समय, जब विज्ञान और प्रकृति के अद्भुत समन्वय से हम अपने शरीर की मरम्मत स्वयं कर सकने में सक्षम होंगे। यह उस विज्ञान की जीत है जो प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उन्हीं सिद्धांतों का उपयोग करके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करता है।

विज्ञान में यह खोज एक नए अध्याय की शुरुआत है मॉलिक्यूलर पॉजिशनल आइडेंटिटी का युग। जहां यह समझना संभव होगा कि कोशिकाएं कैसे अपने स्थान को जानती हैं, कैसे अंग की दिशा और रूपरेखा तय होती है और कैसे हम इन संकेतों को नियंत्रित करके शरीर में किसी भी प्रकार की जैविक मरम्मत कर सकते हैं।

यदि हम इस दिशा में शोध को आगे बढ़ाते हैं, तो संभवतः एक दिन हम न केवल अंग, बल्कि आंख, लीवर या यहां तक कि मस्तिष्क के कुछ हिस्सों को भी पुनः उत्पन्न करने में सफल होंगे। यह विज्ञान और चिकित्सा की सबसे बड़ी जीत होगी जब शरीर स्वयं को स्वयं ठीक कर सकेगा। एक्सोलोटल ने हमें वह झरोखा दिया है जिससे झांककर हम पुनर्योजन की दुनिया को देख सकते हैं। अब यह मनुष्य पर है कि वह उस झरोखे को दरवाजे में बदलता है या केवल प्रशंसा करके वहीं रुक जाता है।

# मानसून में भारत की इन जगहों पर घूमने न जाएं

**मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए, क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है।**

एक ओर जहां शहरों में लोग तपती गर्मी से परेशान हो रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ पहाड़ों पर बारिश और बादल फटने आदि की घटनाएं परेशानी का कारण बन गई हैं। मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए। क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। वहीं मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है।

**इन जगहों पर जाना सेफ नहीं**

इन दिनों कुल्लू घूमने जाना खतरनाक साबित हो सकता है। क्योंकि कुल्लू में बादल फटने के कारण पानी का रौद्र रूप देखने को मिला है। कुल्लू में बादल फटने के बाद बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं, जिसकी वजह से जान-माल को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में मानसून में कुल्लू घूमने जाना सेफ नहीं है।

**कांगड़ा**

कांगड़ा में भी बादल फटने की वजह से काफी नुकसान देखने को मिला है। पानी के तेज बहाव में कई गाड़ियां भी बह गईं। ऐसे में अगर आप भी कांगड़ा घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो सेफ्टी के लिहाज से आपको लो. केशन बदल लेनी चाहिए। आप मानसून में पहाड़ी इलाकों से दूर अन्य हिल स्टेशन पर घूमने के लिए जा



सकते हैं। क्योंकि मानसून में किसी भी पहाड़ी इलाके में यात्रा करना सुरक्षित नहीं है।

**मंडी**

कुल्ली में बादल फटने की खबर के बाद मंडी जिला प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि ब्यास नदी के किनारे से दूर रहें। क्योंकि पानी के बहाव और बारिश के कारण हादसा हो सकता है। ऐसे में यात्रियों को इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

**मणिकर्ण**

मानसून में मणिकर्ण साहिब दर्शन का प्लान बनाना भी काफी खतरनाक साबित हो सकता है। बीते दिनों ब्रह्मगंगा और गड़सा के गोमती नदी में बादल के फटने से पानी का स्तर अचानक से तेज हो गया। ऐसे में अगर आप मणिकर्ण जाने का प्लान बना रहे हैं, तो इस समय यहां जाना सुरक्षित नहीं है। वहीं अगर आप मणिकर्ण में हैं और ज्यादा बारिश हो रही है, तो प्रयास करें कि होटल में रहे।

# इस एक्ट को भी कोई नाम दीजिए जनाब



निर्मल रानी



याद कीजिए 31 मार्च, 2016 को राज्य में हो रहे चुनावी दंगल के बीच कोलकाता में विवेकानंद फ्लाईओवर गिरने की घटना और उसके बाद इस हादसे पर हुई जबरदस्त राजनैतिक बयानबाजी को। इस हादसे को लेकर बंगाल की ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने जबरदस्त हमला बोला था। उस हादसे में 25 लोग मारे गए थे। पुल निर्माता कम्पनी ने इस हादसे को दैवीय कृत्य बताकर हादसे के कारण पर पर्दा डालने की कोशिश की थी परन्तु उसी दौरान बंगाल में अपनी चुनावी सभाओं में इस हादसे को जोरदार चुनावी मुद्दा बनाते हुए तरह-तरह की बातें की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा था कि कोलकाता में हुआ फ्लाई ओवर हादसा दैविक संदेश है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ गॉड नहीं एक्ट ऑफ फ्रॉड है। प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था कि वामपंथ और दक्षिणपंथ को भूल जाइए, उनके बारे में चिंता कीजिए जो मर रहे हैं। कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए, लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि उनकी (ममता) बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ठेका पिछली वाम मोर्चा की सरकार के शासनकाल में दिया गया था। मैं दीदी से यह बात पूछना चाहता हूं कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन के वक्त उन्होंने क्या यह बात कही कि इसका ठेका वाम मोर्चे की सरकार ने दिया था? नहीं, आपने इसका श्रेय लिया। अब चूंकि यह गिर चुका है, इसलिए आप दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। यह आपकी पैसे और मौत की राजनीति का एक हिस्सा है। उसी समय मोदी ने बड़े गर्व से यह भी फरमाया था कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, वहां चौतरफा विकास हो रहा है। आपने बंगाल में वाम और तृणमूल को बहुत देखा और दोनों ने बंगाल को बर्बाद करने के लिए सब कुछ किया। भाजपा को एक मौका दीजिए और हम आपको दिखाएंगे कि विकास का मतलब क्या होता है परन्तु इत्तेफाक से मोदी के इस भाषण के बाद ही भाजपा शासित राज्यों के कथित विकास मॉडल की जो पोल खुलनी शुरू हुई वह परत दर परत खुलती ही जा रही है।

खासकर भाजपा शासित उस गुजरात राज्य की जिस के विकास मॉडल का नाम पर 2013 से लेकर देश को ठगा जा रहा था परन्तु एक के बाद एक कई बड़े हादसे होने के बाद अब गुजरात मॉडल का नाम लेना कम हो गया है। अन्य भाजपा शासित राज्यों की तो बात ही छोड़िए केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें अभी ताजातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई। गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गए। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की खबर है जबकि कई लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह व्यस्त पुल जर्जर होता जा रहा था जो सरकार की अनदेखी के कारण एक बड़े हादसे की नौबत तक आ पहुंचा। इसी मॉडल राज्य में 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी केबल ब्रिज हादसा हुआ था जबकि मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। 7 महीने के नवीनीकरण के बाद पर्यटकों हेतु यह पुल खोला गया था। इस सस्पेंशन ब्रिज टूटने के हादसे के समय पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जो इसकी क्षमता से ज्यादा थे। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी और 56 लोग घायल हुए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का निर्देश दिया था और मृतकों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। इसी तरह गुजरात में ही 24 सितंबर 2023 को सुरेंद्रनगर ब्रिज हादसा हुआ था, जबकि सुरेंद्रनगर, राष्ट्रीय राजमार्ग को चूड़ा से जोड़ने वाला 40 साल पुराना पुल टूट गया था। इस हादसे में एक ट्रक सहित कई वाहन नदी में गिर गए थे।

यह पुल भी जर्जर संरचना और भारी वाहनों के दबाव के चलते ध्वस्त हुआ था। इसी तरह बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए निर्माणाधीन एक पुल वासद, आणंद में टूट गया। 5 नवम्बर 2024 को हुए इस हादसे में 3 मजदूरों की मौत हुई थी। इस हादसे का कारण भी निर्माण में खामियों की संभावना बताई गए थी। इसी तरह 24 जनवरी 2020 को मेहसाणा में खारी नदी पर बना पुल टूट गया था तो 21 दिसम्बर 2021 को अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक भाग टूट गया। जबकि जून 2025 में बोटाद में पाटलिया नदी पर बना पुल बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। सवाल यह है कि मॉडल राज्य गुजरात में होने वाले ऐसे हादसे क्या भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं? निश्चित रूप से गुजरात में पुल टूटने की इस तरह की घटनाएं संरचनात्मक सुरक्षा और रख-रखाव की कमी को उजागर करती हैं। और बार-बार होने वाले ऐसे हादसों से जनता में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश या राजस्थान इन सभी भाजपा शासित राज्यों में कहीं निर्माणाधीन सड़कें बह रही हैं कहीं उद्घाटन से पूर्व कोई प्रोजेक्ट धराशाई हुआ जा रहा है। याद कीजिए महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के मालवन में स्थित राजकोट किले में केवल आठ माह पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज की जिस 35 फुट ऊंची मूर्ति का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों गया था वह प्रतिमा 26 अगस्त 24 को ताश के पत्तों की तरह ढह गई। उस समय चुनावी बेला में समय को भांपते हुए शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा ढहने के मामले पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी से माफी मांगने के लिए सार्वजनिक रूप से सामने आना पड़ा था। उस समय मोदी ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल हमारे लिए एक महान व्यक्ति हैं, बल्कि वह हमारे आदर्श हैं। मैं उस मूर्ति के चरणों में झुक रहा हूं और अब उनसे सिर झुकाकर माफी मांग रहा हूं। हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव हैं परन्तु भाजपा शासित राज्यों में हुए बड़े से बड़े हादसों पर और आम लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेना तो दूर न तो इनके लिए कभी मुआफी मांगी गई न ही खेद जताया गया। सवाल यह है कि जब कोलकाता का एक फ्लाई ओवर ढहना प्रधानमंत्री की नजरों में एक्ट ऑफ फ्रॉड था तो गुजरात व अन्य भाजपा शासित राज्यों में हो रहे रहे इस तरह के श्एक्टश को भी तो कोई नाम दीजिए जनाब?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नाटो की भारत पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी

## कहाः इंडियन पीएम हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा




■ तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें: रूट
■ रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी
■ रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है।

रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100 प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। वहीं, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और आप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है।

## अमेरिकी रक्षा विभाग ने 2000 नेशनल गार्ड को लॉस एंजिल्स छोड़ने का दिया आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रक्षा विभाग ने लॉस एंजिल्स में तैनात लगभग 4000 कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड में से करीब आधे यानी कि 2000 गार्ड को अपने मूल कमान में लौटने का आदेश दिया है। अमेरिका के रक्षा विभाग के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने एक बयान में रक्षा मंत्री पेटे हेगसेथ द्वारा नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती कम करने के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि 'हमारे सैनिकों के आह्वान पर आगे आने के लिए धन्यवाद, लॉस एंजिल्स में तनाव और अराजकता कम है। बयान में कहा कि संघीय सुरक्षा मिशन ने अपने तात्कालिक लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। बयान में यह नहीं बताया गया है कि नेशनल गार्ड के सदस्य कब तक वापस लौटेंगे। जबकि कुछ अधिकारियों ने कहा कि इकाइयां व्यवस्थित तरीके से फिर से तैनात होंगी। कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड ने पुष्टि की है कि उसने उन सैनिकों के लिए परिवहन की व्यवस्था करने के लिए कमांडरों से संपर्क करना शुरू कर दिया है।



सीरिया। स्वेदा शहर से वापस आकर दक्षिणी सीरिया के दारा राजमार्ग से गुजर रहे सीरियाई सरकारी बलों के लिए एक टैंक को ट्रक पर ले जाते हुए।

## अफगानिस्तान के हजारों नागरिक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन पहुंचे

**लंदन।** अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लोगों की व्यक्तिगत जानकारी लीक होने पर हज़ारों नागरिक एक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन आ गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद ब्रिटेन जाने के लिए आवेदन करने वाले लगभग 19,000 लोगों की व्यक्तिगत जानकारी फरवरी 2022 में लीक हो गई थी। तत्कालीन कंज़र्वेटिव सरकार को इसकी सूचना अगस्त 2023 में सोशल मीडिया से मिली। रिपोर्ट के अनुसार लीक हुई सूची में शामिल लोगों के लिए नौ महीने बाद एक नई पुनर्वास योजना शुरू की गई जिससे लगभग 19000 आवेदकों में से अब तक 4500 अफगानी ब्रिटेन पहुंच चुके हैं।

## अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ जांच की शुरू

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत व्यापार नीतियों की जाँच शुरू की है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने मंगलवार को यह घोषणा की। कार्यालय ने एक बयान में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देशन में शुरू की गई यह जांच अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियों पर ब्राज़ील के हमलों के साथ-साथ अन्य अनुचित व्यापारिक नीतियों की जांच करेगी जो अमेरिकी कंपनियों, श्रमिकों, किसानों और प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों को नुकसान पहुंचाती हैं। बयान में कहा गया है कि ग्रीर ने अन्य सरकारी एजेंसियों, स्वीकृत सलाहकारों और कांग्रेस के साथ परामर्श के बाद यह तय किया कि ब्राज़ील के टैरिफ और गैर-टैरिफ अवरोधों की गहन जांच और संभावित रूप से प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

## आतंकवाद-अलगाववाद से निपटने के लिए बना एससीओ

■ जयशंकर ने पहलगाम हमले की फिर निंदा की कहा: इसके दोषियों को सजा दी जानी चाहिए

**बीजिंग।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार, भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री 15 जुलाई को चीन के तियानजिन में आमने-सामने आए। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहलगाम हमले के निंदा की।

जयशंकर ने कहा कि यह हमला जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और धार्मिक विभाजन पैदा करने के लिए किया गया था। उन्होंने एससीओ से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की मांग की। उन्होंने कहा-एससीओ तीन बुराइयों से निपटने के लिए बना, वे हैं आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के बयान का भी जिक्र किया, जिसमें हमले में जिम्मेदार लोगों को सजा देने की बात कही गई थी। जयशंकर ने कहा: यह जरूरी है कि एससीओ आतंकवाद पर कोई समझौता न करे। भारत-पाकिस्तान विवाद के अलावा जयशंकर ने अफगानिस्तान का मुद्दा भी उठाया और एससीओ सदस्यों से विकास सहायता बढ़ाने का आग्रह किया, जिसके लिए भारत ने भी प्रतिबद्धता जताई। जयशंकर ने कहा-भारत ने एससीओ में स्टार्टअप और नवाचार से लेकर पारंपरिक चिकित्सा और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तक, कई क्षेत्रों में कई पहल की हैं। इससे पहले जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी।

## शांति सैनिकों पर हमलों की जवाबदेही बेहद जरूरी: भारत

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कहा है कि शांति सैनिकों पर हमलों के मामले में जवाबदेही का होना न केवल इंसाफ के लिए बल्कि दुनियाभर में इस संगठन के शांति अभियानों के लिए भी जरुरी है। हरीश ने यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को खतरनाक क्षेत्रों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई मामलों में उनके खिलाफ हुए अपराधों की कोई सजा नहीं मिलती। जवाबदेही की यह कमी अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रयासों को कमजोर बनाती है और इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। यह कार्यक्रम 'ग्रुप ऑफ फ्रेंडस' नाम के एक समूह ने आयोजित किया था।

# US को भारतीय मार्केट में मिलेगी पहुंच: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: ट्रेड डील पर बातचीत जारी, इंडोनेशिया पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया



■ इसके अलावा ट्रम्प ने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारतीय मार्केट में पहुंच हासिल करने के लिए एक समझौते पर काम कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की। इसके तहत इंडोनेशिया से आने वाले सामान पर अमेरिका 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने भारत को लेकर कहा: हमें इंडियन में मार्केट में पहुंच मिलने वाली है। पहले हमें इन देशों में कोई पहुंच नहीं थी।

हमारे लोग वहां व्यापार नहीं कर पाते थे। अब टैरिफ के जरिए हम पहुंच हासिल कर रहे हैं। ट्रम्प ने बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से बात करने के बाद एक व्यापार समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिकी इम्पोर्ट पर कोई टैरिफ नहीं लगाएगा, जबकि अमेरिका, इंडोनेशिया के निर्यात पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने यह बयान पेनसिल्वेनिया जाते वक्त दिया। इस दौरान व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट भी उनके साथ मौजूद थीं। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा: हमने इंडोनेशिया के साथ समझौता किया। मैंने उनके बहुत लोकप्रिय और मजबूत राष्ट्रपति से बात की। अब हमें इंडोनेशिया में पूरी पहुंच मिलेगी। हम कोई टैरिफ नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा: इंडोनेशिया हमें अपने बाजार में एक्सेस दे रहा है, जो पहले कभी नहीं थी। यह समझौते का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके बदले वे 19 प्रतिशत टैरिफ देंगे और हम कुछ नहीं देंगे। यह दोनों पक्षों के लिए अच्छा सौदा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इस समझौते को 'पक्का' बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिका से 15 अरब डॉलर की एनर्जी, 4.5 अरब डॉलर के कृषि प्रोडक्ट्स और 50 बोइंग जेट विमान खरीदेगा। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इंडोनेशिया के पास हाई क्वालिटी वाला कापर (तांबा) है, जो अमेरिका के लिए फायदेमंद होगा। हालांकि मंगलवार दोपहर तक इंडोनेशिया सरकार ने इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। पिछले साल इंडोनेशिया ने अमेरिका को 2 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था, जबकि चिली ने 60 करोड़ डॉलर और कनाडा ने 40 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था। ट्रम्प ने रूस पर यूक्रेन से जंग खत्म करने का दबाव डालने के लिए भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा था: मैं ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करता हूं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। ट्रम्प ने कहा था कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं किया, तो उस पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।

# अमेरिका की मोस्ट वांटेड लिस्ट में पाक में ईरानी राजदूत शामिल



■ अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई के रिटायर्ड अफसर के अपहरण का आरोप, 2007 से लापता

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने मंगलवार को ईरान के राजनयिक रेजा अमीरी मोगदम को अपनी मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया है।

मोगदम फिलहाल पाकिस्तान में ईरान के राजदूत हैं। मोगदम पर आरोप है कि उन्होंने 2007 में एक रिटायर्ड अमेरिकी एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन के अपहरण की योजना बनाने और उसे छिपाने में अहम भूमिका निभाई थी। लेविंसन 8 मार्च 2007 को ईरान के किश द्वीप पहुंचे थे और अगले ही दिन अचानक गायब हो गए थे। अब तक उनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। पूर्व एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन मार्च 2007 में ईरान के किश द्वीप के पास रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए थे। एफबीआई का मानना है कि मोगदम ने उस पूरे ऑपरेशन की निंगरानी की थी जिसमें राबर्ट लेविंसन का अपहरण हुआ था। बाद में उन्होंने इस पूरे मामले की सच्चाई छुपाने का भी काम किया था। रेजा मोगदम, जिन्हें अहमद अमीरिनिया के नाम से भी जाना जाता है, पहले ईरान के खुफिया मंत्रालय (एमओआईएस) में एक सीनियर अधिकारी थे। उनकी निंगरानी में ही यूरोप में ईरान के गुप्त एजेंट काम किया करते थे। एफबीआई ने कहा कि वे अभी भी पता लगा रहे हैं कि लेविंसन का अपहरण किन लोगों ने और कैसे किया। एफबीआई ने मंगलवार को मोगदम के अलावा 2 और सीनियर ईरानी खुफिया अधिकारियों के खिलाफ पोस्टर जारी किए।

# गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत

## खाना लेने के दौरान अब तक 870 फलस्तीनी मारे गए, इजरायली सेना पर नरसंहार का आरोप

**गाजा।** गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए, जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजरायली सेना और अमेरिका पर 'जानबूझकर' भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया। जीएचएफ ने भी अब तक 20 लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की है, लेकिन इसके लिए हमास से जुड़े लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। यूएन इन जीएचएफ सेंटर्स को मौत का जाल करार दे चुका है। मई के अंत से अब तक इन सेंटर्स पर या आसपास 870 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

जीएचएफ का कहना है कि इन सेंटर्स पर हमास की वजह से भगदड़ मची थी, जिससे लोग मारे गए। गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस (जीएमओ) ने पिछले महीने इजरायली आर्मी पर फलस्तीनियों को ड्रग्स देने का आरोप लगाया था। जीएमओ का कहना था कि गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने फलस्तीनी लोगों को जो आटे की बोरियां दी हैं, उनमें आक्सीकोडोन नाम की नशीली गोलियां मिली हैं। जीएचएफ को इजरायली सेना चलाती है और इसे अमेरिका से सपोर्ट मिलाता है। जीएमओ ने कहा था कि यह लोगों को नशे की लत लगाने की साजिश है। इजरायल नशीली दवाओं को हथियार के तौर में इस्तेमाल कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजरायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं।

पिछले 24 घंटों में 94 लोगों की मौत हुई है और 252 घायल हुए। 18 मार्च के बाद से अब तक 7750 लोग मारे गए हैं और 27566 घायल हुए हैं। गाजा में जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। गाजा के मीडिया कार्यालय ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है।



# रूस ने अमेरिकी अल्टीमेटम खारिज किया

■ उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है व बातचीत के लिए तैयार: सर्गेई

**मॉस्को/कीव।** रूस ने यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 50 दिनों के अल्टीमेटम को खारिज करते हुए अमेरिका की 'कड़े टैरिफ' लगाए जाने की धमकी को अस्वीकार्य करार दिया। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को ज़ोर देकर कहा कि उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है और बातचीत के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा यदि इसका उचित जवाब नहीं मिलता है और राजनयिक स्तर पर इससे कोई लक्ष्य हासिल नहीं होता है तो हमारा विशेष सैन्य अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि रूस अपनी बात पर अडिग है और हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) इसे गंभीरता से लेंगे। ट्रंप ने मंगलवार को उन आरोपों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि उन्होंने यूक्रेन को रूसी क्षेत्रों में घुसकर हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन्होंने कहा कि वह इस संघर्ष में किसी का पक्ष नहीं ले रहे हैं और उन्होंने यूक्रेन को केवल यह सलाह दी कि उसे लंबी दूरी के हथियारों से 'रूस को निशाना नहीं बनाना चाहिए'। गौरतलब है कि इस स्पष्टीकरण से ठीक एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि अमेरिका नाटो के ज़रिए यूक्रेन को हथियार भेजेगा और 50 दिनों में युद्धविराम समझौता न होने पर रूस पर 'कड़े टैरिफ' भी लगाएगा।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)